श्री शिव नारायण पाण्डेय (62 वर्ष) (डीआईएल-09413672) का जन्म वर्ष 1962 में छत्तीसगढ़ राज्य के जगदलपुर में हुआ था। विज्ञान में स्नातक की अपनी उपाधि की प्राप्ति के उपरांत, उन्होंने एलएलबी किया और एक व्यावसायिक अधिवक्ता भी हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएँ दीं तथा सरकारी कॉलेज (विधि संकाय) में अवैतनिक प्राध्यापक भी हैं। उन्हें भारतीय विधिज्ञ परिषद् द्वारा अनुशासन समिति में नामित किया गया था। वे विधि, वित्त, प्रबंधन, विक्रय, विपणन, प्रशासन, अनुसंधान, निगमित सुशासन, तकनीकी संचालन एवं अन्य संबद्ध क्षेत्रों में व्यापक अनुभव पर अधिकार रखते हैं। वर्तमान में, वे 1 नवम्बर, 2021 से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं।

श्री शिव तपस्या पासवान (55 वर्ष) (डीआईएन- 09414240) का जन्म वर्ष 1969 में उत्तर प्रदेश राज्य के चंदौली में हुआ था। विद्यापीठ से राजनीतिक विज्ञान में अपने कला स्नातक की उपाधि प्राप्त करने के उपरांत उन्होंने समाज के दुर्बल एवं अधिकारहीन वर्गो के उत्थान के लिए नानाविध सामाजिक सेवाओं में स्वयं को संलिप्त कर लिया। वर्तमान में वे 1 नवम्बर, 2021 से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

पूर्व बोर्ड सदस्य

श्री अनिमेष भारती (56 वर्ष) (डीआईएन-07260983), कोयला मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में दिनांक 17.03.2020 से भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक हैं। वे दिनांक 15.07.2015 से 17.03.2020 तक वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में भारत सरकार के नामित निदेशक भी थे। वर्ष 1993 में श्री भारती भारतीय ने आर्थिक सेवा में पद ग्रहण किया। उन्होंने केन्द्रीय सरकार के भिन्न-भिन्न मंत्रालयों और विभागों जैसे औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग, वाणिज्य मंत्रालय, गृह मंत्रालय, श्रम मंत्रालय, लघु और मध्यम उद्योग, आवासन और गरीबी उपशमन मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय भवन संगठन में वरिष्ठ प्रबंधकीय पदों पर कार्य किया।.

श्री अनिल कुमार गणेरिवाला (65) (डीआईएन-06372875) का जन्म वर्ष 1957 में हरियाणा के सिरसा में हुआ था। विज्ञान स्नातक की उपाधि प्राप्त करने के उपरांत, उन्होंने वनस्पति विज्ञान और वानिकी में निष्णात किया और उसके बाद उन्होंने लोक प्रशासन में दर्शन निष्णात भी किया। वह वर्ष 1986 में भारतीय वन सेवा (आईएफएस) में पद ग्रहण किया और 31 वर्षों की सुभेद सेवा के उपरांत वर्ष 2017 में सिक्किम सरकार के संस्कृति विभाग के प्रधान सचिव के रूप में अधिवर्षिता प्राप्त किया। उन्होंने भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों जैसे ग्रामीण विकास, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन और आयुष के अधीन उप सलाहकार, उप सचिव, निदेशक और संयुक्त सचिव के रूप में भी कार्य किया। उन्हें प्रशासन और सतर्कता मामलों का व्यापक अनुभव है। उन्होंने 2006 से 2008 तक नई दिल्ली में सिक्किम सरकार के स्थानिक आयुक्त के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने 2008 से 2012 तक सिक्किम सरकार के ग्रामीण विकास विभाग में सचिव के रूप में भी कार्य किया। इस अवधि के दौरान उन्होंने सड़कों, आवासन, जल आपूर्ति, स्वच्छता और गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों और योजनाओं जैसे नानाविध वृहद स्तरीय अवसंरचनात्मक परियोजनाओं का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया। उन्हें वर्ष 2012 में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था और 2017 तक मंत्रालय में अपनी सेवाएँ दीं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने भारत और विदेशों में भारतीय चिकित्सा की पारंपरिक पद्धतियों के संवर्धन और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस समय के दौरान, उन्होंने इंडियन मेडिसिन फार्मास्युटिकल कार्पोरेशन लिमिटेड (आईएमपीसीएल) के बोर्ड में भी अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। वर्तमान में वे 10 जुलाई, 2019 से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

श्री जयप्रकाश गुप्ता (60 वर्ष) (डीआईएन- 08174002) ने दिनांक 18.06.2018 को ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना का कार्यभार ग्रहण किया। श्री गुप्ता, एक 1983 स्नातक, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू/ आईआईटी) से खनन इंजीनियरिंग में प्रौद्योगिकी स्नातक एक जूनियर कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने एसईसीएल में विभिन्न पदों पर लगभग 23 वर्षों तक अपनी सेवा दीं और फिर वर्ष 2006 में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) में मुख्य प्रबंधक (खनन) के रूप में स्थानांतरित हुए। उन्होंने बीसीसीएल के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में परियोजना अधिकारी और महाप्रबंधक के रूप में 12 वर्षों तक अपनी सेवा दीं। वर्ष 1998 में उन्हें मोटे संस्तर खदान में केबिल बोल्ट आलंब पद्धति को विकसित करने के लिए वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस विकास के लिए उन्हें एसईसीएल में भी सम्मानित किया गया था। परियोजना अधिकारी के रूप में उन्होंने एसईसीएल के चिरीमिरी क्षेत्र के एनसीपीएच कोलियरी के आर-वी अक्षत संस्तर

वाले भूमिगत खदान से 01 मि.टन से अधिक तक खान उत्पादन क्षमता में संवृद्धि करते हुए अनुसूचित समय में सभी मुख्य विकासशील गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के निहितार्थ सतत खनित्र का असरदार तरीके से इस्तेमाल किया था। बीसीसीएल के सिजुआ क्षेत्र के परियोजना के तेतुलमारी में पारिस्थिकी पुनरूद्धार के निमित्त वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के तकनीकी दिशानिर्देशों के अधीन लिए गए प्रथम प्रवर्तक परियोजना का नेतृत्व श्री गुप्ता द्वारा किया गया था। वर्ष 2014 में इस परियोजना ने कोल इण्डिया स्थापना दिवस के अवसर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ था। श्री गुप्ता को निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) गतिविधियों में उत्कट अभिरूचि रही है। उनके नेतृत्व और झारखंड सरकार के तकनीकी सहयोग से गरड़िया, माहुलीडीह ग्राम की 50 से अधिक महिलाओं ने हथकरघा बुनाई और कपड़ा विनिर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसे झारखंड सरकार की एक फर्म झारक्राप्ट द्वारा विशिष्ट पारिश्रमिक प्रदान कर परिगृहीत किया गया है।

श्री हर कुमार हाजोंग (59 वर्ष) (डीआईएन-09694697) 1995 बैच के भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) अधिकारी हैं। वर्तमान में वह कोयला मंत्रालय, भारत सरकार में आर्थिक सलाहकार हैं।

उन्होंने 1983 में तुरा गवर्नमेंट कॉलेज, तुरा से अर्थशास्त्र में स्नातक और वर्ष 1985 में नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, शिलांग, मेघालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर पूरा किया। उन्होंने 2009 में आईआईएमबी और सिरैक्यूज़ विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से पेश सार्वजनिक नीति और प्रबंधन पर स्नातकोत्तर कार्यक्रम भी किया। उन्हें योजना आयोग और विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित पूर्वोत्तर ग्रामीण आजीविका परियोजना सहित विभिन्न सरकारी संगठनों में काम करने का व्यापक अनुभव है। वह 05.07.2022 से अंशकालिक पदीय निदेशक के रूप में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मण्डल में शामिल हुए हैं।

मुख्य सतर्कता अधिकारी

श्री मुकेश कुमार मिश्रा, आईआरएसएसई (2000 परीक्षा वर्ष) ने 16 अगस्त, 2019 को ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में मुख्य सतर्कता अधिकारी पदभार ग्रहण किया है।

वे इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार अभियांत्रिकी में स्नातक हैं। उन्हें भारत सरकार द्वारा जिआवतॉङ्ग यूनिवर्सिटी, चेंगदु, चीन में द्रुत प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण करने लिए प्रायोजित किया गया था।

सिगनल इंजीनियर के भारतीय रेलवे सेवा का पदभार ग्रहण के पश्चात, श्री मिश्रा रेलवे आस्तियों के अनुरक्षण एवं वृहद परियोजनाओं के निर्माण में नानाविध क्षमताओं पर सेवा प्रदान किया। रेलवे में पदभार ग्रहण के पूर्व, श्री मिश्रा दो वर्ष से अधिक भेल में कार्य किया।

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में पदभार ग्रहण करने के पूर्व, वे उप मुख्य सिगनल एवं टेलिकॉम अभियंता / मुख्यालय की क्षमता में कार्य कर रहे थे।

कंपनी सचिव

श्री रामबाबू पाठक (एसीएस-55637), 02.07.20218 से ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कंपनी सचिव है।

उन्होंने वर्ष 2008 में संत जेवियर कॉलेज, कोलकाता विश्वविद्यालय से अपना वाणिज्य स्नातक (प्रवीण) पूरा किया। वे भारतीय लागत लेखापाल संस्थान (आईसीएआई) के सह-सदस्य एवं भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के भी सह-सदस्य हैं। श्री पाठक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (आईएमटी), गाजियाबाद से मानव संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएचआरएम) प्राप्त किया है। उन्होंने भारतीय प्रबंध संस्थान, लखनऊ से जेनेरल मैनेजमेंट प्रोग्राम (जीएमपी) भी पूर्ण किया है। श्री पाठक अप्रैल, 2016 में इंस्टीट्यूट ऑफ डॉयरेक्टर्स द्वारा आयोजित दुबई ग्लोबल कॉन्वेंशन 2016 – कारबार उत्कृष्टता एवं नवाचार के लिए नेतृत्व में सीआईएल के प्रतिनिधि मंडल में थे। उन्होंने सितंबर, 2022 में आईआईएम, नागपुर में ईएसजी पर एक सर्टिफिकेट कोर्स में भी भाग लिया है। सीआईएल स्थापना दिवस - 1 नवंबर, 2021 के अवसर पर उन्हें श्री प्रमोद अग्रवाल, आईएएस, सीआईएल द्वारा ईसीएल के सर्वश्रेष्ठ एचओडी से सम्मानित किया गया।

उन्होंने वर्ष 2010 में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में यथा प्रबंधन प्रशिक्षु (वित्त) पदभार ग्रहण किया। तबसे उन्होंने कंपनी सचिवालय में पदास्थापित है और वर्तमान में यथा प्रबंधक (वित्त)/कंपनी सचिव कार्य कर रहे हैं।

श्री पाठक आईसीएआई एवं आईसीएसआई जैसे पेशेवर निकायों से निकटता से जुड़े हुए हैं। वर्तमान में वे भारतीय लागत लेखापाल संस्थान, आसनसोल चैप्टर के मानद सचिव हैं। वे ईसीएल के एचआरडी, आईसीएआई एवं आईसीएसआई के नियमित संकाय-सदस्य भी हैं।

निदेशक मण्डल का प्रतिवेदन

प्रिय सदस्यगण,

निदेशक मण्डल की ओर से, यह मुझे लेखापरीक्षकों के प्रतिवेदन और भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षकों के टीका-टिप्पणियों के साथ-साथ, 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणियों के साथ-साथ कंपनी के कारबार परिचालनों पर 48 वीं वार्षिक प्रतिवेदन को प्रस्ततु करने में हर्ष प्रदान करता है।

1.0 वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान परिचालनों के मुख्य-मुख्य बातें

i) गत वर्षों में लगातार नुकसान के बाद संचालन से लाभ अर्जित किया।

ii) कम-से-कम संभव समय के भीतर कोयला उत्पादन शुरू करने के लिए हुर्रा-सी ओसीपी (3 मि.टन प्रति वर्ष) में एमडीओ मोड ऑपरेशन की अवधारणा।

iii) राजमहल क्षेत्र के तालझारी मौजा में भूमि पर दखल दियानी संबंधित मामलों का समाधान और कोयला उत्पादन शुरू करना।

iv) भूमिगत खानों से उत्पादन बढ़ाने के लिए परासिया-बेलबाद (2.07 मि.टन प्रति वर्ष) और तिलाबोनी (1.86 मि.टन प्रति वर्ष) के लिए एमडीओ की अवधारणा और संलग्न करना।

v) राजस्व साझाकरण मोड के तहत कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए अनिरंतरित चार खानों नामतः गोपीनाथपुर, मोइरा, मधुजोर और चिनाकुड़ी-I का मुद्रीकरण।

vi) सोनपुर बाजारी परियोजना में 12 एमटीवाई की अधिकतम दर्ज क्षमता हासिल की गई।

vii) सोनपुर बाजारी परियोजना में 12 एमटीवाई क्षमता के आरएलएस/साइलो को चालू किया गया।

viii) बांकोला क्षेत्र की कुमारडीह-बी भूमिगत खदान में दो सतत खनित्रों के साथ बड़े पैमाने पर उत्पादन में वृद्धि।

ix) झांझरा खान में पूँजोत्पाद संवर्धन के लिए 2 कम ऊंचाई वाले सतत खनित्र (एलएचसीएम) पैकेज और 2 मानक ऊंचाई वाले सतत खनित्र (एसएचसीएम) पैकेज से अधिनिर्णित किया गया।

x) 1 मार्च, 2023 को डीपीई, भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 के लिए निगमित सुशासन में "उत्कृष्ट" का दर्जा दिया गया।

2.0 संगठन

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल), कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कोयला खान प्राधिकरण लिमिटेड (सीएमएएल) की पूर्वी प्रभाग के साथ निहित 414 खानों के अधिग्रहण द्वारा दिनांक 01 नवंबर, 1975 को निगमित किया गया था और इस तिथि से कंपनी अपनी वाणिज्यिकीय परिचालन आरंभ किया था। यह पश्चिम बंगाल एवं झारखण्ड राज्य में परिचालित होती है। यहाँ 80 खननशील खदानें जिसमें 48 भूमिगत खदानें, 23 खुली खदानें और 9 मिश्रित खदानों के साथ 13 परिचालन क्षेत्र हैं। 01.04.2022 को यथा, ईसीएल के कमान क्षेत्र में 55.147 बि.टन (पश्चिम बंगाल राज्य में 33.856 बि.टन एवं झारखण्ड राज्य में 21.291 बि.टन) कोयला निचय है।.

माननीय कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी द्वारा ईसीएल के सोनपुर बाजारी क्षेत्र में सीएचपी का उद्घाटन

नई दिल्ली में ईसीएल पवेलियन का निरीक्षण केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री, भारत सरकार श्री प्रल्हाद जोशी द्वारा किया जा रहा है।

3.0 पूँजीगत संरचना

(₹ करोड़ में)

विशिष्टियाँ	2022-23	2021-22
क. शेयर पूँजी :		
i) प्राधिकृत शेयर पूँजी (प्रत्येक ₹1000 का 4,60,00,000 साम्या शेयर)	4600.00	4600.00
ii) चुकता साम्या शेयर पूँजी (प्रत्येक ₹1000 का 4,26,94,200 शेयर)	4269.42	4269.42
ख. ऋण निधियाँ :		
i. एक्पोर्ट डेवेलपमेंट कॉरपोरेशन, कनाडा	163.73	158.22

4.0 उत्पादन निष्पादन :

विशिष्टियाँ	ईकाई	2022-23			2021-22	विगत वर्ष की तुलना में वृद्धि	
		लक्ष्य	वास्तविक	कार्य सिद्धि	वास्तविक	आत्यंतिक	%
उत्पादन :							
(i) कच्चा कोयला- भूमिगत		9.350	8.968	95.916	8.996	-0.028	-0.309
- खुली खदान		40.650	26.050	64.084	23.432	2.618	11.173
- भूमिगत खदान	मि.टन	50.000	35.018	70.037	32.428	2.590	7.988
कुल		0.020	0.007	34.420	0.014	-0.007	-50
ii) कोककर कोयला		49.980	35.011	70.051	32.414	2.597	8.013
iii) अकोककर							
उपरि संस्तर हटाव	मि. घनमीटर	150.00	132.985	88.657	118.989	13.996	11.763
उत्पादकता (ओ.एम.एस.)							
- भूमिगत		0.900	0.888	98.689	0.863	0.025	2.920
- खुली खदान	टन	16.670	11.420	68.504	10.310	1.110	10.762
- समग्र		3.920	2.829	72.170	2.555	0.274	10.726

4.1 प्रणाली सामर्थ्य उपयोगिता सिद्धि :

(प्रतिशत में आँकड़े)

विशिष्टियाँ	2022-23			2021-22
	लक्ष्य	वास्तविक	कार्य सिद्धि (%)	वास्तविक
भूमिगत	112.96	96.70	85.61	93.63
खुली खदान (विभागीय) उत्खनन	74.15	62.33	84.06	77.34
खुली खदान (अवक्रय) उत्खनन	125.10	80.64	64.46	65.20
खुली खदान (विभागीय + अवक्रय) उत्खनन	112.65	76.17	67.62	68.43
कुल [भूमिगत + खुली खदान (विभागीय)]	78.43	66.07	84.25	79.39
समग्र (भूमिगत + खुली खदान) (अवक्रय + विभागीय)	112.66	76.76	68.14	69.20

4.2 कोयला भण्डार

31.03.2023 को यथा 2.147 मि.टन कच्चा कोयले का लेखाबंदी स्टॉक था (31.03.2022 को यथा 2.635 मि.टन)।

5.0 वित्तीय निष्पादन

5.1 वित्तीय परिणाम

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए सकल बिक्री कारोबार पिछले वर्ष के 14453.65 करोड़ रुपये की तुलना में 19351.00 करोड़ रुपये था, जिसके परिणामस्वरूप पिछले वर्ष की तुलना में 33.88% की सकारात्मक वृद्धि हुई। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, कंपनी ने पिछले वर्ष के घाटे यानी (-) ₹1502.79 करोड़ की कर-पूर्व कुल व्यापक आय और (-) ₹1126.08 करोड़ की कर-पश्चात कुल व्यापक आय की तुलना में ₹945.95 करोड़ की कर-पूर्व कुल व्यापक आय और ₹730.16 करोड़ की कर-पश्चात कुल व्यापक आय अर्जित की। विवरण निम्नानुसार थे:

(₹ करोड़ में)

विशिष्टियाँ	2022-23	2021-22
सभी व्ययों की प्रभारित करने के पश्चात लेकिन पीआरपी/अधिशासी अधिवर्षिता प्रसुविधा, बीमांकिक, वित्त लागत, मूल्यह्रास, क्षति और विपट्टन गतिविधि समायोजन के पूर्व लाभ(+)/हानि(-)	1885.75	-675.14
न्यून : पीआरपी / अधिशासी अधिवर्षिता प्रसुविधा का प्रभाव	201.65	108.01
न्यून : बीमांकिक प्रावधान	-89.61	179.85
न्यून : वित्त लागत	64.85	163.66
न्यून : मूल्यह्रास/परिशोधन/क्षति	609.27	529.70
न्यून : विपट्टन गतिविधि समायोजन	153.64	-153.57
कर-पूर्व वर्ष के लिए कुल व्यापक आय	945.95	-1502.79
नकदी लाभ	3530.24	-498.75
करोपरांत कुल व्यापक आय	**730.16**	**-1126.08**

ईसीएल को कोयला मंत्री के सर्वश्रेष्ठ ईआरपी कार्यान्वयन पुरस्कार से सम्मानित किया गया

5.2. लाभ (हानि) में वृद्धि/कमी में योगदान करने वाले कारक

विशिष्टियाँ	2022-23	2021-22
31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए कर-पूर्व लाभ/(हानि)		**(1,437.37)**
अ. आय में कुल वृद्धि		
विक्रय (निवल)	4,467.84	
अन्य परिचालनात्मक राजस्व (निवल)	35.89	
अन्य आय	338.20	4,841.93
आ. व्यय में कुल कमी		
स्टॉक में अभिवृद्धि / अनभिवृद्धि	267.13	
विद्युत शक्ति व्यय	9.48	
निगमित सामाजिक दायित्व व्यय	6.94	
मरम्मति	16.09	
वित्त लागत	98.81	
प्रावधान	8.06	406.51
इ. लाभ में कुल वृद्धि		**5,248.44**
ई. न्यून : व्यय में वृद्धि		
उपभुक्त सामग्री लागत	304.88	
कर्मी प्रसुविधा व्यय	1,943.58	
संविदात्मक व्यय	355.70	
मूल्यह्रास/परिशोधन/क्षति	79.57	
अन्य व्यय	26.18	
विपट्टन गतिविधि समायोजन	307.21	3,017.12
उ. लाभ में निवल परिवर्तन		**2,231.32**
31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए कर-पूर्व लाभ/(हानि)		**793.95**

5.3. पूँजीगत व्यय

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कुल पूंजीगत व्यय ₹1122.64 करोड़ (वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान ₹1227.99 करोड़) था।

श्री प्रल्हाद जोशी केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री, भारत सरकार द्वारा समीक्षा बैठक

5.4 विविध देनदार

31 मार्च, 2022 की तुलना में 31 मार्च, 2023 को यथा विविध देनदारों (सकल), देनदार कारोबार और संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान की स्थिति निम्नानुसार है:

विशिष्टियाँ	इकाई	31.03.2023	31.03.2022
विविध देनदार (सकल)	₹ करोड़ में	1,930.34	2,867.59
देनदार आवर्त	माह की संख्या	1.26	2.88
संदिग्ध कर्ज के लिए प्रावधान	₹ करोड़ में	365.84	363.39
विविध देनदार (निवल)	₹ करोड़ में	1,564.50	2,504.20

5.5 विदेशी ऋण की चुकौती

(₹ करोड़ में)

विशिष्टियाँ	2022-23	2021–22
सीआईएल के जरिए विदेशी ऋण की चुकौती	7.61	7.06

5.8 सरकारी राजकोष में अंशदान

(₹ करोड़ में)

विशिष्टियाँ	2022-23				2021-22			
	पश्चिम बंगाल	झारखण्ड	केंद्रीय	कुल	पश्चिम बंगाल	झारखण्ड	केंद्रीय	कुल
i) पश्चिम बंगाल से संबंधित जीएसटी								
अ. आईजीएसटी	-	-	180.41	180.41	-	-	137.44	137.44
आ. सीजीएसटी	-	-	28.13	28.13	-	-	13.82	13.82
इ. एसजीएसटी	28.13	-	-	28.13	13.82	-	-	13.82
ई. मुआवजा उपकर	-	-	1,082.01	1,082.01	-	-	956.17	956.17
ii) झारखण्ड राज्य संबंधी								
अ. आईजीएसटी	-	-	0.35	0.35	-	-	0.31	0.31
आ. सीजीएसटी	-	-	36.04	36.04	-	-	48.58	48.58
इ. एसजीएसटी	-	36.04	-	36.04	-	48.58	-	48.58
ई. मुआवजा उपकर	-	-	325.06	325.06	-	-	499.05	499.05
iii) कोयले की रॉयल्टी, एनएमईटी, डीएमएफ	21.51	395.67	-	417.18	19.83	271.54	-	291.37
iv) आ.ई एवं पी.ई उपकर	1,709.64	-	-	1,709.64	1,902.37	-	-	1,902.37
v) एएमबीएच उपकर	3.03	-	-	3.03	2.74	-	-	2.74
vi) पीडब्ल्यू एवं सड़क उपकर	2.61	-	-	2.61	2.77	-	-	2.77
vii) बिक्री कर (वैट/सीएसटी)	-	0.10	-	0.10	-	0.19	-	0.19
viii) भूगर्त भरण उत्पाद शुल्क	-	-	-	-	-	-	-	-
ix) स्वच्छ ऊर्जा उपकर	-	-	-	-	-	-	3.82	3.82
x) कोयले पर उत्पाद शुल्क	-	-	-	-	-	-	-	-
xi) प्रविष्टि कर	-	-	-	-	-	-	-	-
xii) प्रबंधन फीस	-	0.83	-	0.83	-	1.31	-	1.31

विशिष्टियाँ	2022-23				2021-22			
	पश्चिम बंगाल	झारखण्ड	केंद्रीय	कुल	पश्चिम बंगाल	झारखण्ड	केंद्रीय	कुल
xiii) बाजार फीस	-	5.41	-	5.41	-	4.89	-	4.89
xiv) कोविड उपकर	-	8.25	-	8.25	-	13.55	-	13.55
xv) मार्गस्थ अनुमति फीस	-	-	-	-	-	-	-	-
कुल	**1,764.92**	**446.30**	**1,652.00**	**3,863.22**	**1,941.53**	**340.06**	**1,659.19**	**3,940.78**

6.0 कोयला विपणन :

6.1 कुल उठाव की तुलना में माँग :

वर्ष 2022-23 में कोयले का वास्तविक उठान 50.00 मि.टन की माँग के विरूद्ध 35.51 मि.टन अर्थात् 71% माँग तुष्टि था। वर्ष 2021-22 की तुलना में वर्ष 2022-23 के दौरान सेक्टर-वार माँग एवं उठान यथा अनुसरित है :

(आंकड़े मिलियन टन में)

सेक्टर	वर्ष 2022-23 में उठाव			वर्ष 2021-22 में उठाव		
	माँग / लक्ष्य	वास्तविक	% तुष्टि	माँग / लक्ष्य	वास्तविक	% तुष्टि
विद्युत शक्ति	30.000	28.150	94	41.020	29.970	73
सिमेंट	0.470	0.430	92	0.110	0.120	109
सीपीपी (ओआरएस)	0.250	0.210	84	0.500	0.190	38
सीपीपी (इस्पात)	0.490	0.380	78	0.490	0.360	74
इस्पात (मिश्रण योग्य)	-	-	-	-	-	-
स्पॉन्ज आयरन	0.220	0.210	96	0.460	0.340	74
निर्यात	-	0.020	-	-	-	-
लोको	-	0.002	-	-	0.001	-
प्रतिरक्षा	-	-	-	-	-	-
कोलियरी सन्निर्माण	0.180	0.170	95	0.180	0.180	100
अन्य	18.400	5.930	32	13.740	4.940	36
कुल	**50.000**	**35.510**	**71**	**56.500**	**36.100**	**64**

श्री नीलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) पीएंडपी और श्री नीलाद्रि रॉय, निदेशक (तकनीकी) ओपी द्वारा खदान का दौरा। ईसीएल के सतग्राम-श्रीपुर क्षेत्र के निमचा कोलियरी में

6.2 माल-डिब्बों का प्रतिदिन औसतन भारण :

पूर्व वर्ष की तुलना में वर्ष 2022-23 के लिए कार्यक्षेत्रवार माल-डिब्बों में औसतन भारण यथा अनुसरित है :

(बाक्स प्रति दिन में आँकड़े)

कार्यक्षेत्र	माल-डिब्बों का भारण			
	2022-23		2021-22	
	लक्ष्य	वास्तविक	लक्ष्य	वास्तविक
रानीगंज	1018	931	1079	834
मुगमा/सलानपुर	289	199	335	205
आद्रा	10	09	17	14
पीरपैंती	-	-	-	-
राजमहल (वार्फ वाल)	132	40	256	57
कुल	**1449**	**1179**	**1687**	**1110**

6.3 रीतिवार प्रेषण :

(मिलियन टन में आकड़े)

प्रेषण की रीति	2022-23	2021-22
रेल	26.88	25.73
सड़क	3.73	3.31
मेरी-गो-राउंड (एमजीआर)	4.73	6.88
कुल	**35.34**	**35.92**

6.4 यथा 31.03.2023 को कोयले का लेखाबंदी स्टॉक यथा अनुसरित है :

(लाख टन में आंकड़े)

कार्यक्षेत्र	यथा 31.03.2023 को
रानीगंज	8.21
मुगमा/सलानपुर	6.26
संथाल परगना माइन्स	1.56
राजमहल	5.44
कुल	**21.47**

ईसीएल के सोनपुर बाजारी क्षेत्र में सीएचपी और साइलो

6.5 हाजिर व अनन्य ई-निलामी तथा विशेष वायदा ई-निलामी :

रीति	2022-23			2021-22		
	प्रेषण क्षमता (लाख टन में)	अधिसूचित दर में वृद्धि (₹ करोड़ में)	प्रतिशत वृद्धि	प्रेषण क्षमता (लाख टन में)	अधिसूचित दर में वृद्धि (₹ करोड़ में)	प्रतिशत वृद्धि
हाजिर एवं अनन्य ई-निलामी						
रेल	28.29	2452.35	267.64	25.910	494.06	60.50
सड़क	33.17	2303.08	220.02	20.560	793.09	122.80
कुल	**61.46**	**4755.43**	**242.25**	**46.470**	**1287.15**	**88.00**
विशेष वायदा ई-निलामी (विद्युत शक्ति)						
रेल	-	-	-	0.080	0.38	25.00
सड़क	1.86	1.90	6.93	5.970	16.78	18.40
कुल	**1.86**	**1.90**	**6.93**	**6.050**	**17.16**	**18.51**
समग्र कुल	**63.32**	**4757.33**	**239.00**	**52.520**	**1304.31**	**83.86**

7.0 योजना :

7.1 परिचालनों का कमान क्षेत्र:

यहाँ 80 खननीय खदानों जिसमें 48 भूमिगत खदान, 23 खुली खदान और 9 मिश्रित खदान के साथ 13 परिचालन क्षेत्र हैं।.

7.2 आधुनिकीकरण और विशाखीकरण :

भूमिगत खदानों में आधुनिकीकरण एवं मशीनीकरण के स्तर में संवर्धन के क्रम में, 2022-23 तक 53 खदानों में तत्काल तकनीकी एलएचडी/एसडीएल प्रवर्तन किया गया था। 31.03.2023 तक, भिन्न-भिन्न भूमिगत खदानों में 209 एसडीएल, 36 एलएचडी एवं 137 यूडीएम रजिस्टर (आरंभिक सर्वे-ऑफ उपस्कर सहित) में दर्ज थे। वर्ष 2022-23 के दौरान, एसडीएलों से 3.285 मि.टन, एलएचडीयों से 0.796 मि.टन एवं 2 कटाई लदाई मशीन (दीर्घ भित्ति पैकेज का अंश) से 0.053 मि.टन उत्पादन प्राप्ति हुई।

ईसीएल के सतग्राम-श्रीपुर क्षेत्र के निमचा कोलियरी में लंबी दीवार का खनन

"शटल कार (9 सेट) के साथ सतत खनित्र अभिनियोजन द्वारा "पुँजोत्पादन प्रौद्योगिकी" अभिनियोजित की गई है और सफलतापूर्वक परिचालित हो रही है। 5 मानक ऊँचाई वाले सतत खनित्र एवं 4 निम्न ऊँचाई वाले सतत खनित्र से वर्ष 2022-23 के दौरान उत्पादन प्राप्ति 4.144 मि. टन था। झांझरा में, अगस्त, 2016 से दीर्घ भित्ति तकनीक सफलतापूर्वक परिचालित हो रही है और वर्ष 2022-23 के दौरान उत्पादन 0.691 मि.टन (कटाई लदाई मशीन रहित) था। वर्ष 2022-23 के दौरान समग्र भूमिगत कोयला उत्पादन 8.968 मि.टन है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त व्यावसायिक अवसरों के गवेषिति के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए थे :

अ. **कोयला संस्तरीय मिथेन (सीबीएम) :** सतग्राम, कुनुस्तोड़िया एवं श्रीपुर क्षेत्र के पट्टे वाले क्षेत्र के लिए दिनांक 22.09.2018 को खान विकास व परिचालन (एमडीओ) संकल्पना के अधीन परियोजना साध्यता प्रतिवेदन (पीएफआर) विनिर्मित किया गया है और प्रशासनिक रूप से ईसीएल के निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित किया गया है। सीएमपीडीआईएल ने दिनांक 08.05.2020 को कोयला संस्तर मिथेन (सीबीएम) के लिए कार्य यथा परियोजना कार्यान्वयन अभिकरण (पीआईए) अधिनिर्णित किया गया था। कोल बेड मीथेन डेवलपर (सीबीएमडी) के चयन के लिए सीएमपीडीआईएल द्वारा 15.05.2020 को एनआईटी को ई-प्रकाशित किया गया था, लेकिन बोलीदाताओं से प्रतिक्रिया की कमी के कारण यह असफल रहा। इसके बाद, एनआईटी को सीएमपीडीआईएल द्वारा 30.10.2020 को दूसरी बार ई-प्रकाशित किया गया था, लेकिन बोलीदाताओं से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। फिर से, एनआईटी को 09.06.2021 को तीसरी बार ई-प्रकाशित किया गया था और बोलीदाताओं से प्रतिक्रिया के बिना समाप्त हो गया।

आ. **सतही कोयला गैसीकरण (एससीजी) :** कोयला से मेथनॉल परियोजना की स्थापना के लिए परियोजना साध्यता प्रतिवेदन (पीएफआर) को बोर्ड द्वारा 03.08.2021 को अनुमोदित किया गया था और पीडीआईएल को 14.09.2021 को जारी एलओए के माध्यम से तकनीकी सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है। एनआईटी को 31 जनवरी, 2022 को जारी किया गया था, लेकिन बोलीदाताओं से प्रतिक्रिया के बिना समाप्त हो गया। अब इस मामले को कोल इंडिया द्वारा आईओसी और गेल के साथ सहयोग करने के लिए निपटाया जा रहा है।

इ. **हाइवॉल खनन :** निमटा एवं नारायणकुड़ी खानों में हाइवॉल खनन तकनीक शुरू की गई थी।

ई. **मैन राइडिंग प्रणाली :** विभिन्न खानों जैसे झांझरा (3 डीजल संचालित फ्री स्टीयर्ड व्हीकल); परासिया (1 सेट चेयरलिफ्ट सिस्टम), निमचा (2 सेट चेयरलिफ्ट सिस्टम), बांसड़ा (2 सेट चेयरलिफ्ट सिस्टम), श्यामसुंदरपुर (1 सेट चेयरलिफ्ट सिस्टम); चिनाकुरी माइन III (1 सेट चेयरलिफ्ट सिस्टम); खोड़ाडीह कोलियरी (2 बैटरी संचालित फ्री स्टीयर्ड व्हीकल) और चिनाकुरी माइन-1 (2 नंबर बैटरी लोकोमोटिव) में सात मैन राइडिंग प्रणाली कार्यरत हैं। अमृतनगर और धेमोमेन खदानों में अतिरिक्त मैन राइडिंग सिस्टम लगाने की योजना बनाई गई है।

7.3 भूमिगत कोयला उत्पादन में सुधार के लिए उठाए गए कदम :

विभिन्न प्रचालनात्मक बाधाओं, ऊपरी संस्तर के परिसमापन, कैविंग के लिए भूमि की उपलब्धता में विलंब आदि को ध्यान में रखते हुए भूमिगत उत्पादन में सुधार करने के लिए मुख्य रूप से झांझरा, तिलाबोनी, सिदुली, परासिया-बेलबाद जैसी अधिक भूमिगत खानों में शटल कार के साथ सतत खनित्रों को अभिनियोजित करके भूमिगत उत्पादन में सुधार करने के लिए कार्रवाई की गई है।

ईसीएल के सोनपुर बाजारी क्षेत्र में सरफेस माइनर परिचालन में है

7.6 2022-23 के दौरान निरूपित परियोजनाओं का विवरण :

क्रम सं.	परियोजना का नाम	क्षमता (मि.टन प्रति वर्ष)	प्राक्कलित अतिरिक्त पूँजी (₹ करोड़ में)			
			विभागीय	आंशिक बाह्यस्रोतीकरण	बाह्यस्रोतीकरण	एमडीओ
1.	हुर्रा-सी खुली खदान	3.00	-	-	-	ईसीएल अंश: 570.00
2.	परासिया-बेलबाद भूमिगत	2.07	1464.75	1011.40	-	ईसीएल अंश: 389.10 (विद्यमान 106.52 सहित) एमडीओ अंश: 1182.17
3.	तिलाबोनी भूमिगत	1.86	1825.38	1357.41		ईसीएल अंश: 749.07 (विद्यमान 39.53 सहित) एमडीओ अंश: 1115.84
4.	भनोड़ा पश्चिमी भूमिगत	0.72	679.56	-	431.18	747.01
5.	पारसकोल जामबाद (भूमिगत व खुली खदान)	खुली खदान: 1.80 भूमिगत: 1.98	2672.13	-	1967.71	2779.55
6.	पाण्डवेश्वर-डुलुरबाँध (भूमिगत व खुली खदान)	भूमिगत: 0.87 खुली खदान:1.00	1492.20	-	801.22	1630.36

7.5 वर्ष 2022-23 के दौरान अनुमोदित परियोजनाएँ :

क्रम सं.	परियोजना का नाम	क्षमता	पूँजीगत निवेश का अनुमोदन	अनुमोदन की तिथि
1.	हुर्रा-सी खुली खदान	3.00	ईसीएल अंश : ₹859.41 करोड़ (विद्यामन ₹289.42 करोड़ सहित)	10.08.2022
2.	पारासिया-बेलबाद भूमिगत	2.07	ईसीएल अंश : ₹389.10 करोड़ (विद्यामन ₹106.52 करोड़ सहित), एमडीओ अंश : ₹1,182.17 करोड़	23.01.2023
3.	तिलाबोनी भूमिगत	1.86	ईसीएल अंश : ₹749.07 करोड़ (विद्यमान ₹39.53 करोड़ सहित), एमडीओ अंश : ₹1,115.84 करोड़	23.01.2023

7.6अ वर्ष 2022-23 के दौरान परियोजनाओं के मूल्य-निरूपण, मूल्यांकन एवं अनुमोदन के लिए सीआईएल निदेशक मण्डल की सशक्त उपसमिति द्वारा परियोजना पूरण प्रतिवेदन का अंतिम अनुमोदन :

क्रम सं.	परियोजना का नाम	क्षमता (मि.टन प्रति वर्ष)	पूरन लागत (₹ करोड़ में)	अनुमोदन तिथि
1.	खोट्टाडीह विस्तारित खुली खदान परियोजना	1.60	302.57	22.06.2022

ईसीएल की खनन मशीनरी

7.6आ वर्ष 2022-23 के दौरान ईसीएल निदेशक मण्डल द्वारा परियोजना पूरण प्रतिवेदन का अंतिम अनुमोदन :

क्रम सं.	परियोजना का नाम	क्षमता (मि.टन प्रति वर्ष)	पूरन लागत (₹ करोड़ में)	अनुमोदन तिथि
1.	कुमारडीह-बी सीएम	1.02	117.09	26.11.2022

7.7 2022-23 में ईसीएल निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित खुली खदान खण्ड :

क्रम सं.	क्षेत्र	खुली खदान खण्ड के नाम	खननीय निचय		औसत विपट्टन अनुपात	व्यस्ततम समय (लाख टन प्रति वर्ष)	खान की क्रियाशीलता	अनुमोदन की तिथि
			(वर्ष)	अनुमोदन की तिथि				
1.	मुगमा	बहिःस्रोतन विकल्प में चापापुर का स्कीम	98.8	883.2	8.94	15.00	13	27.10.2022 को 355 वें ईसीएल के निदेशक मंडल द्वारा

7.8 राजस्व साझाकरण मॉडल में अनिरंतरित खान के पुनःक्रियाशीलन की प्रास्थिति :

क्रम सं.	शृंखला	खानों के नाम	खान रूपरेखा एवं एमडीओ दस्तावेजों का अनुमोदन	वर्तमान प्रास्थिति
1.	शृंखला-I	चिनाकुड़ी-I	05.05.2022	एलओए 23.12.2022 को जारी किया गया। एच-1 बोलीदाता मेसर्स बीकेबी ट्रांसपोर्ट प्रा. लि. द्वारा प्रस्तावित राजस्व साझाकरण 8% है।
2.		गोपीनाथपुर/ श्यामपुर ए	05.05.2022	एलओए 23.12.2022 को जारी किया गया। एच -1 बोलीदाता मेसर्स वेसर कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित राजस्व साझाकरण 4.59% है।
3.		मधुजोर	05.05.2022	एलओए 30.11.2022 को जारी किया गया। एच -1 बोलीदाता मेसर्स कोल माइंस एसोसिएटेड ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित राजस्व साझाकरण 31.99% है।
4.		मोइरा	05.05.2022	एलओए 30.03.2023 को जारी किया गया। एच -1 बोलीदाता मेसर्स मिनसोल लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित राजस्व साझाकरण 7% है।
5.	शृंखला-II	गिरमिट-केडी इंक्लाइन	17.10.2022	एनआईटी 18.10.2022 को शुरू हुआ। भाग-I का उद्घाटन 02.02.2023 को खोला गया। किसी भी बोलीदाता ने भाग नहीं लिया। 16.02.2023 को पुन: निविदा की गई।
6.	शृंखला-III	रतिबाटी	14.03.2023	खान रूपरेखा और एमडीओ दस्तावेज को 14.03.2023 को कार्यकारी निदेशकों की सशक्त समिति (ईसीएफडी) द्वारा अनुमोदित किया गया है।
7.		कुअरडीह-तिरत	14.03.2023	
8.		मीठापुर	14.03.2023	

7.9 पूँजी परियोजनाएँ :

वर्ष 2022-23 के दौरान, ईसीएल ने 13 पूँजीगत परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनमें से 1 नई ग्रीनफील्ड परियोजना (हुरा-सी ओसी) और 12 परियोजनाओं के विस्तार/संशोधन/पूर्वसमापन (झांझरा विस्तारित भूमिगत, खोट्टाडीह सीएम, मोहनपुर विस्तारित ओसीपी, न्यू केंदा ओसी, सोनपुर-बाजारी विस्तारित ओसीपी, चित्रा पूर्व ओसीपी, सिदुली मिक्स, नकराकोंडा-कुमारडीह बी ओसीपी, परासी-बेलबाद भूमिगत, सरपी भूमिगत सहित श्यामसुंदरपुर, बोंजेमेहरी विस्तारित ओसीपी) की संख्या 12 है।

7.10 नई पहल :

अ. **विद्यामन भूमिगत खानों का तकनीकी उन्नयन और आधुनिकीकरण :** कोयला मंत्रालय/सीआईएल के निर्देशानुसार मेसर्स आईएसएम, मैसर्स एससीसीएल और मैसर्स पीडब्ल्यूसी के एक संघ द्वारा अध्ययन के लिए 23 भूमिगत खानों की पहचान की गई थी। रिपोर्ट जनवरी, 2018 में प्रस्तुत की गई थी और इसे कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा स्वीकार कर लिया गया था। तदनुसार, तीन परियोजना रिपोर्टों (सिदुली मिश्रित, तिलाबोनी भूमिगत और परासिया-बेलबाद भूमिगत) और एक योजना (श्यामपुर-बी) को मंजूरी दी गई थी।

आ. **पूँजोत्पाद प्रौद्योगिकी / सतत खनित्र (सीएम) का प्रवेशन :** वर्तमान में, 9 निरंतर खनिक हैं (झांजरा: 2 खान) एसएचसीएम और 3 संख्या। एलएचसीएम; श्यामसुंदरपुर: 1 नंबर एसएचसीएम; कुमारडीह बी: 1 नंबर अलएचसीएम और 1 नंबर एसएचसीएम और खोट्टाडीह: 1 नंबर एसएचसीएम) चार खानों में कैविंग के साथ परिचालन परिचालित है। इसके अलावा, पांच (05) खानों में चालू करने के लिए 16 अतिरिक्त सतत खनित्रों की योजना बनाई गई है जिनके लिए परियोजना रिपोर्टें पहले ही अनुमोदित की जा चुकी हैं।

क्रम सं.	परियोजना	प्रकार	संख्या	2023-24	2024-25	2025-26	2026-27
1.	झांझरा	एलएचसीएम	1	1	-	-	-
		एसएचसीएम	2	2	-	-	-
2.	तलिाबोनी	एलएचसीएम	2	-	1	1	-
		एसएचसीएम	2	-	-	1	1
3.	श्यामसुंदरपुर	एलएचसीएम	2	-	2	-	-
4.	पारासयिा बेलबाद	एलएचसीएम	1	-	-	1	-
		एसएचसीएम	1	-	1	-	-
		ईएचसीएम	2	-	-	1	1
5.	सदिुली	एलएचसीएम	1	-	-	1	-
		एसएचसीएम	1	-	-	-	1
		ईएचसीएम	1	-	-	-	1
कुल एलएचसीएम			7	1	3	3	-
कुल एसएचसीएम			6	2	1	1	2
कुल ईएचसीएम			3	-	-	1	2
कुल			**16**	**3**	**4**	**5**	**4**

इ. विदेशी सहयोग / प्रौद्योगिकी अवशोषण-अनुकूलन और नवाचार :

i) झांझरा भूमिगत खान में सतत खनित्र का प्रवेशन : मेसर्स जेएमएस माइनिंग प्रा. लि. द्वारा 2022-23 के दौरान एलएचसीएम का 1 सेट चालू किया गया है।

ii) झांझरा में अतिरिक्त 1 नंबर एलएचसीएम और 2 नंबर एसएचसीएम का प्रवेशन: एक और सेट एलएचसीएम 2023-24 में चालू होने वाला है, जिसके लिए 06.04.2021 को मेसर्स जेएमएस माइनिंग प्रा. लि. को एलओए जारी किया गया है। समझौते पर 28.07.2021 को हस्ताक्षर किए गए हैं। 2 एसएचसीएम की आपूर्ति के लिए एलओए 08.08.2022 को मेसर्स गेनवेल कम्मोसेल्स प्रा. लि. को जारी किया गया और 2023-24 में चालू होने की उम्मीद है।

iii) श्यामसुंदरपुर भूमिगत खान में अतिरिक्त 2 एलएचसीएम का प्रवेशन : 2 एलएचसीएम की आपूर्ति के लिए, मेसर्स गेनवेल कम्मोसेल्स प्रा. लि. को 08.08.2022 को एलओए जारी किया गया।

iv) परासिया-बेलबाद भूमिगत में सतत खनित्र का प्रवेशन, 30.03.2023 को एलओए मेसर्स गेनवेल कम्मोसेल्स प्रा. लि. को जारी की गई।

v) तिलाबोनी भूमिगत सीएचपी में सतत खनित्र का प्रवेशन, 30.03.2023 को एलओए मेसर्स जेएमएस माइनिंग प्रा. लि. को निर्गत किया गया।

7.11 वर्ष 2022-23 के लिए चालू परियोजनाओं से संबंधित प्रमुख मील के पत्थर समान उपलब्धि की प्रास्थिति :

क्रम	परियोजना का नाम	गतिविधियाँ / मील का पत्थर	वर्ष के लिए लक्ष्य	उपलब्धियाँ
1.	सोनपुर बाजारी विस्तारित खुली खदान परियोजना	1352.56 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण के लिए सीबीए (ए & डी) अधिनियम, 1957 की धारा 4(1) के तहत आवेदन	दिसम्बर, 2022	30.12.2022 को आवेदन प्रस्तुत किया गया।
2.	झांझरा विस्तारित भूमिगत	दो एसएचसीएम के लिए निविदा को अंतिम रूप देना	सितम्बर, 2022	मेसर्स गैनवेल कॉम्मोसेल्स प्रा. लि. को 08.08.2022 को एलओए निर्गत किया गया।
3.		एक एलएचसीएम का प्रवेशन	मार्च, 2023	एलएचसीएम 18.02.2023 का प्रवेशन हुआ
4.	कुमारडीह-बी सीएम भूमिगत	पूरन प्रतिवेदन का अनुमोदन	मार्च, 2023	पूरन प्रतिवेदन 26.11.2022 को अनुमोदित की गई थी।
5.	हुर्रा सी खुली खदान	एमडीओ विकल्प में निविदा को अंतिम रूप देना	अक्तूबर,2022	एमडीओ मोड के लिए 28.10.2022 को एलओए निर्गत किया गया।
6.		कोयला उत्पादन आरंभ करना	मार्च, 2023	28.02.2023 को कोयला उत्पादन आरंभ हुआ।
7.	चितरा पूर्वी खुली खदान	146.17 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण के लिए सीबीए (ए&डी) अधिनियम, 1957 की धारा 4(1) के अधीन आवेदन की प्रस्तुति।	दिसम्बर, 2022	26.12.2022 को आवेदन किया गया।
8.	खोट्टाडीह विस्तारित खुली खदान	पूरन प्रतिवेदन का अनुमोदन	सितम्बर, 2022	22.06.2022 को सीआईएल निदेशक मंडल की सशक्त उपसमिति द्वारा पूरन प्रतिवेदन को अनुमोदित किया गया।
9.	तिलाबोनी भूमिगत	एमडीओ विकल्प में निविदा को अंतिम रूप देना	मार्च, 2023	मेसर्स जेएमएस माइनिंग प्रा. लि. को 30.03.2023 को एलओए निर्गत किया गया।
10.		419.0496 हेक्टेयर काश्तकारी भूमि के अधिग्रहण के लिए सीबीए अधिनियम की धारा 9(1) के अधीन अधिसूचना	मार्च, 2023	02.03.2023 को सीबीए अधिनियम की धारा 9(i) के अधीन अधिसूचित
11.	परासिया-बेलबाद भूमिगत	एमडीओ विकल्प में निविदा को अंतिम रूप देना	मार्च, 2023	मेसर्स गेनवेल कम्मोसेल्स प्राइवेट लिमिटेड को 30.03.2023 को एलओए जारी किया गया।
12.	मोहनपुर विस्तारित खुली खदान	38.20 हेक्टेयर काश्तकारी भूमि के अधिग्रहण के लिए सीबीए अधिनियम की धारा 7(i) के अधीन अधिसूचना	दिसम्बर, 2022	14.12.2022 को सीबीए अधिनियम की धारा 7(i) के अधीन अधिसूचित

8.0 उपस्करों की संख्या (एचईएमएम) :

8.1 यथा 31 मार्च, 2022 की तुलना में 31 मार्च, 2023 को उपस्करों की संख्या :

उपस्कर	को यथा उपस्करों की संख्या	
	31.03.2023	31.03.2022
ड्रैगलाइन	1	1
डम्पर	190	221
डोजर	78	79
शॉवेल	53	56
ड्रील	49	48

8.2 पूर्व वर्ष की तुलना में वर्ष 2022-23 के दौरान सीएमपीडीआईएल प्रादर्शों के अनुसार उपस्करों के प्रत्येक प्रकारों की प्रतिशत उपलब्धता एवं उपयोगिता सिद्धि यथा अनुसरित है :

उपस्कर	प्रतिशत उपलब्धता				प्रतिशत उपयोगिता सिद्धि			
	सीएमपीडीआईएल प्रदर्श	2022-23	2021-22	% में विगत वर्ष से अंतर	सीएमपीडीआईएल प्रदर्श	2022-23	2021-22	% में विगत वर्ष से अंतर
ड्रैगलाइन	85	87.08	85.79	1.29	73	75.24	79.20	-3.96
डम्पर	67	79.02	76.86	2.16	50	31.95	38.48	-6.53
डोजर	70	72.03	70.84	1.19	45	21.03	22.93	-1.90

उपस्कर	प्रतिशत उपलब्धता				प्रतिशत उपयोगिता सिद्धि			
	सीएमपीडीआईएल प्रदर्श	2022-23	2021-22	% में विगत वर्ष से अंतर	सीएमपीडीआईएल प्रदर्श	2022-23	2021-22	% में विगत वर्ष से अंतर
शॉवेल	80	75.30	77.34	-2.04	58	48.10	46.65	1.45
ड्रील	78	78.86	83.27	-4.41	40	16.98	15.92	1.06

8.3 वर्ष 2022-23 के दौरान प्रदत्त नूतन उपस्कर एवं प्रतिस्थापित उपस्कर :

उपस्कर	क्षमता	2022-23 में यथा प्रतिस्थापन योजित	2023-24 में यथा प्रतिस्थापन रूपक प्राप्ति एवं आरंभ किया जा रहा है	2021-22 में आदिष्ट, 2023-24 में यथा प्रतिस्थापन योजित के लिए अभी तक अप्राप्त
शॉवेल	5.6 घनमीटर	5	0	0
डम्पर	60 टन	4	0	0
	100 टन	0	9	0
डोजर	410 HP	3	0	0
	320 HP	4	1	0
ड्रिल	160 MM	2	0	0

9.0 उर्जा संरक्षण :

9.1 विद्युत शक्ति एवं ईंधन खपत :

क्रम	विशिष्टियाँ	इकाई	2022-23	2021-22
I.	**क्रय की गई विद्युत**			
	क. क्रय की गई इकाइयाँ	M.KWH	831.12	852.47
	ख. आपूर्ति अभिकरणों को प्रदत्त कुल राशि (लगभग)	₹ करोड़ में	627.41	608.98
	ग. दर प्रति ईकाई (औसतन)	₹/KWH	7.54	7.14
	घ. विद्युत की विशेष खपत (लगभग)	KWH/Cum	5.24	16.10
II.	**विद्युत शक्ति की माँग**			
	क. औसतन विद्युत शक्ति की माँग	MVA	180.16	172.76
	ख. संविदात्मक माँग	MVA	199.89	197.50
	ग. प्रतिशत उपयोगिता सिद्धि	%	90.00	87.50

9.2 सौर परियोजनाओं का क्रियान्वयन :

ईसीएल में अब तक विभिन्न अवस्थानों पर कुल 1046 किलोवाट रूफ टॉप सोलर स्थापित किया गया है। वर्ष 2022-23 के दौरान, संयंत्र से निवल उत्पादन 7.12 लाख किलोवाट घंटा था, जिसके परिणामस्वरूप ₹34.75 लाख रुपये की बचत हुई।

ईसीएल की रूफ-टॉप सौर परियोजना

9.3 ऊर्जा संरक्षण :

विभिन्न इकाइयों और प्रतिष्ठानों में ऊर्जा दक्षता उपायों को लागू करने के लिए, 1387 पारंपरिक पंखों को बीएलडीसी पंखे (सुपर फैन), 52 पुराने एसी को ऊर्जा-कुशल एसी, 2794 पारंपरिक रोशनी को एलईडी लाइट्स और 13 पुराने मोटरों को ऊर्जा-कुशल मोटर्स के साथ बदलने के लिए कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा, पावर फैक्टर में सुधार के लिए 1120 केवीएआर कैपेसिटर बैंक और स्ट्रीट लाइट के लिए 68 ऑटो-टाइमर स्थापित किए। इन ऊर्जा दक्षता उपायों से कुल प्रत्याशित बचत लगभग 9.58 लाख यूनिट है, जिसका मूल्य प्रति वर्ष 46.75 लाख रुपये है।

9.4 भूमिगत मशीनरी कार्य-निष्पादन :

उपस्कर	2022-23		2021-22	
	रजिस्टर में दर्ज	उत्पादकता (TPD)	रजिस्टर में दर्ज	उत्पादकता (TPD)
एसडीएल	204	66	204	66
एलएचडी	38	98	36	106
सतत खनित्र	9	1440	8	1535
कटाई लदाई मशीन	1	162	1	175
दीर्घ भित्ति मशीन	1	2797	1	4227
उच्च भित्ति मशीन	1	1031	0	0

9.5 कोयला निपटान संयंत्रों (सीएचपी) के कार्य-निष्पादन :

वर्ष 2021-22 के दौरान 8.29 मि.टन कोयले की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022-23 में, 31 मार्च, 2023 को यथा, सोनपुर बजारी एवं राजमहल में दो प्रमुख कोयला निपटान संयंत्रों (सीएचपी) ने 13.62 मि.टन कोयले का निपटान किया।

सीएचपी-एसआईएलओ लोडिंग प्रणाली के माध्यम से कोयला परिवहन

10.0 कल्याणकारी सुविधाएँ :

क्रम	मद	31.03.2022 को यथा संचयी स्थिति	2022-23 के दौरान प्राप्ति	31.03.2023 को यथा संचयी स्थिति
1.	**शैक्षणिक प्रसुविधाएँ**			
	अ) डीएवी विद्यालय	06	-	06
	आ) i) आवर्ती सहायता अनुदान प्राप्त विद्यालयों की संख्या	118	-	118
	आ) ii) आवर्ती सहायता अनुदान की राशि (₹ लाख में)	6,798.45	249.29	7,047.74
	इ) i) अनावर्ती सहायता अनुदान प्राप्त विद्यालयों की संख्या	388	-	388
	इ) ii) आवर्ती सहायता अनुदान की राशि (₹ लाख में)	312.04	-	312.04
	ई) i) तदर्थ अनुदान स्वीकृत विद्यालयों की संख्या	79	-	79
	ई) ii) स्वीकृत तदर्थ अनुदान की राशि (₹ लाख में)	69.60	-	69.60
	उ) विद्यालयों को संलग्न बसों की संख्या	156	-	156
	ऊ) i) सीआईएल छात्रवृत्ति छात्रवृत्ति एवं अधिनिर्णित नकद की संख्या	20265	319	20584
	ऋ) ii) स्वीकृत राशि (₹ लाख में)	304.11	9.53	313.64
	ए) i) चयनित इंजीनियरिंग एवं सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पठन करने वाले वेज बोर्ड कर्मी के आश्रितों के शिक्षण शुल्क एवं होस्टल प्रभार देने के निहितार्थ वित्तीय सहायता के लिए सीआईएल योजना			
	ए) ii) स्वीकृत डब्ल्यूबीई वार्डो की संख्या	934	73	1007
	ए) iii) स्वीकृत राशि (₹ लाख में)	349.27	48.07	397.34
2	खेलकूद और क्रीड़ा में संव्यय राशि (₹ लाख में)	644.42	32.21	676.63
3	सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में संव्यय राशि (₹ लाख में)	94.18	2.70	96.88
4	कैंटीन	82	-	82
5	**बैंकिंग प्रसुविधाएँ – बैंकों की क्रियाशील शाखाओं की संख्या**	27	-	27
6	**सहकारी सोसाइटी**			
	अ) सहकारी साख सोसाइटी	62	-	62
	आ) प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार	30	-	30
	इ) केंद्रीय सहकारी	04	-	04
	ई) सहकारी सोसाइटी को ऋण एवं में निवेश (₹ लाख में)	63.80	-	63.80

सताक्षी महिला मंडल द्वारा कल्याणकारी गतिविधियाँ

ईसीएल के सीएसआर के तहत स्थानीय छात्रों के बीच स्कूल बैग का वितरण

11.0 चिकित्सीय सुविधाएँ :

कर्मियों और उनके आश्रितों को चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने के लिए 2 केंद्रीय अस्पताल, 600 बिस्तरों की आवासी क्षमता वाले 07 क्षेत्रीय अस्पताल और 109 औषधालय हैं। इसमें दोनों केंद्रीय अस्पतालों के डॉक्टरों द्वारा टेली-परामर्श प्रदान करने के लिए 7 कार्यात्मक डिजिटल औषधालय सम्मिलित हैं। कंपनी में 7 एएलएस एम्बुलेंस सहित 121 एम्बुलेंस हैं। इन चिकित्सा सुविधाओं का प्रबंधन विभिन्न चिकित्सा विषयों में 167 डॉक्टरों (27 विशेषज्ञों) द्वारा किया जा रहा है।

11.1 चिकित्सीय निर्देशपरक और चल औषधालय :

Particulars	2022-23	2021-22
बाह्य निर्देशित रोगियों की संख्या	2,792	2,605
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम		
- शिविरों की संख्या	85	84
- हितलाभुकों की संख्या	3,852	3,997
चल औषधालयों द्वारा आच्छादित ग्राम		
- शिविरों की संख्या	800	1,233
- हितलाभुकों की संख्या	16,600	25,314
कंपनी कर्मकारों का पीएमई	11,881	9,484
संविदात्मक कर्मकारों का पीएमई	1,176	726
कंपनी कर्मकारों का आईएमई	1,179	1,201
संविदात्मक कर्मकारों का आईएमई	874	863

विगत वित्तीय वर्ष के दौरान उपगत ₹61.27 करोड़ की तुलना में कंपनी अस्पताल से बाह्य चिकित्सीय निर्देशिति के मद्धे ₹71.93 करोड़ की राशि उपगत हुई।

11.2 विशेष उपलब्धियाँ :

a) **जनऔषधि केन्द्र :** प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेके) के तहत 27.05.2022 को सांकतोड़िया केंद्रीय अस्पताल में सामान्य (जेनेरिक) दवाओं की दुकान खोली गई है।

b) **एएलएस ऐम्बुलेंस :** राजमहल क्षेत्र को कवर करने के लिए अप्रैल, 2022 के महीने में एडवांसलाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस की एक संख्या को राजमहल क्षेत्र में शामिल किया गया है ताकि गंभीर रूप से बीमार रोगियों को गोल्डन आवर में पूरा किया जा सके। यह अतिरिक्त वर्तमान में ईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में एएलएस एम्बुलेंस की छह संख्या की सेवा कर रहा है। इस प्रकार, एएलएस एम्बुलेंस की कुल संख्या सात (07) (झांझरा क्षेत्रीय अस्पताल, कुनुस्तोड़िया क्षेत्रीय अस्पताल, एमआरएस, सीएच कल्ला, सांक्तोड़िया अस्पताल, एसपी माइंस और राजमहल) है।

c) **अंकीय औषधालय :** अंकीय औषधालय केन्द्र की पायलट परियोजना का उद्घाटन 06.06.2022 को किया गया था और यह श्यामसुंदरपुर कोलियरी, बांकोला क्षेत्र ईसीएल में सफलतापूर्वक संचालित है। राजमहल, एसपी माइंस, मुगमा, पाण्डवेश्वर, झांझरा और सोनपुर बाजारी में 01.12.2022 से अंकीय औषधालय की अन्य छह संख्या कार्य कर रही है।

d) **ईसीएल के कोर खनन श्रमिकों के बीच व्यावसायिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण :** भारत सरकार के पर्यावरण विभाग के निर्देश के अनुपालन में और ईसीएल के पर्यावरण विभाग के समन्वय में, ईसीएल के लगभग 10% सक्रिय भूमिगत खनिकों की व्यावसायिक स्वास्थ्य रोगों अर्थात् कोयला खनिक न्यूमोकोनियोसिस और शोर प्रेरित श्रवण हानि (एनआईएचएल) के लिए जांच की जाएगी। ईसीएल में परियोजना के पहले चरण में 9 जनवरी, 2023 से झांझरा क्षेत्र, पांडवेश्वर क्षेत्र और बांकोला क्षेत्र से 791 कर्मचारियों की जांच की गई।

e) **एचएमएस :** केंद्रीय अस्पताल कल्ला और सांक्तोड़िया अस्पताल दोनों ने 26 अक्टूबर, 2022 को एचएमएस (अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली) का 'गो लाइव' शुरू किया है और तब से यह जारी है। यह रोगी पंजीकरण, डॉक्टर परामर्श, जाँच, दवा वितरण, बीमार / फिट प्रमाणन, प्रवेश और छुट्टी के साथ-साथ रोगियों की बिलिंग से शुरू होने वाले सभी रोगी से संबंधित दस्तावेजों को डिजिटल बना रहा है।

12 सेवानिवृत्ति पश्च कल्याणकारी उपाय :

a) लंबित पीएफ/पेंशन दावों के निपटान के लिए सीएमपीएफओ, क्षेत्र I, II और III, आसनसोल और देवघर क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के लिए कुल दस (10) पेंशन अदालतों का आयोजन किया गया है।

b) सभी क्षेत्रों/अधिस्थापनों में प्रत्येक माह की 09वीं तिथि को पीएफ/पेंशन हेल्प डेस्क का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सदस्यों/नामित(तों) को पीएफ और पेंशन से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निपटान के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने में सहायता की जाती है।

ईसीएल द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

ईसीएल द्वारा महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

13.0 खान सुरक्षा एवं खान बचाव :

हमारे सुरक्षा मानकों में सुधार करने के लिए उपयुक्त तकनीकी, प्रशासनिक और मानवीय पहलों को अभिनियोजित करके वर्ष के दौरान श्रमिकों और खानों की सुरक्षा के लिए बहु-आयामी दृष्टिकोण अपनाया गया है।

13.1 दुर्घटना सांख्यिकी :

क्रम सं.	विशिष्टियाँ	2022-23	2021-22
1.	घातक दुर्घटना (संख्या)	02	06
2.	मृत्यु-संख्या	02	07
3.	गंभीर दुर्घटना (संख्या)	06	08
4.	गंभीर चोट (संख्या)	06	09
5.	मृत्यु-संख्या/मिलियन टन उत्पादन	0.057	0.216
6.	मृत्यु-संख्या / 3 लाख श्रमिक पारी	0.049	0.166
7.	गंभीर चोट /मिलियन टन उत्पादन	0.171	0.278
8.	गंभीर चोट / 3 लाख श्रमिक पारी	0.146	0.214

13.2 खान सुरक्षा जागरूकता :

अ. दुर्घटनाओं को रोकने/सुरक्षित प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिए 2-3 मिनट के चार छोटे वीडियो क्लिप तैयार किए गए हैं और श्रमिकों को सुरक्षा संस्कृति के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए व्हाट्सएप के माध्यम से कर्मचारियों को वितरित किए गए हैं।

आ. सभी खानों में पाली पूर्व खान सुरक्षा वार्ता की सुपुर्दगी का अभ्यास किया जा रहा है ताकि कामगारों को उनके कार्य वातावरण में मौजूद विभिन्न खतरों के बारे में संवेदनशील बनाया जा सके और ऐसी खतरनाक परिस्थितियों में अपने कार्य को सुरक्षित रूप से कैसे किया जा सके। पर्यवेक्षकों के साथ-साथ, श्रमिकों को भी इन पाली पूर्व खान सुरक्षा वार्ताओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इ. कर्मियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए, वर्ष के दौरान भूमिगत और खुली खानों दोनों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में 12 खान सुरक्षा अभियान आयोजित किए गए थे।

ई. पूरे वित्तीय वर्ष के दौरान सभी क्षेत्रों में खान सुरक्षा बोर्ड द्विपक्षीय निरीक्षण नियमित रूप से आयोजित किया गया है।

उ. 23.11.2022 से 07.12.2022 तक सभी क्षेत्रों में त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठकें आयोजित की गईं।

ऊ. 61वीं कॉर्पोरेट स्तरीय त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक 03.02.2023 को मुख्यालय में आयोजित की गई।

ऋ. डीडीजीएमएस (पूर्वी क्षेत्र) और प्रबंधन के बीच एक द्विपक्षीय बैठक 09.09.2022 को मुख्यालय में आयोजित की गई थी।

ऌ. डीजीएमएस के मार्गदर्शन में 19.12.2022 से 24.12.2022 तक क्षेत्र की छह कैप्टिव खदानों के साथ सभी खानों, पीएमई केंद्रों, वीटी केंद्रों में 2022-23 सत्र के लिए वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया।

ॅ. सभी क्षेत्रों के अभिकर्ताओं और एएसओ के साथ मासिक समन्वय बैठकें कॉर्पोरेट स्तर पर आयोजित की गई थीं।

ऐ. 28 अप्रैल, 2022 को काम पर खान सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए आईएलओ दिवस मनाया गया।

ए. कार्यबल को संवेदनशील बनाने के लिए वर्ष भर विभिन्न कार्यशालाएं और संगोष्ठियां जैसे पीआईपीओ विश्लेषण पर सुरक्षा कार्यशाला, अग्नि सुरक्षा पर कार्यशाला, स्वतःस्फूर्त हीटिंग और आग से निपटने की शीघ्र पहचान पर कार्यशाला, सुरक्षा प्रबंधन योजना के निर्माण और कार्यान्वयन पर कार्यशाला आयोजित की गई है।

ऐ. कारण विश्लेषण तकनीकों के आधार पर खानों में दुर्घटनाओं/घटनाओं की जाँच करने के लिए आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के सहयोग से प्रशिक्षण आयोजित किया गया था।

13.3 खान सुरक्षा उन्नयन :

अ. 2021-22 की तुलना में 2022-23 के दौरान घातक दुर्घटनाओं में 67% और मृत्यु दर में 71% की कमी आई है।

आ. वर्ष 2021-22 की तुलना में वर्ष 2022-23 के दौरान गंभीर दुर्घटनाओं में 25% और गंभीर चोटों में 33% की कमी आई है।

इ. वर्ष 2022-23 के दौरान 80 चालू खानों में से 56 खदानें घातक/गंभीर/रिपोर्ट करने योग्य दुर्घटनाओं से मुक्त हैं।

ई. सुरक्षा कार्य कैलेंडर मार्च 2022 में तैयार किया गया था, जिसमें विभिन्न सुरक्षा संबंधी गतिविधियों को निर्धारित किया गया था, जिन्हें 2022-23 के दौरान सफलतापूर्वक किया गया है।

उ. सभी खानों की सुरक्षा लेखा परीक्षा 31.08.2022 तक पूरी कर ली गई है।

ऊ. आईएसओ कार्यकारी, मुख्यालय ने खानों की सुरक्षा स्थिति का निरीक्षण करने और उस पर चर्चा करने के लिए वर्ष के दौरान विभिन्न खानों में 733 निरीक्षण किए हैं।

13.4 खान सुरक्षा में श्रमिकों की सहभागिता :

अ) 2022-23 के दौरान खान सुरक्षा महानिदेशालय एवं श्रमिक संगठनों के साथ सभी क्षेत्रीय स्तरीय तथा निगमित स्तरीय त्रिपक्षीय बैठक सफलतापूर्वक आयोजित किए गए हैं।

आ) वित्तीय वर्ष के दौरान आंतरिक खान सुरक्षा संगठन प्रतिनिधियों के साथ कंपनी स्तरीय खान सुरक्षा मंडल सदस्यगण एवं क्रियाशील श्रमिक संघों के प्रतिनिधियों ने एकदा सभी खदानों का निरीक्षण किया है।

इ) संविदात्मक कर्मकारों के प्रतिनिधियों को खदानों के खान सुरक्षा समिति में सम्मिलित किए गए हैं।

ईसीएल की खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ

ई) खानों की सुरक्षा समिति को सुदृढ़ और सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारी (जैसे: क्षेत्र महाप्रबंधक, अभिकर्ता और आईएसओ प्रतिनिधि) मंच के महत्व को बढ़ाने के लिए नियमित रूप से सुरक्षा समिति की बैठकों में भाग ले रहे हैं।

13.5 मानसून तैयारियाँ :

अ) खान सुरक्षा विभाग, मुख्यालय से खनन, ई एंड एम, उत्खनन और भू-तकनीकी विषयों के अधिकारियों वाली एक बहु-विषयक टीम ने अप्रैल, 2022 में सभी खानों की मानसून कार्य योजनाओं की समीक्षा सत्र आयोजित किया था।

आ) 15 जून, 2022 से 15 अक्टूबर, 2022 तक मुख्यालय, क्षेत्र और इकाई स्तर पर मानसून नियंत्रण कक्षों को 24x7 आधार पर चालू किया गया था, जिन्हें अधिकारियों द्वारा एक दूसरे के साथ निकट संपर्क रखते हुए उनके आवागमन के लिए टेलीफोन और वाहन प्रदान किए गए थे।

इ) 'बाढ़ चेतावनी सूचनाओं' की प्राप्ति के लिए 'मानसून नियंत्रण कक्ष के अधिकारी प्रभारी दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी), मैथन के मुख्य अभियंता (पनबिजली) के साथ निकट संपर्क स्थापित रखे हुए थे, जब कभी नदियों के जल स्तर में वृद्धि के कारण पंचेत एवं मैथन डैम जल निकासी करती थी तब खदानों को खतरे में हो के लिए सतर्क किया गया।

ई) भारी वर्षा एवं आंधी तूफान से प्रभावित खनन क्षेत्रों को सतर्क करने के निहितार्थ मौसम पूर्वानुमान रिपोर्टों की प्राप्ति के लिए भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, अलीपुर, कोलकाता के निदेशक एवं क्षेत्रीय चक्रवात चेतावनी केन्द्र, अलीपुर, कोलकाता के निदेशक के साथ भी मानसून नियंत्रण कक्ष के अधिकारी प्रभारी ने निकट संपर्क स्थापित रखा था।

कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए ईसीएल द्वारा सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया

13.6 खान बचाव सेवाएँ :

खान बचाव केन्द्र, केन्दा के रेस्क्यू रूम विद रिफ्रेशर ट्रेनिंग (आरआरआरटी) और झांझरा व मुगमा में संचालित रेस्क्यू रूमों के जरिए ईसीएल के समस्त कोलियरियों, बीसीसीएल के चाँच विक्टोरिया क्षेत्र, इस्को के रामनगर कोलियरी के साथ-साथ सिविल प्रशासन एवं लोक प्राधिकरणों (जब कभी अपेक्षित) को जरूरत आधारित खान बचाव सेवाएँ प्रदान किए गए थें।

13.7 आकस्मिक सेवाएँ :

क्रम सं.	कोलियरी	क्षेत्र	तिथि	घटना/कार्य की प्रकृति
1.	नार्थ सिआरसोल ओसीपी	कुनुस्तोड़िया	09.06.2022	भूस्खलन एवं डुबाव (एनडीआरएफ के साथ छद्म अभ्यास)
2.	सीएल जामबाद	केन्दा	05.07.2022 से 30.07.2022 तक	एक सील बंद पैनल में स्वतःतापन और बाद में उपस्करों को नष्ट करना।
3.	नूतनडांगा गैस एजेंसी	पाण्डवेश्वर	24.07.2022	भण्डार के अंदर एलपीजी सिलेंडर का विस्फोट
4.	बहुला एन के पैनल नॉर्थ जामबाद ईकाई	केन्दा	27.07.2022 से 10.08.2022 तक	आग से निपटना
5.	खोट्टाडीह कोलियरी	पाण्डवेश्वर	19.08.2022 से 21.08.2022 तक	आग से निपटना

13.8 खान बचाव प्रशिक्षण :

खान बचाव केन्द्र में पुनश्चर्या तथा आरंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए थें और निम्नलिखित कर्मी को प्रशिक्षित किए गए थे :

विवरण	2022-23	2021-22
खान बचाव प्रशिक्षित कर्मी की सक्रिय संख्या	469	431
नव प्रशिक्षित कर्मी की संख्या	44	14
पुनश्चर्या व्यवहार प्रशिक्षित की संख्या	2946	3353
आपात कर्तव्य निर्वहन की संख्या	04	09

13.9 प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण :

सीतारामपुर खान बचाव स्टेशन को डीजीएमएस द्वारा प्राथमिक चिकित्सा में प्रशिक्षण प्रदान करने और प्राथमिक चिकित्सा प्रमाण पत्र जारी करने के लिए एक केंद्र के रूप में मान्यता दी गई है। वर्ष 2022-23 के दौरान दो सौ तिरसठ (263) कर्मियों को प्रशिक्षित कर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा, एनडीआरएफ के साथ छद्म अभ्यास 09.06.2022 को कुनुस्तोड़िया क्षेत्र के नॉर्थ सियारसोल कोलियरी में किया गया है और आंचलिक खान बचाव प्रतियोगिता 13 और 14 अक्टूबर, 2022 को खान बचाव स्टेशन, सीतारामपुर में आयोजित की गई थी।

ईसीएल में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया

14.0 सतर्कता गतिविधियाँ :

कंपनी का सतर्कता स्कन्ध प्रबंधन कृत्य की पारदर्शिता, अभेद, जबाबदेही और दक्षता को सुनिश्चित करने में सहायता प्रदान करती है। पूरे वर्ष कई सतर्कता गतिविधियों को संगठन के कामकाज की "पारदर्शी और तर्कसंगत" छवि को प्रतिबिंबित करने के लिए प्रमुख भूमिका मिली है। अनेक हितधारकों के मध्य विश्वास जागृति के लिए नाना प्रकार के साहसिक एवं प्रगत कदमों को परिगृहीत किए गए थे। कई प्रकार के व्यपगतों/अनियमितताएँ परिचिह्नित करने के लिए नानाविध परिवाद आधारित अन्वेषण संचालित किए गए थे और अपचारी पदधारियों के विरूद्ध पैनल अध्युपायों को आरंभ किए गए थे तथा प्रचलित प्रणालियों के सुधारों की एक महत्वपूर्ण संख्या को लागू किया गया है। इसके अलावा, कंपनी की कार्यक्षमता की जवाबदेही, पारदर्शिता और तर्कसंगतता में अधिक स्पष्टता लाने के लिए, जानबूझकर इरादे से की गई अनियमितताओं / चूक के कई उदाहरणों पर बहुत गंभीरता से विचार किया गया और कई मामलों में यह दोषी अधिकारियों को दंड देने में समाप्त हुआ। खामियों को रोकने के लिए विभिन्न मुद्दों पर गहन परीक्षाएं आयोजित की गई थीं और कुछ मामलों में, यह प्रणाली में सुधार के रूप में समाप्त हुआ है। और भी, सतर्कता विभाग में नियमित पर्यवेक्षण और अनुश्रवण द्वारा ईसीएल के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में सूचना प्रौद्योगिकीय पहलों एवं ई-सुशासन को क्रियान्वित किया गया है।

14.1 निवारणात्मक सतर्कता :

सतर्कता विभाग द्वारा 2022-23 के दौरान ईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों/इकाइयों में बड़ी संख्या में औचक निरीक्षण किए गए ताकि कंपनी के कामकाज की पूरी विविधता को कवर किया जा सके। इसके अलावा, लाभार्थियों के विभिन्न वर्गों को कवर करते हुए विभिन्न हितधारकों के बीच वर्ष भर बड़ी संख्या में सतर्कता जागरूकता-सह-अभिप्रेरक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। अधिकांश मामलों में, प्रचलित प्रणालियों का गहन अध्ययन किया गया है और जब कभी आवश्यक हुआ है, विद्यमान प्रणाली में सुधार करने के लिए और साथ ही निवारक सतर्कता के एक भाग के रूप में विद्यमान प्रणाली की खामियों को दूर करने के लिए विभिन्न "प्रणाली सुधार" उपाय लागू किए गए हैं। इस तरह के ईमानदार प्रयास संगठन की कार्य संस्कृति पर उल्लेखनीय रूप से परिलक्षित हुए हैं। विवरण निम्नानुसार हैं:

क्रम. सं.	विषय	2022-23	2021-22
i.	सामयिक जांच-पड़ताल के साथ-साथ संचालित औचक जांच/ निरीक्षण की संख्या	72	69
ii.	**सतर्कता जागरूकता सह अभिप्रेरक कार्यक्रम :**		
	अ) आंतरिक संकायों के साथ जागरूकता कार्यक्रम	32	18
	आ) ग्राम सभा के माध्यम से जागरूकता	03	02
iii.	गहन परीक्षा	09	07

14.2 सर्वांगी उन्नयन के लिए अंगीकृत अध्युपाय :

वर्ष 2022-23 के दौरान निम्नलिखित सुव्यस्थित उन्नयनात्मक अध्युपायों को लिए गए हैं : :

अ) ईसीएल में अवैध खनन के रोकने के लिए लीज होल्ड क्षेत्र की निगरानी के लिए ड्रोन के उपयोग और क्रियान्वयन पर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी)

आ) कार्यनिष्पादन बैंक गारंटी (पीबीजी) के निर्गमन के निमित्त प्रणाली उन्नयन के लिए अनुमोदित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी)।

14.3 दांडिक सतर्कता :

संगठनों के कृत्यों का उचित एवं पारदर्शी छवि स्थापित करने के साथ-साथ उसे बनाए रखने के लिए उद्देश्यपूर्ण ढंग से किए गए अनियमितताओं के दृष्टांतों को सतर्कता दृष्टिकोण रखकर बहुत गंभीरतापूर्वक विचार किया गया और सुसंगत आचरण नियम के अधीन लिए गए कठोर एवं अनुकरणीय दांडिक अध्युपायों के साथ बरता गया। वर्ष के दौरान, अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा 41 पदधारियों को चेतावनी सहित (प्रशासनिक और अभिलिखित योग्य) कई वृहद और लघु शास्तियाँ अधिनिर्णित किए गए।

14.4 प्रौद्योगिकी उद्यमान :

संगठन की पारदर्शिता एवं क्षमता में अभिवृद्धि के लिए प्रौद्योगिकी उद्यामन करने की दिशा में प्रबंधन द्वारा लिए गए निम्नलिखित पहलों का सतर्कता विभाग द्वारा अनुश्रवण किया गया :

क्रम सं.	गतिविधि	पुनरीक्षितापेक्षा सहित कुल परिमाण	वर्तमान प्रास्थिति		अतिशेष
			अधिष्ठापित/ नवप्रवर्तित	क्रियाशील / संचालित	
1.	भूमंडलीय स्थिति निर्धारण प्रणाली (जीपीएस/जीपीआरएस) युक्त वाहन लक्ष्यानुसरण प्रणाली	1080	940	940	140
2.	सीसीटीवी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक निगरानी	2435	1291	1156	1144
3.	बूम रोधनाका / रीडर	401	191	191	210
	आरएफ आईडी टैग्स	12127	12127	12127	-
4.	मार्ग तोलन वेदी	153	126	104	27
	उपर्युक्त तोलन वेदी में से वैन के साथ मार्ग तोलन वेदी संयोजकता	115	114	114	01
	रेलवे तोलन वेदी	19	14	12	05
	उपर्युक्त रेलवे तोलन वेदियों में से वैन के साथ रेलवे तोलन वेदी संयोजकता	13	12	12	01
5.	बृहत् क्षेत्र जालक्रम (आसंधियों/ अवस्थितियों की संख्या)	244	241	241	03

14.5 सत्यनिष्ठा संधि कार्यक्रम का क्रियान्वयन :

सत्यनिष्ठा संधि पहले से ही प्रचलन में है।

14.6 सतर्कता जागरूकता सप्ताह का अनुपालन :

केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के अनुसार 31.10.2022 से 06.11.2022 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय "एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत" था। 31.10.2022 को, हमारी गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में अखंडता और पारदर्शिता लाने और जीवन के सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए अथक रूप से काम करने के लिए सत्यनिष्ठा शपथ दिलाई गई। 31.10.2022 को सतर्कता विभाग में सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी 146वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धापूर्वक याद करने के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुष्पांजलि अर्पित की गई, सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी गई और एकता दिवस की शपथ ली गई। इस अवसर पर सतर्कता समाचार पत्र 2022, "सचेताना", पीआईडीपीआई और क्या करें और क्या न करें पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया। दिनांक 31.10.2022 और 02.11.2022 को विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता सह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। दिनांक 04.11.2022 को दिशेरगढ़ क्लब, मुख्यालय में वेंडर्स मीट का आयोजन किया गया। 19.10.2022 को, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ), ईसीएल के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र सोनपुर बाजारी क्षेत्र में आयोजित किया गया था, जिसमें अन्य प्रतिभागियों के साथ सतर्कता और सोनपुर बाजारी क्षेत्र कार्यालय के अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी थी।

दिनांक 14.11.2022 को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में एक समापन समारोह में सप्ताह के कृत्यों को पूर्णता प्राप्त हुई। इस दिन सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया, जिसके बाद कंपनी के विभिन्न विभागों द्वारा जारी परिपत्रों सहित सार-संग्रह जारी किया गया।

14.7 2021-23 के दौरान की प्रमुख उपलब्धियाँ :

अ) सामान्य प्रबंधकीय कृत्यों के साथ सतर्कता गतिविधियों को एकीकृत कर, कंपनी जागरूकता सह अभिप्रेरण कार्यक्रमों में नियमित अन्योन्यक्रिया द्वारा कर्मियों एवं अन्य हितधारकों के मनोबल में संवर्धन के रूप में लाभांवित हुई है। यह उत्पादन और उत्पादकता में आश्चर्यजनक ढंग से प्रतिबिम्बित हो चुका है।

आ) वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान ईसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा कृत कई आकस्मिक निरीक्षणों और सीटीई निरीक्षण के परिणामतः ₹3,60,12,080.00 की राशि का प्रत्युद्धरण किया गया।

इ) सतर्कता पहल के बाद एचआरए के गलत भुगतान को रोककर ₹4,59,57,007.91 की राशि की बचत की जा सकती है।

ई) पारदर्शिता के साथ-साथ दक्षता की वृद्धि में सारगर्भित ढंग से कई सूचना प्रौद्योगिकीय पहलों के उद्यामन को साधा गया है। इसके अलावे, अधिक प्रतिस्पर्धी बोलियों के माध्यम से लागत कटौती और एक समग्र उचित कार्य संस्कृति में परिणत हुआ है।

उ) अन्वेषण और प्रतिवेदन हेतु मामलातों को निर्दिष्ट करने के लिए मुख्य सतर्कता आयोग एवं कोयला मंत्रालय के अनुपालन अभिप्रायपूर्ण ढंग से किये गए हैं।

15.0 राजभाषा कार्यान्वयन :

अ. वित्तीय वर्ष 2022-23 के सितंबर माह में राजभाषा (हिंदी) माह, 2022 के रूप में संपूर्ण ईसीएल में मनाया गया जिस क्रम में हिंदी भाषा के विकास के लिए ईसीएल मुख्यालय, इसके 13 खनन क्षेत्रों एवं समीपवर्ती अवस्थित बांग्ला एवं हिंदी माध्यम के स्कूलों में 75 से अधिक नानाविध कार्यक्रम व गतिविधियाँ संपन्न हुए। साथ ही, हिंदी दिवस समारोह एवं राजभाषा (हिंदी) माह, 2022 समापन सह पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया।

आ. भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा सूरत शहर में आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन (14.09.2022 से 15.09.2022 तक) में ईसीएल से दो महिला अधिकारियों, भुवनेश्वर में आयोजित "पूर्व व पूर्वोत्तर - संयुक्त राजभाषा सम्मेलन" में ईसीएल से राजभाषा संवर्ग के सात कर्मचारियों तथा धनबाद नराकस द्वारा आयोजित एक दिवसीय राजभाषा सम्मेलन (13.01.2023) में ईसीएल से दो अधिकारियों की सक्रिया सहभागिता रहीं।

इ. कोयला क्षेत्र में सामासिक संस्कृति संस्थापन एवं सौहार्द संबंध अधिस्थापन के उद्देश्य से दिनांक 22.12.2022 को डिसेरगढ़ क्लब, झालबगान में ईसीएल का राजभाषा विभाग एवं WIPS, ईसीएल द्वारा उल्लास व उमंग के साथ "संथाली भाषा दिवस समारोह, 2022" का आयोजन किया गया जिसमें 450 से अधिक लोगों की सहभागिता रहीं।

ई. भारतीय युवाओं के आदर्श एवं पथप्रदर्शक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करने के लिए पूरा ईसीएल परिवार द्वारा दिनांक 12.01.2023 को अंतरराष्ट्रीय-सह-राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। यह दिवस मुख्यालय सहित समस्त खनन क्षेत्रों में मनाया गया। मुख्यालय में ईसीएल का राजभाषा विभाग द्वारा यह आयोजन संपन्न किया गया था जिसमें 200 से अधिक कर्मियों ने अपने मुख्यालय के तकनीकी भवन में अधिस्थापित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के सम्मुख एक-साथ उपस्थित होकर यह दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया।

उ. ईसीएल के कुनुस्तोड़िया क्षेत्र में दिनांक 23 सितम्बर 2022 को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती के अवसर पर क्षेत्रीय हिंदी कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया जिसमें ओज व वीर रस, जीवन दर्शन, हास्य रस और शृंगार रस के कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं का मन जीता।

ऊ. हिंदी भाषा के संवर्धन के उद्देश्य से ईसीएल का राजभाषा विभाग एवं पश्चिम बर्द्धमान जिले में अवस्थित काजी नजरूल विश्वविद्यालय (केएनयू) का हिंदी विभाग के संयुक्त प्रयासों द्वारा विश्वभारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन या बोलपुर में दिनांक 04.01.2023 को "हिंदी का परिदर्शन" संपन्न किया गया। परिदर्शन में काजी नजरूल विश्वविद्यालय में हिंदी पठन-पाठन करने वाले विद्यार्थियों एवं प्रोफेसरों के साथ ईसीएल के राजभाषा कर्मियों की सक्रिय सहभागिता रहीं।

ऋ. ईसीएल के मुख्यालय सहित खनन क्षेत्रों में हिंदी के प्रगामी प्रयोग में संवृद्धि के लिए 11 राजभाषा (हिंदी) कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें भारत सरकार के गृह मंत्रालय के हिंदी शिक्षण योजना के संकाय सदस्य द्वारा "हिंदी ई-टूल्स और उनका अनुप्रयोग" विषय पर सुग्राह्य व्याख्यान दिया गया। इन कार्यशालाओं के माध्यम से 400 से अधिक ईसीएल कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया।

ऌ. भारत सरकार के गृह मंत्रालय के हिंदी शिक्षण योजना के तत्त्वावधान में ईसीएल कर्मियों को नित्य सेवाकालीन हिंदी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हिंदी शिक्षण योजना में हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त करने के लिए चार पाठ्यक्रम यथा प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ एवं पारंगत होते हैं। इन पाठ्यक्रमों में आयु के आधार पर सेवाकालीन हिंदी प्रशिक्षण से छूट प्राप्त नहीं है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान इन पाठ्यक्रमों में 67 ईसीएल कर्मियों ने नामांकन करवाया था। उत्तीर्ण कर्मियों को भारत सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया है।

ऍ. राजभाषा विभाग की बांग्ला पत्रिका "मृदंगार" के द्वितीय एवं तृतीय अंक का प्रकाशन किया गया है। पत्रिका की एक हजार प्रतियों को कंपनी कर्मियों एवं उनके निवास स्थान में वितरण किया गया तथा ई-प्रति को दस हजार से अधिक लोगों को ईमेल किया गया है। 01 द्विभाषिक (बांग्ला व हिंदी) एवं 02 हिंदी में न्यूज बुलेटिन नामतः ईसीएल मुख्यालय से 'ईसीएल दर्पण', काजोड़ा क्षेत्र से 'प्रयास' एवं कुनुस्तोड़िया से 'समृद्धि' का प्रकाशन किया गया है। 01 द्विमासिक वॉल पोस्टर 'ईसीएल समाचार' नियमित प्रकाशित हो रही है।

ऐ. भारत सरकार की केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 44वीं बैठक में गृह सचिव ने कोयला उद्योग शब्दावली के ई-संस्करण की सराहना की। कोयला मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की 18 मई, 2022 को हुई बैठक में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक और राजभाषा अधिकारी ने भाग लिया। आसनसोल-बर्नपुर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा आयोजित बैठकों और सेमिनारों में कंपनी का नियमित रूप से प्रतिनिधित्व किया गया है।

ए. वित्तीय वर्ष 2022-23 के हर तिमाही में राजभाषा कार्यान्वयन संबंधित तिमाही रिपोर्ट (यथा संकलित) गृह मंत्रालय, कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया लिमिटेड, क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति (पूर्वी क्षेत्र) एवं बर्नपुर-आसनसोल नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को तिमाही की समाप्ति पर निश्चित रूप से प्रेषित तथा समरूपता के साथ भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा संबंधित पोर्टल पर अपलोड किया गया है।.

कंपनी सचिवालय को राजभाषा कार् यान्वयन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया

16.0 कंप्यूटरीकरण एवं सूचना प्रौद्योगिकी समर्थ सेवाएँ :

16.1 ईसीएल में ई-निविदा प्रकोष्ठ की गतिविधियाँ :

अ. वर्ष 2022-23 के दौरान, 3823 निविदाएँ सीआईएल ई-निविदा पोर्टल अर्थात् https://coalindiatenders.nic.in पर प्रकाशित की गई जिसमें से 2282 निविदाओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है, 227 निविदाएँ रद्द कर दी गई तथा शेष अंतिम रूप प्रदान करने के विविध चरणों (GeM पोर्टल पर प्लवमान निविदाओं से रहित) में हैं।

आ. ई-निविदा में अंतर्ग्रस्त प्रक्रियाओं से संबंधित विविध आधुनिक सॉट्वेयर टूल्स का उपयोग क्षेत्रो/कर्मशालाओं में आंतरिक व दूरस्थ प्रशिक्षण/ सहायता की शिक्षा दी गई है।

इ. संविदा प्रबंधन/ई-अधिप्राप्ति पर वेबिनार के माध्यम से मानव संसाधन विकास विभाग में 27.12.2022 को 32 प्रतिभागियों के साथ और 17.03.2022 को 37 प्रतिभागियों के साथ संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

ई. वर्ष के दौरान मुख्यालय सहित भिन्न-भिन्न क्षेत्रों एवं कर्मशालों के 109 अधिकारियों के लिए अंकीय हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) की व्यवस्था किया गया है।

उ. वर्ष 2022-23 में 132 दिनों का औसतन पर ई-निविदा पोर्टल के जरिए निविदा की समाप्ति अवधि का औसतन चक्र अनुरक्षित किया गया है। ई-निविदा पोर्टल के जरिए निविदा की समाप्ति की न्यूनतम चक्र अवधि 15 दिन है।

16.2 उद्यम संसाधन आयोजना (ईआरपी) क्रियान्वयन :

मुख्यालय के केन्द्रीय परिसेवक में ईआरपी अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर क्रियान्वित किया गया है। ईआरपी सॉफ्टवेयर की नानाविध माड्यूल एवं उसके क्रियान्वयन प्रास्थिति यथा निम्नवत है :

कोलनेट मॉड्यूल	क्रियान्वयन प्रास्थिति
वित्त व नियंत्रण (फिको)	जीवंत कार्य प्रणाली पूर्व में ही आरंभ कर दिया गया है और समस्त संव्यवहार केवल सैप में अभिलेखित किए जा रहे हैं। विद्यमान कोलनेट प्रणाली को दिनांक 01.08.2021 से बंद कर दिया गया है।
सामाग्री प्रबंधन (एमएम)	जीवंत कार्य प्रणाली पूर्व में ही आरंभ कर दिया गया है और समस्त संव्यवहार केवल सैप में अभिलेखित किए जा रहे हैं। विद्यमान कोलनेट प्रणाली को दिनांक 01.08.2021 से बंद कर दिया गया है।
उत्पादन योजना (पीपी)	अ) सभी क्रियाशील संयंत्रें अपने-अपने प्रक्रिया अनुक्रम बनाया है। आ) सभी क्रियाशील संयंत्रें प्रक्रिया अनुक्रम (पी.आई.) सिट के जरिए अपने उत्पादन की पुष्ठि की है। इ) कोलियरी कोयला खपत के प्रग्रहण करने का कार्य पहले ही आरंभ कर दिया गया है।
संयंत्र अनुरक्षम (पीएम)	**उत्खनन :** कार्यक्रमावली के साथ आस्तियों के प्रधान आँकड़े का मानचित्रण किया गया है और आस्ति संख्या से युक्त उपकरण पूर्व में ही किए जा चुके हैं। अनुरक्षण आदेश, अधिसूचना, कार्य-घंटे एवं डीजल खपत से सबंधित मापन दस्तावेज की प्रविष्टि नियमित आधार पर किए जा रहे हैं। पीआर/पीओ इत्यादि तैयार किए जा रहे हैं। सभी प्रमुख उपकरणों के लिए कार्य सूची प्रणाली में अपलोड कर दी गई है और कर्मशाला में नवीनीकरण प्रक्रिया प्रणाली के माध्यम से आरंभ कर दी गई है। मुक्त प्रवाह पीआर रणनीति उत्पादन में मानचित्रित की गई है।एचईएमएम के लिए सर्वेक्षण-बंदी मानदंड पूरे कर लिए गए हैं। **ई & एम :** ईसीएल के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में निग्रह को सृजित करने, स्टॉक मदों में अधिसूचनाओं के विरूद्ध अनुरक्षण आदेश के सृजन, संयंत्र अनुरक्षण भंजित अधिसूचना के सृजन, मापक दस्तावेजों का अद्यतन जैसे जीवंत कार्य प्रणाली युक्त किया गया है। अर्धतः तैयार उत्पादों के विनिर्माण के लिए केन्द्रीय कर्मशालाओं से संबंधित पीपी माड्यूल क्रियान्वित है।
परियोजना प्रणाली (पीएस)	गो-लाइव पूर्ण किया गया है तथा परियोजना डब्ल्यूबीएस संजाल, गतिविधि का सृजन किया गया है। लागत योजना, बजट व्यवस्था एवं सभी संबंधित आँकड़े 15 चालू परियोजनाओं के प्रणाली में प्रविष्ट किए गए है।
मानव पूँजी प्रबंधन (एचसीएम)	अक्तूबर, 2021 से नवंबर, 2021 में संदाय जीवंत वेतन पत्रक सैप में आरंभ की गई है।
विक्रय व वितरण (एसडी)	संपूर्ण ईसीएल के लिए विद्युतमय रेल, सड़क एवं एमजीआर प्रणाली की बिलिंग सैप में आरंभ कर दी गई है तथा रेल, सड़क एवं एमजीआर प्रेषण प्रणाली के लिए कोलनेट के जरिए बिलिंग बंद कर दी गई है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के लिए पेमेंट इंटरफेस शुरू हो गया है। 31.03.2023 को रसीद इंटरफेस की प्रास्थिति निम्नानुसार है: अ. भारतीय स्टेट बैंक के लिए यह मामला कोल इंडिया लि द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के साथ उठाया गया है। आ. बैंक के लिए, एकीकरण पूरा हो गया है। इ. आईसीआईसीआई बैंक के एकीकरण का काम पूरा हो चुका है।

17.0 इलैक्ट्रॉनिकी एवं दूरसंचार :

संचार और सूचना प्रौद्योगिकी के अभिवर्धन के साथ तालमेल बिठाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं :

1. 3 सितंबर, 2022 से शुरू होने वाले 39 महीनों की अवधि के लिए 1 जीबीपीएस अनकंप्रेस्ड (1:1) इंटरनेट लीज्ड लाइन को 160 सार्वजनिक आईपी (आईपीवी 4/आईपीवी 6) के साथ लागू किया गया। उसी की मुख्य विशेषताएं नीचे संक्षेप में दी गई हैं:

   अ. यह सभी अधिस्थापनों यथा मुख्यालय, सभी क्षेत्रीय मुख्यालय, अभिकर्ता और प्रबंधक कार्यालयों, केंद्रीय भण्डारों, केंद्रीय कार्यशालाओं, केंद्रीय अस्पतालों और तोलन सेतु पर इंटरनेट सेवाएँ प्रदान करता है जो निम्नलिखित प्रसुविधाओं तक पहुंच प्रदान करता है:

      i) जीईएम पोर्टल और एनआईसी पोर्टल के माध्यम से निविदा।

      ii) सरकारी वेबसाइटों और ई-मेल तक पहुँच।

      iii) इंटरनेट के माध्यम से आभासी बैठकों तक पहुँच।

   आ. यह मुख्यालय से शुरू होने वाले ईसीएल के सभी अधिस्थापनाओं, सभी क्षेत्रीय मुख्यालयों, अभिकर्ता और प्रबंधक कार्यालयों, केंद्रीय भण्डारों, केंद्रीय कर्मशालाओं, केंद्रीय अस्पताल एवं तोलन सेतु पर ई-कार्यालय सेवाओं तक पहुँच को भी सक्षम बनाता है।

2. आरएफआईडी आधारित बूम बैरियर एक्सेस कंट्रोल सिस्टम के लिए तोलन सेतु स्वचालन प्रमाणी को सभी 114 तोलन सेतु में लागू किया गया है।

3. सभी आईटी पहलों के सुचारू कामकाज को सक्षम करने के लिए जीईएम पोर्टल के माध्यम से सभी क्षेत्र मुख्यालयों में दो (02) वर्षों के लिए लैन सीएएमसी का समय पर निष्पादित संविदाएँ।

4. भूमिगत खानों की सुरक्षा और उत्पादकता सुनिश्चित करने के लिए भूमिगत संचार प्रणाली के सुचारू कामकाज को सक्षम करने के लिए जीईएम पोर्टल के माध्यम से कुल 43 विभिन्न भूमिगत खानों में दो (02) वर्षों के लिए भूमिगत ऑटो सह मैनुअल प्रणाली के सीएएमसी को समय पर निष्पादित किया गया।

18.0 भूमि अधिग्रहण एवं भूमि सूचना स्थिति :

18.1 भूमि अधिग्रहण की स्थिति :

वर्ष 2022-23 के लिए नानाविध प्रकारों के अधीन भूमि अधिग्रहण / दखल दियानी की स्थिति यथा निम्नवत है :

अधिग्रहण का प्रकार	अधिगृहीत (हेक्टेयर में)	दखल दियानी (हेक्टेयर में)
काश्तकारी भूमि का प्रत्यक्ष क्रय	147.97	147.97
भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम / भूमि अधिग्रहण अधिनियम	कुछ नहीं	कुछ नहीं
कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन व विकास) अधिनियम	कुछ नहीं	54.333
सरकारी भूमि का अंतरण	16.75	18.181
वन भूमि का अंतरण	कुछ नहीं	334.844
कुल	**164.72**	**555.328**

18.2 कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन व विकास) अधिनियम, 1957 के अधीन अधिगृहीत भूमि में प्रगति :

परियोजना का नाम	जिला / राज्य	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	आवेदन की तिथि	प्रास्थिति
झांझरा संयुक्त परियोजना	पश्चिम बर्द्धमान, प.ब.	4.21	11 नवंबर, 2021	धारा 4(1) के अधीन दिनांक 28.03.2023 के का.आ.सं. 1438(ई) के जरिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचनाएँ
झांझरा संयुक्त परियोजना	पश्चिम बर्द्धमान, प.ब.	0.17	27 अगस्त, 2022	धारा 4(1) के अधीन दिनांक 20.03.2023 के का.आ.सं. 1316(ई) के जरिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचनाएँ
मोहनपुर विस्तारित ओसीपी	पश्चिम बर्द्धमान, प.ब.	38.20	26 मार्च, 2020	धारा 4(1) के अधीन दिनांक 27.06.2022 के का.आ.सं. 2911(ई) के जरिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचनाएँ। धारा 7(1) के अधीन दिनांक 14.12.2022 के का.आ.सं. 1309 के जरिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचनाएँ।
तिलाबोनी भूमिगत परियोजना	पश्चिम बर्द्धमान, प.ब.	419.363	20 अगस्त, 2020	धारा 9(1) के अधीन दिनांक 02.03.2023 के का.आ.सं. 1013(ई) के जरिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचनाएँ।

18.3 पश्चिम बंगाल में सरकारी भूमि का अंतरण :

चालू वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार द्वारा पूर्व में ही अनुमोदित सरकारी भूमि के अंतरण के मामले :

क्षेत्रफल	मौजा	भूमि की प्रमात्रा (एकड़)
सतग्राम	डामालिया	11.71
काजोड़ा	परासकोल	15.62
केन्दा	चोड़ा एवं बहुला	1.50
कुल :		**28.83**

18.4 पुनर्वासन की प्रास्थिति

वर्ष 2022-23 के दौरान विस्थापित परिवारों की संख्या जिन्होंने पुनर्व्यवस्थापन हितलाभ प्राप्त किया हो ::

क्षेत्र के नाम	विस्थापित परिवार जिन्होंने भू-खण्ड प्राप्त किया है।	विस्थापित परिवार जिन्होंने भू-खण्ड के एवज में एकमुश्त राशि प्राप्त की है।	स्थानांतरित वास्तविक विस्थापित परिवार
एस.पी. माइन्स	29	8	36
पाण्डवेश्वर	0	0	361
राजमहल	0	9	0
कुनुस्तोड़िया	0	0	0
सलानपुर	0	0	325
कुल	**29**	**17**	**722**

18.5 विशेष उपलब्धियाँ :

a) भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण के लिए "ईसीएल के लेखादायी भूमि, पुनर्व्यवस्थापन एवं पुनर्वासन का समेकन (सीओएएलआरआर)" नामक परियोजना के संबंध में मेसर्स ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, मेसर्स राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र और मेसर्स नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरेटेड के मध्य 24 जून, 2022 को एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

b) बांकोला क्षेत्र के अंतर्गत तिलाबोनी भूमिगत परियोजना के लिए कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन व विकास) अधिनियम 1957 की धारा 9(1) के अधीन 419.0496 हेक्टयर भूमि (34.2170 हेक्टेयर के लिए केवल खनन अधिकार तथा 384.8326 हेक्टेयर के लिए समस्त अधिकार) के अधिग्रहण के निमित्त अधिसूचना दिनांक 02 मार्च, 2023 के का.आ.सं. 1013(ई) के जरिए भारत के राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित किया गया है।

c) राजमहल विस्तारित ओसीपी के अंतर्गत तालझारी मौजा में कुल 131.40 एकड़ भूमि में से 72.60 एकड़ भूमि पर वास्तविक दखल दियानी प्राप्त कर लिया गया है जिसके एवज में मुआवजे का भुगतान पूर्व में ही किया जा चुका है।

19.0 सुरक्षा प्रबंधन :

सुरक्षा विभाग का ध्येय कंपनी के लोगों और सामग्री को संरक्षित करना है। कंपनी के पास सुरक्षा गठन के चार प्रकार है :

i) ईसीएल सुरक्षा - 2418 कर्मी

ii) कें.औ.सु.ब. - 945 कर्मी

iii) संविदात्मक सुरक्षा - 1140 कर्मी

iv) होमगार्ड - 176 कर्मी

विभागीय सुरक्षा का प्राथमिक कर्तव्य कंपनी की संपत्ति अर्थात भंडार, कार्यालय, विस्फोटक मैगजीन/बारूद घर, कोयला डिपो/पार्श्वस्थल, कॉलोनियों की सुरक्षा करना और प्रबंधन द्वारा आवश्यकता पड़ने पर वीआईपी की सुरक्षा करना है। तौल पूर्ण होने तक कोयला डिपो/ पार्श्वस्थल से रेलवे तौल घरों तक भरे हुए रेलवे रेक, टिपिंग ट्रकों/डम्परों का मार्गरक्षण करना है। इसके अलावा स्थानीय पुलिस के साथ सुरक्षा कर्मियों, सीआईएसएफ द्वारा संसूचना और आसूचना आगमों के अनुसार छापे मारे जाते हैं, अंतर्ग्रस्त ट्रकों/ वाहनों के साथ कोयला जब्त किया जाता है और शरारती तत्वों को पकड़ा जाता है। ऐसे व्यक्तियों को स्थानीय पुलिस स्टेशन को सौंप दिया जाता है और तदनुसार एफआईआर दर्ज किया जाता है। उन्हें हड़ताल/घेराव/प्रदर्शन/भूख हड़ताल के समय और कमान क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की कानून और व्यवस्था की समस्या के दौरान भी तैनात किया जाता है। सुरक्षा व्यवस्थाओं के संवर्धन के लिए विभागीय सुरक्षा के साथ संविदात्मक सुरक्षा कर्मियों को अभिनियोजित किया जाता था। राजमहल, सोनपुर बजारी, एस.पी. माइंस में स्थायी दायित्व के लिए के.औ.सु.ब. अभिनियोजित किया गया है। इसके अलावे मुगमा, सलानपुर, श्रीपुर, कुनुस्तोड़िया, पांडवेश्वर, कालीदासपुर और सतग्राम क्षेत्र में उनके शिविर हैं। वे अवैध खनन, कोयले की अवैध तस्करी और अवैध कोयला डिपो के विरूद्ध छापेमारी करने के लिए मोबाइल ड्यूटी पर रहते हैं तथा कोलियरी/ क्षेत्र में हड़ताल/ घेराव के दौरान भी अभिनियोजित किए जाते हैं। विभागीय सुरक्षा के साथ-साथ होम गार्डों को अभिनियोजित किए जाते थें।

19.1 सुरक्षा के पुनर्निर्माण हेतु परिगृहीत कदम :

अ. सीआईएसएफ की भावी अभिनियोजन के लिए पुनःसर्वेक्षण प्रक्रियाधीन है।

आ. रेलवे पार्श्वस्थल पर सीसीटीवी और अन्य मशीनें जैसे आरएफआईडी और बूम रोधनाका के संस्थापन के लिए अभिकरणों से संपर्क किया गया है।

इ. ईसीएल में बायो-मैट्रिक उपस्थिति प्रणाली संस्थापित किया गया है।

ई. स्थानीय पुलिस थानों से अभिगृहीत कोयले के संग्रहण के लिए एक क्रियाविधि सुनियोजित की गई है। कंपनी ने विभिन्न पुलिस थानों से अभिगृहीत कोयले प्राप्ति की है।

उ. ड्रोनों के प्रवेशन के लिए प्रस्ताव अग्रेषित कर दी गई है।

ऊ. के.औ.सु.ब. के सहयोग से 203 नवचयनित सुरक्षा कर्मियों के प्रवेशन के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

ऋ. विभागीय सुरक्षा कर्मियों के लिए चरणबद्ध रीति से प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण (टीएनए) सत्र आयोजित किए गए हैं।

ऌ. सुरक्षा गार्ड (प्रशिक्षु) की संख्या 653 का नियमितीकरण किया गया है, जिन्हें सुरक्षा गार्ड के रूप में ग्रेड-जी में रखा गया है और कुछ सेवा संबद्ध पदोन्नति (एसएलपी) भी प्रक्रिया में हैं।

19.2 अवैध खनन/ कोयले का परिवहन / कोयले की चोरी के जाँच पड़ताल / रोकथाम के लिए परिगृहीत कदम :

अ. आसूचना संग्रहण।

आ. प्रमाणिक परिवहन सुनिश्चित करने के लिए विक्रय विभाग को होलोग्राम निर्गत करना।

इ. कोयला परिवहन का जीपीएस/जीपीआरएस आधारित वाहन लक्ष्यानुसरण प्रणाली प्रयोग में है।

ई. कोयला खान शीर्ष, कोयले की ढेर, कोयला स्थलों के तोलन वेदी, परिवहन के प्रवेश और निकास केंद्र पर सीसीटीवी का संस्थापन।

उ. वीटीएस से जुड़ने वाले इलेक्ट्रॉनिक तोलन वेदी और चलायमान तोलन वेदी का संस्थापन।

ऊ. कोयला परिवहन मार्ग पर कुछ सशंकित स्थलों की पहचान की गई है जहाँ नियमित गश्ती की जाती है।

ऋ. खनन प्रहरी अनुप्रयोग व्यवहृत की जा रही है।

ऌ. पुलिस के साथ-साथ के.औ.सु.ब. एवं विभागीय सुरक्षा कर्मी द्वारा औचक जांच/छापा किया गया है और अवैध कोयले का अभिग्रहण / अंतर्ग्रस्त वाहनों के साथ-साथ कोयले की अवैध तस्करी एवं बदमाशों की गिरफ्तारी और तत्पश्चात उन्हें स्थानीय पुलिस स्टेशन को सौंपना।

ऍ. अवैध खनन और कोयला चोरी को रोकने के लिए पश्चिम बंगाल और झारखंड राज्य के राज्य प्राधिकारियों के साथ बैठकें और जिला स्तरीय बैठकें (पश्चिम बंगाल का बर्दवान, बांकुड़ा, पुरुलिया और बीरभूम जिला और झारखंड का संयुक्त जिला स्तरीय बैठक) जिला प्राधिकारियों के साथ आवधिक रूप से आयोजित की जाती हैं।

ऐ. कोयला चोरी के मुद्दों में धर-पकड़ करने के लिए एक समर्पित कृतिक बल का गठन किया गया है।

ए. के.औ.सु.ब. अधिकारियों के साथ अभिकर्ता, प्रबंधक, सर्वेक्षण अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी से बने क्षेत्रीय दल द्वारा प्रभावित स्थलों का बारम्बार निरीक्षण किया जाता है और तदनुसार नियमित रूप से के.औ.सु.ब. के समादेष्टा कार्यालय में बैठकें आयोजित की जाती हैं।

ऐ. न्यायालय में लंबित उन मामलातों के तार्किक निष्कर्ष के लिए, ईसीएल ने उन मामलातों के अनुसरण करने के लिए अधिवक्ता को नियुक्त किया है।

ऑ. आसनसोल की निचली अदालत और सत्र न्यायालय में लंबित मामलातों की त्वरित सुनवाई के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए भी लोक अभियोजक के साथ परिचर्चा की गई है।

19.3 कोयले की चोरी के रोकथाम के लिए प्रौद्योगिकी मध्यक्षेप :

अ. शिकायतकर्ता की पहचान को गुप्त रखते हुए अवैध खनन की किसी भी घटना की रिपोर्ट करने के निहितार्थ आमजनों की सुगम्यता के लिए खनन प्रहरी अनुप्रयोग का लोकार्पण किया गया है।

आ. समस्त क्षेत्रों में प्रवर्तित जीपीएस आधारित वाहन अनुश्रवण प्रणाली कोयले की चोरी को रोकने के लिए एक कदम है।

इ. निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए प्रत्येक रेलवे पर्श्वस्थल एवं अन्य संवेदनशील अवस्थानों पर सीसीटीवी कैमरों का स्थापन किए गए हैं।

ई. वाहन का जीवंत लक्ष्यानुसरण के लिए कोयला परिवहन वाहन में वीटीएमएस प्रणाली समर्थ जीपीएस लगाया गया है।

19.4 वर्ष के दौरान विभागीय सुरक्षा कर्मियों, के.औ.सु.ब. एवं स्थानीय पुलिस द्वारा अवैध खनित कोयले के अभिग्रहण का विवरण :

वर्ष	राज्य	छापों की संख्या	अभिगृहीत कोयला (टन)	अभिगृहीत वाहन	गिरफ्तार व्यक्ति	प्राथमिकी दर्ज
अवैध तस्करी से कोयले का अभिग्रहण						
2022-23	पश्चिम बंगाल	2742	13617.02	116	117	1190
	झारखण्ड	1027	6725.37	86	62	265
	कुल	3769	20342.39	202	179	1455
2021-22	कुल	2975	15086.04	85	72	744
	अंतर	794	5256.35	117	107	711
ईसीएल सुरक्षा कर्मी, के.औ.सु.ब. एवं स्थानीय पुलिस द्वारा अवैध खनित कोयले का अभिग्रहण						
2022-23	पश्चिम बंगाल	136	117.09	05	14	64
	झारखण्ड	173	1344.70	06	01	39
	कुल	309	1461.79	11	15	103
2021-22	कुल	198	136.61	01	03	67
	अंतर	111	1325.18	10	12	36

उपरि वर्णित आँकड़े, कोलियरी परिसर के बाहर, पुलिस के साथ-साथ के.औ.सु.ब. एवं ईसीएल सुरक्षा कर्मी द्वारा अभिगृहीत है। ट्रकें या तो अवैध खनन स्थलों से या अवैध तस्करी/अवैध कोयला स्टॉक से उक्त कोयला ले जा रहे थे। अवैध खनन स्थलों को बंद करने/सीलबंद करने/भरने के दौरान के.औ.सु.ब. और स्थानीय पुलिस के साथ विभागीय सुरक्षा कर्मी को पट्टाधृति क्षेत्र के अंदर और बाहर बंद करने के स्थान पर भी अभिनियोजन किया जाता है। वर्ष के दौरान,

अवैध कोयला खनन एवं कोयले के मूषण के खतरों को रोकने के लिए 1908 स्थानों को बंद/सीलबंद किया गया है। राज्य प्रशासन अवैध कोयला खनन एवं कोयले के मूषण के खतरों को रोकने के लिए सक्रिय रूप से अंतर्ग्रस्त है।

अवैध खनन स्थलों को बंद करने/सीलबंद करने/भरने के दौरान के.औ.सु.ब. एवं स्थानीय पुलिस के साथ-साथ विभागीय सुरक्षा कर्मियों को पट्टाधृति क्षेत्रों के अंदर एवं बाहर बंद करने वाले स्थान पर भी अभिनियोजित किया जाता है। वर्ष 2022-23 के दौरान, अवैध कोयला खनन को रोकने के लिए पश्चिम बंगाल में 1029 स्थलों और झारखंड में 879 स्थलों को बंद/सीलबंद किया गया है और अवैध खनन स्थलों को बंद करने/सीलबंद करने/भरने की सूचना पश्चिम बंगाल और झारखंड के स्थानीय पुलिस स्टेशनों को क्रमश 66 स्थलों और 70 स्थलों के लिए भेज दी गई है। राज्य प्रशासन अवैध कोयला खनन एवं कोयले के मूषण के खतरों को रोकने के लिए सक्रिय रूप से अंतर्ग्रस्त है।

19.5 अवैध कोयला तस्करी का अभिग्रहण :

वर्ष	2022-23	2021-22	Variation
छापों की संख्या	3769	2975	794
प्राथमिकी दर्ज की संख्या	1455	744	711
अभिगृहीत कोयला परिमाण (मैट्रिक टन)	20342.39	15086.04	5256.35
अभिगृहीत वाहन की संख्या	202	85	117
गिरफ्तार व्यक्तियों की संख्या	179	72	107

19.6 अवैध खनन स्थलों से अभिग्रहण :

वर्ष	2022-23	2021-22	Variation
छापों की संख्या	309	198	111
प्राथमिकी दर्ज की संख्या	103	67	36
अभिगृहीत कोयले का परिमाण (मैट्रिक टन में)	1461.79	136.61	1325.18
अभिगृहीत वाहन की संख्या	11	01	10
गिरफ्तार व्यक्तियों की संख्या	15	03	12

19.7 अन्य सामग्रियों की चोरी / प्रत्युद्धरण :

वर्ष	2022-23	2021-22	Variation
घटनाओं की संख्या	99	120	-21
प्राथमिकी दर्ज / सूचनाओं की संख्या	74	82	-08
चोरी की गई संपत्ति (₹ में)	28,12,494.38	35,59,123.00	-7,46,628.62
प्रत्युद्धरित संपत्ति (₹ में)	22,045.90	2,10,000.00	-1,87,954.10
गिरफ्तार व्यक्तियों की संख्या	12	06	06

ईसीएल में विभागीय सुरक्षा कर्मियों के लिए प्रशिक्षण

20.1 अवसंरचना विकास :

वर्ष 2022-23 में बुनियादी ढांचे के विकास यानी औद्योगिक संरचना, सड़कों और रेलवे साइडिंग, आवासीय भवन, जल आपूर्ति और अन्य कल्याणकारी गतिविधियों आदि के लिए बहुत सारी गतिविधियों में भाग लिया गया है। मरम्मत और उन्नयन के माध्यम से सभ्य आवास कार्यक्रम के तहत 1840 आवासीय क्वार्टरों की संख्या पूरी की गई। सेवा भवन के निर्माण के लिए 273.06 लाख रुपये के मूल्य के कार्य वर्ष के दौरान पूरे किए गए।

20.2 जलापूर्ति :

कंपनी ने हमेशा कंपनी के आवासीय घरों के निवासियों के साथ-साथ आस-पास के समुदायों के लोगों को पीने योग्य पानी की आपूर्ति में सुधार के लिए विशेष ध्यान दिया है। वर्ष के दौरान 20000 लीटर प्रति घंटा की कुल निस्पंदन क्षमता के साथ विभिन्न स्थानों पर 3 रिवर्स ऑस्मोसिस और आयन एक्सचेंज-ओजोनाइजेशन संयंत्र चालू किए गए।

20.3 रेलवे पार्श्वस्थल एवं सड़क संसक्त कार्य :

कोयले का प्रेषण प्रमुख गतिविधियों में से एक है और इसे कोयला परिवहन सड़कों और रेलवे साइडिंग के नेटवर्क के माध्यम से प्रभावी ढंग से और कुशलता से किया जा रहा है। वर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख सड़क विकास के लिए 6157.24 लाख रुपये के मूल्य के कार्य पूरे किए गए।s.

20.4 पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन स्थल पर विकास कार्य :

राजमहल, सोनपुर बाजारी और खोट्टाडीह परियोजना में पुनर्वास स्थलों के विकास के लिए सड़क, नाली, चारदीवारी, स्कूल भवन, क्लब, सामुदायिक भवन, जल उपचार संयंत्र आदि के निर्माण जैसे विभिन्न कार्य शुरू किए गए हैं। पुनर्वास स्थल के प्रमुख विकास के लिए 1357.98 लाख रुपये के मूल्य के कार्य विभिन्न क्षेत्रों में वर्ष के दौरान पूरे किए गए।

20.5 खान विकास :

खान विकास के लिए पादाग्र दीवार, आरसीसी नाली, रेगिड फुटपाथ आदि के निर्माण जैसे विभिन्न कार्य शुरू किए गए हैं। वर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख खान विकास के लिए 592.94 लाख रुपये के मूल्य के कार्य पूरे किए गए।

ईसीएल में विभागीय सुरक्षा कर्मियों के लिए प्रशिक्षण

21.0 संविदा प्रबंधक :

21.1 एमओडी एवं राजस्व साझाकरण संविदाएँ :

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में सीआईएल के भीतर सबसे अधिक एमडीओ और राजस्व साझाकरण कार्यों को सौंपकर प्रमुख रणनीतिक उद्देश्यों में से एक हासिल किया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल मिलाकर 3 एमडीओ संविदाएँ और 04 राजस्व साझाकरण कार्य प्रदान किए गए, जिनका विवरण निम्नानुसार है:

क्रम सं.	खान के नाम	क्षेत्र	अधिकतम क्षमता (मि.टन प्रति वर्ष)	न्यूतम निष्कर्षण योग्य निचय (मि.टन)	संविदा की अवधि	संविदा का मूल्य (₹ करोड़ में)	राजस्व साझाकरण %
1.	मधुजोर भूमिगत (राजस्व साझाकरण)	काजोड़ा	2.0	40.98	25	39967.80	31.99
2.	गोपीनाथपुर भूमिगत (राजस्व साझाकरण)	मुगमा	0.76	13.64	25	5520.74	4.59
3.	चिनाकुड़ी भूमिगत (राजस्व साझाकरण)	सोदपुर	1.0	16.70	25	12047.38	8.0
4.	मोइरा भूमिगत (राजस्व साझाकरण)	बांकोला	0.75	13.92	25	10255.62	7.0

क्रम सं.	खान के नाम	क्षेत्र	अधिकतम क्षमता (मि.टन प्रति वर्ष)	न्यूतम निष्कर्षण योग्य निचय (मि.टन)	संविदा की अवधि	संविदा का मूल्य (₹ करोड़ में)	राजस्व साझाकरण %
5.	हुर्रा सी (एमडीओ)	राजमहल	3.0	90.04	25	5664.43	
6.	परासिया-बेलबाद (एमडीओ)	कुनुस्तोड़िया	2.07	74.38	25	9230.14	
7.	तिलाबोनी भूमिगत (एमडीओ)	बांकोला	1.86	75.35	25	9184.65	
	कुल		**11.44**	**325.01**		**91,870.76**	

21.2 भूमिगत खानों में पुँजोत्पादन प्रौद्योगिकी के पुरःस्थापित के लिए वैश्विक निविदा :

मानक उच्च सतत खनित्र, कम ऊंचाई वाले सतत खनित्र, भूमिगत में लॉन्गवाल खनन की शुरूआत से निरंतर कर्तन की तकनीक भूमिगत खनन उत्पादन क्षमता में भारी वृद्धि लाती है। संविदाएँ जोखिम और अभिलाभ और भर्ती के आधार पर प्रदान किए जाते हैं। वर्ष के दौरान 18.21 मि. टन की प्रदान की गई मात्रा के साथ तीन (3) संविदाएँ (झांझरा में 1 और बांकोला में 2) प्रदान किए गए।

21.3 उपरि संस्तर हटाव एवं कोयला निष्कर्षण के लिए उपस्करों को किराए पर लेना :

कोयला उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा आउटसोर्स की गई खुली खानों/खदानों से आता है। विद्यमान संविदाओं के अतिरिक्त, वर्ष के दौरान 35.61 एमटी कोयला और 246.233 मि. घनमीटर ओबी की मात्रा के साथ 9 नए कार्य सौंपे गए। प्रदत्त संविदाओं का अर्थ है कम से कम अगले दो वर्षों के लिए प्रति दिन 18085 टन कोयला उत्पादन।.

21.4 कोयला परिवहन, वैगन लोडिंग और मोबाइल क्रशर संविदाएँ :

परिवहन संविदाएँ 1 वर्ष की अवधि के लिए एसओआर के अनुसार गणना किए गए अनुमानों पर छूट बोली प्रक्रिया के माध्यम से दर्ज की जा रही हैं। इन संविदाओं में नदी घाटों से भूमिगत खानों के रेत बंकरों तक रेत ले जाना, फेस/स्टॉकयार्ड से पार्श्वस्थल तक कोयला ले जाना, रेल द्वारा भेजने के लिए वैगनों में कोयला लोड करना और रेल द्वारा भेजने से पहले -100 मिमी आकार तक कोयले की संदलन के लिए मोबाइल क्रशर स्थापना सम्मिलित है। वर्ष के दौरान तीन (3) संदलन संविदाएं, पांच (5) परिवहन/वैगन लदान संविदा और दो (2) रेत संविदा प्रदान किए गए।

ईसीएल में एमडीओ अनुबंधों के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

22.0 गुणवत्ता नियंत्रण :

22.1 तृतीय पक्ष नमूनाकरण :

कंपनी ने सभी स्त्रोतों से कोयले की खरीद के लिए उपभोक्ताओं की सभी श्रेणियों के लिए स्वीकार्य ग्रेड के कोयले के निर्धारण के लिए तृतीय पक्ष नमूनाकरण की सुविधा का विस्तार किया है। तृतीय पक्ष नमूनाकरण के लिए सभी अपेक्षित सक्षम शर्तों को पूरा किया गया है।

22.2 ग्रेड पुष्टिकरण स्थिति :

स्वीकार्य परिणामों के आधार पर 2020-21 की अवधि के लिए समग्र ग्रेड पुष्टि 89% है जो 2021-22 की अवधि के लिए बढ़कर 90% और 2022-23 में 97% हो गई है।

22.3 प्रेषित कोयले की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए उठाए गए कदम:

(अ) 15.04.2022 से 29.04.2022 तक गुणवत्ता जागरूकता पखवाड़ा आयोजित किया गया। अभियान का मूल विषय कोयला खदान से लेकर क्षेत्र और मुख्यालय स्तर तक सभी स्तरों पर भागीदारी के लिए कर्मियों को सम्मिलित करके खदान से बाजार तक कोयले की गुणवत्ता के बारे में चेतना जागृत करने पर केंद्रित था। यह एक अभ्यास था जिसका उद्देश्य अच्छी गुणवत्ता वाले कोयले के प्रेषण के संबंध में ग्राहकों की संतुष्टि के बेहतर स्तर के माध्यम से निगमित छवि को बढ़ाना था।

(आ) 07 नवबर 2022 दूसरी तिमाही में एक गुणवत्ता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें कम तृतीय-पक्ष ग्रेड पुष्टि और कोयले की गुणवत्ता के बारे में उपभोक्ता शिकायतों की अधिक संख्या वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रेषित कोयले की गुणवत्ता का पता लगाने और कोयले की गुणवत्ता में सुधार के लिए उपचारात्मक उपायों का सुझाव देने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के अधिकारियों की एक टीम द्वारा गुणवत्ता निरीक्षण किया गया था।

(इ) नवंबर 2022 से 19 नवंबर 2022 तक सभी क्षेत्रों में दूसरा गुणवत्ता जागरूकता पखवाड़ा मनाया गया, जिसमें पार्श्वस्थल के हरितीकरण के साथ-साथ आकार के गुणवत्ता वाले कोयले को भेजने पर ध्यान केंद्रित किया गया। गुणवत्ता नियंत्रण विभाग की टीमों ने उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण कोयले का प्रेषण सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रों और पार्श्वस्थलों का निरीक्षण किया।

(ई) कोयले की गुणवत्ता संबंधी शिकायतों के निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उपभोक्ताओं से किसी भी शिकायत के मामले में, संबंधित क्षेत्र को अधिसूचित किया जाता है और कोयले की अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त प्रतिक्रिया की जाती है और इसे उचित स्तर पर सूचित किया जा रहा है।

23.0 शिकायत निवारण तंत्र – निदान :

निदान सेल के तहत शिकायतों, पीजी पोर्टल के तहत सीपीजीआरएएमएस और एमएसएमई मामलों की नियमित रूप से निगरानी की जाती है। निदान के अंतर्गत मुख्यालय स्तर पर कर्मी की सेवानिवृत्ति के माह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों/ग्रेड/क्षमता में कार्य कर रहे कर्मियों से कंपनी के समुचित विकास एवं वृद्धि के संबंध में सुझाव प्राप्त/स्वीकार किए जाते हैं और कल्याण विभाग को भेजे जाते हैं। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम के दौरान उनके मूल्यवान सुझाव दिए जाते हैं। वर्ष के दौरान सीपीजीआरएएमएस और निदान के संबंध में 647 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 609 मामलों का निपटान कर दिया गया है और 38 मामले प्रक्रियाधीन हैं। सीपीजीआरएएमएस, निदान और एमएसएमई के लिए मासिक रिपोर्ट नियमित आधार पर और जब कभी आवश्यक हो, विभिन्न प्राधिकरणों/सीआईएल/एमओसी से भेजी जा रही है।

डीएआरपीजी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, सीपीजीआरएएमएस के अंतर्गत सभी शिकायतों का निपटान 45 दिनों के भीतर किया जाना है। शिकायत निवारण तंत्र "ऑनलाइन निदान" और दुर्लभ ऑफ़लाइन प्रणाली के तहत ऑनलाइन प्रणाली पर आधारित है। शिकायतों के निवारण की समय सीमा 90 दिन है लेकिन इसका निवारण 60 दिनों के भीतर किया जाता है। आज की तारीख में ऑनलाइन निदान योजना/सीपीजीआरएएमएस और ऑफलाइन के माध्यम से प्राप्त सभी शिकायतों की दैनिक आधार पर निगरानी की जा रही है और संबंधित विभाग को अग्रेषित किया जा रहा है। सभी क्षेत्रों में, नोडल अधिकारी है, जो लंबित शिकायतों की सीधे निगरानी करता है और शिकायतों के तेजी से निवारण को बढ़ावा देने के लिए मेल / व्हाट्सएप के माध्यम से सूचित करता है। पीजी पोर्टल और निदान के तहत शिकायतों को समय-सीमा के भीतर निपटाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों, इकाइयों और मुख्यालय स्तर से नियमित फॉलो-अप किया जा रहा है। लोक शिकायत प्रकोष्ठ-निदान द्वारा अनसुलझी शिकायतों पर चर्चा करने और निर्णय लेने के लिए मुख्यालय स्तर और क्षेत्रों में एक शिकायत निवारण समिति का पुनर्गठन किया गया है।

एमएसएमई समाधान पोर्टल को लोक शिकायत प्रकोष्ठ-निदान, मुख्यालय द्वारा भी संभाला और मॉनीटर किया जाता है और मासिक आधार पर दृष्टि डैशबोर्ड पोर्टल (सीपीएसई कॉन्क्लेव) में अपलोड करने के लिए एमएसएमई समाधान पर मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है।

ईसीएल को गुणवत्ता जागरूकता और स्थिरता पर कोयला मंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया

24.0 कर्मियों का विवरण :

किसी भी कर्मचारी को कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय XIII के तहत कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5 के तहत निर्धारित सीमा से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त नहीं हुआ।

25.0 निदेशक मंडल और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक :

25.1 कार्यकारी निदेशकगण :

01.02.2022 से सीएमडी के रूप में नियुक्त श्री ए पी पांडा पूरे वर्ष निदेशक मण्डल में रहे। मो. अंजार आलम को 15.09.2022 से निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्त किया गया था। सुश्री आहुती स्वाईं को 18.11.2022 से निदेशक (कार्मिक) के रूप में नियुक्त किया गया था। श्री जयप्रकाश गुप्ता, निदेशक (तकनीकी) योजना व परियोजना कंपनी की सेवा से सेवानिवृत्त हुए, उन्होंने 30.11.2022 तक कंपनी की सेवा की। श्री उदय अनंतराव कावले को 01.12.2022 से 09.12.2022 तक निदेशक (तकनीकी) योजना व परियोजना के रूप में नियुक्त किया गया था। श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) संचालन 01.12.2022 से 01.02.2023 तक। इसके बाद, श्री नीलेंदु कुमार सिंह को 09.12.2022 से निदेशक (तकनीकी) योजना व परियोजना के रूप में नियुक्त किया गया। श्री नीलाद्रि रॉय को 01/02/2023 से निदेशक (तकनीकी) संचालन के रूप में नियुक्त किया गया

25.2 सरकार नामिति निदेशकगण :

श्री एस. एन. तिवारी, निदेशक (विपणन), सीआईएल 30.04.2022 तक कंपनी के नामित निदेशक थे। श्री बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तकनीकी), सीआईएल को दिनांक 12.05.2022 से नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। श्री अनिमेष भारती, आर्थिक सलाहकार, एमओसी 05.07.2022 तक कंपनी के नामित निदेशक थे। श्री एच.के.हाजोंग, आर्थिक सलाहकार, एमओसी को 05.07.2022 से 30.06.2023 तक जारी किया नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

25.3 स्वतंत्र निदेशकगण :

श्री अनिल कुमार गनेरीवाला 09.07.2022 तक स्वतंत्र निदेशक थे। दिनांक 01.11.2021 से स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त श्रीमती धर्मशीला गुप्ता, श्री शिव नारायण पांडे और श्री शिव तपस्या पासवान पूरे वर्ष निदेशक मण्डल में थे।

25.4 प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक :

निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्त श्री मोहम्मद अंजार आलम ने 15.09.2022 से श्री एस.के. सोमानी, महाप्रबंधक (वित्त) प्रभारी के स्थान पर सीएफओ का कार्यभार संभाला। श्री रामबाबू पाठक वर्ष के दौरान कंपनी सचिव थे।

26.0 निगमित सुशासन :

निगमित सुशासन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य शेयरधारकों की आकांक्षाओं और हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करना है। यह एक प्रतिबद्धता है जो शेयरधारकों के मूल्य, कामकाज में पारदर्शिता, मूल्यों और संगठन के सभी घटकों के बीच आपसी विश्वास को अधिकतम करने के मौलिक विश्वास द्वारा समर्थित है। निगमित सुशासन एक ऐसी संस्कृति है जो शेयरधारकों के सर्वोत्तम हित की दिशा में कार्य करने के लिए निदेशक मण्डल, प्रबंधन और कर्मियों का मार्गदर्शन करती है। इसमें अनिवार्य रूप से विभिन्न हितधारकों के लिए एक रचनात्मक, उत्पादक और सकारात्मक पारिस्थितिकी तंत्र सम्मिलित है।

आपकी कंपनी शेयरधारकों के मूल्य को बढ़ाने, सभी हितधारकों को सभी वास्तविक जानकारी के समय पर और संतुलित प्रकटीकरण और उनके हितों की सुरक्षा के प्राथमिक उद्देश्य के साथ सभी हितधारकों की आकांक्षाओं को पूरा करके संचालन के सभी क्षेत्रों में अधिक पारदर्शिता, खुलेपन, जवाबदेही और निष्पक्षता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने जोखिमों को कम करने और दिन-प्रतिदिन के व्यावसायिक कार्यों में भूमि के कानूनों, नियमों और विनियमों का पालन करने के लिए आंतरिक नियंत्रण की एक मजबूत प्रणाली स्थापित की है।

26.1 लेखापरीक्षा समिति की संरचना :

31 मार्च, 2023 तक, लेखा परीक्षा समिति में तीन (03) अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक अर्थात् श्री शिव नारायण पांडे, श्रीमती धर्मशीला गुप्ता और श्री शिव तपस्या पासवान; दो (02) अंशकालिक आधिकारिक निदेशक अर्थात श्री एचके हाजोंग, आर्थिक सलाहकार, एमओसी और श्री बी वीरा रेड्डी, निदेशक (तकनीकी), सीआईएल और तीन (03) कार्यात्मक निदेशक अर्थात सुश्री आहुती स्वाईं, निदेशक (कार्मिक); श्री नीलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना और श्री नीलाद्री रॉय, निदेशक (तकनीकी) प्रचालन सम्मिलित थे। श्री अनिल कुमार गनेरीवाला, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक 09.07.2022 तक लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष थे और उसके बाद श्री शिव नारायण पांडे, अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक वित्तीय वर्ष

टीम ईसीएल भुवनेश्वर में कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर सार्वजनिक उपक्रम समिति को संबोधित कर रही है

के अंत तक लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष थे। निदेशक (वित्त) और विभागाध्यक्ष (आंतरिक लेखा परीक्षा) लेखा परीक्षा समिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं और कंपनी सचिव समिति के सचिव हैं।

26.2 सीएसआर समिति की संरचना :

बोर्ड की 261वीं बैठक में सीएसआर उप-समिति का गठन किया गया। 31 मार्च, 2023 तक समिति में तीन (03) अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक अर्थात् श्री शिव तपस्या पासवान, श्रीमती धर्मशीला गुप्ता और श्री शिव नारायण पांडे और चार (04) कार्यात्मक निदेशक अर्थात् मोहम्मद अंजार आलम, निदेशक (वित्त); श्रीमती आहुती स्वाई, निदेशक (कार्मिक); श्री नीलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना और श्री नीलाद्री रॉय, निदेशक (तकनीकी) प्रचालन सम्मिलित थे। अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक श्री शिव तपस्या पासवान वर्ष के अंत तक सीएसआर उप-समिति के अध्यक्ष थे। कंपनी सचिव समिति के सचिव हैं और महाप्रबंधक (सीएसआर और कल्याण) इस समिति के लिए नोडल अधिकारी हैं।

26.3 कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (6) के तहत स्वतंत्र निदेशकों द्वारा दी गई घोषणा :

निम्नलिखित स्वतंत्र निदेशकों ने 2022-23 के दौरान अपनी घोषणा दी थी कि वे कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 149 की उप-धारा (6) में निर्धारित स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं:

अ) श्रीमती धर्मशीला गुप्ता

आ) श्री शिव नारायण पाण्डेय एवं

इ) श्री शिव तपस्या पासवान

इसके अलावा, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (7) के तहत आवश्यकतानुसार, स्वतंत्र निदेशकों ने घोषणा प्रस्तुत की थी कि वे एलओडीआर 2015 के विनियमन 16 (आई) के खंड (बी) में प्रदान किए गए स्वतंत्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और उन्हें किसी भी परिस्थिति या स्थिति के बारे में पता नहीं है, जो विद्यमान है या यथोचित रूप से प्रत्याशित हो सकती है जो एक उद्देश्यपूर्ण स्वतंत्र निर्णय के साथ और बिना किसी बाहरी प्रभाव के कर्तव्यों का निर्वहन करने की उनकी क्षमता को बाधित या प्रभावित कर सकती है।

26.4 निदेशक मण्डल को लेखापरीक्षा समिति की सिफारिश :

लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई सभी सिफारिशों को निदेशक मणडल द्वारा स्वीकार कर लिया गया था।

26.5 कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 की उप-धारा (3) के तहत प्रदान की गई योग्यता, सकारात्मक गुणों, निदेशक की स्वतंत्रता और अन्य मामलों को निर्धारित करने के मानदंड सहित निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक पर कंपनी की नीति:

एमसीए ने दिनांक 5 जून, 2015 की अधिसूचना के तहत सरकारी कंपनियों के लिए उपर्युक्त को छूट दी थी।

26.6 कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178(4) के अधीन – निदेशकगणों, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों और वरिष्ठ प्रबंधन की पारिश्रमिक नीति :

एमसीए ने दिनांक 5 जून, 2015 की अधिसूचना के तहत सरकारी कंपनियों के निदेशकों के लिए उपर्युक्त को छूट दी थी।

गोड्डा में 300 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण के लिए झारखंड सरकार और ईसीएल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

26.7 संबंधित पक्षों के साथ अनुबंध या व्यवस्था :

नियंत्रक कंपनी और नियंत्रक कंपनी की अन्य सहायक कंपनियों के साथ किए गए लेनदेन को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 23 (5) (ए) और (बी) के तहत छूट दी गई थी, जो दो सरकारी कंपनियों के बीच लेनदेन और नियंत्रक और उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों के बीच किए गए लेनदेन थे, जिनके खाते नियंत्रक कंपनी के साथ समेकित होते हैं और अनुमोदन के लिए सामान्य बैठक में शेयरधारकों के समक्ष रखे जाते हैं। इसलिए फॉर्म एओसी 2 तैयार नहीं किया जाता है।

26.8 निदेशक मण्डलीय सदस्यों का परिचय कार्यक्रम :

निदेशक मंडल को व्यवसाय से संबंधित सभी मामलों, कंपनी द्वारा किए गए संबंधित जोखिम और शमन उपायों, कंपनी की नई पहलों आदि के बारे में पूरी तरह से जानकारी दी जाती है। निदेशक मंडल को कंपनी अधिनियम, 2013, भेदिया व्यापार प्रतिषेध विनियम, 2015 और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा, सभी स्वतंत्र निदेशकों ने जून, 2022 में सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा आयोजित 'स्वतंत्र निदेशकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम' में भाग लिया।

26.9 कार्यस्थल पर महालिओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम :

कंपनी के पास कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 की आवश्यकताओं के अनुरूप एक यौन उत्पीड़न विरोधी नीति है। आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए कोल इंडिया लिमिटेड की प्रत्येक अनुषंगी कंपनी और कार्यालय में काम कर रही है। सभी महिला कर्मचारी (स्थायी, संविदा, अस्थायी, प्रशिक्षु) उक्त नीति के तहत कवर की जाती हैं। ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) के सदस्य निम्नानुसार हैं:

1. श्रीमती कुमारी कुमकुम – अध्यक्ष
2. डॉ. सोमदत्ता मण्डल – सदस्य
3. सुश्री पृश्या कनोजिया – सदस्य
4. श्री स्नेह तिवारी – सदस्य
5. श्री शुभम कुशवा – सदस्य
6. श्रीमती पल्लवी हल्दर – एनजीओ सदस्य

वर्ष 2022-23 के दौरान यौन उत्पीड़न की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

27.0 लागत लेखापरीक्षा प्रतिवेदन एवं लागत लेखापरीक्षक

मेसर्स आर.जे. गोयल एंड कंपनी ने वर्ष 2021-22 के लिए आपकी कंपनी की लागत लेखापरीक्षा की और लागत लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को निदेशक मंडल द्वारा 22 सितंबर, 2022 को आयोजित उनकी 354 वीं बैठक में अनुमोदित किया गया। उपर्युक्त प्रतिवेदन 19 अक्टूबर, 2022 को एमसीए के साथ एक्सबीआरएल मोड में दायर की गई थी। मेसर्स के.जी. गोयल एंड एसोसिएट, जयपुर को वर्ष 2022-23 के लिए ईसीएल के लिए अग्रणी लागत लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। ई-फॉर्म सीआरए-2 को एसआरएन एफ 26560896 दिनांक 27 सितंबर, 2022 के माध्यम से एमसीए पोर्टल के साथ दायर किया गया है।

सुश्री यतिंदर प्रसाद, जेएस एंड एफए, कोयला मंत्रालय द्वारा सोनपुर बाजारी क्षेत्र की समीक्षा

28.0 सचिवालयिक लेखापरीक्षा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के अनुसरण में, कंपनी ने वर्ष 2022-23 के लिए एक सहकर्मी समीक्षात्मक कंपनी सचिव फर्म मेसर्स मेहता एंड मेहता, पेशेवर कंपनी सचिव द्वारा सचिवालयिक लेखापरीक्षा आयोजित की थी। 24 मार्च, 2022 को आयोजित 360 वीं बोर्ड बैठक में उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी गई थी। कंपनी ने वर्ष 2022-23 के लिए प्रपत्र एमआर-3 में 'सचिवालयिक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन' प्राप्त की है और उनकी टिप्पणी का उत्तर उपाबंध-VIII में संलग्न है।

29.0 भण्डार लेखापरीक्षा :

वित्तीय वर्ष 2018-19 से कंपनी में भण्डार लेखापरीक्षा की अवधारणा को लाया गया है। सीआईएल और इसकी सहायक कंपनियों में लागू कार्य के संशोधित दायरे और संशोधित लेखा परीक्षा शुल्क के साथ भण्डारों के भौतिक सत्यापन के लिए भण्डार लेखापरीक्षकों की नियुक्ति पर सीआईएल के बोर्ड अनुमोदन के अनुपालन में, वर्ष 2019-20 और उसके बाद के लिए भण्डार लेखापरीक्षा आयोजित किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2021-22 तक की लेखापरीक्षा समाप्त हो गई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 और उसके बाद तीन वर्षों की अवधि के लिए भंडार लेखापरीक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और यह प्रक्रियाधीन है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए भंडार बहीखाते में आवश्यक सुधार शामिल किया गया है और वार्षिक खातों में लेखांकन उपचार किया गया है।

उपर्युक्त के अलावा, अपने सभी लेनदेन/गतिविधियों को डिजिटल रूप से संसाधित और अभिलिखित करने के लिए, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने एसएपी (ईआरपी) प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू किया है। कंपनी ने आक्रामक रूप से ई-ऑफिस पोर्टल को भी लागू किया और कंपनी के सभी प्रमुख स्तरों द्वारा इसका उपयोग करना अनिवार्य कर दिया। कंपनी के बही-खातों के रखरखाव के लिए लेखा सॉफ्टवेयर से संबंधित सांविधिक आवश्यकता का सामना करने के लिए, एसएपी (ईआरपी) के लेखा परीक्षा मॉड्यूल के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं ताकि कंपनी के सभी संबंधित व्यक्तियों को अपेक्षित ज्ञान प्रदान किया जा सके।

30.0 जोखिम प्रबंधन नीति

आपकी कंपनी ने कंपनी के लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक मजबूत जोखिम प्रबंधन संस्कृति बनाने के लिए जोखिम प्रबंधन चार्टर और जोखिम रजिस्टर को मंजूरी दे दी है। इकाई स्तर के जोखिम मूल्यांकन में रणनीतिक जोखिम, परिचालन जोखिम, वित्तीय जोखिम और अनुपालन जोखिम सम्मिलित हैं। रजिस्टर के अनुसार, विभिन्न जोखिमों की पहचान की गई है। पहचान किए गए प्रत्येक जोखिम के लिए जोखिम स्वामी और जोखिम न्यूनीकरण योजना के मालिक को भी नामित किया गया है ताकि इसकी निरंतर निगरानी और शमन सुनिश्चित किया जा सके। विभागाध्यक्षों के परामर्श से और जोखिम प्रबंधन समिति के मार्गदर्शन में मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ) की अध्यक्षता में एक जोखिम प्रबंधन टीम ने जोखिम प्रबंधन ढांचे में परिकल्पित शासन प्रक्रिया को लागू किया था और जोखिम शमन योजनाओं को तैयार किया था।

31.0 निदेशकगण का उत्तरदायित्व कथन :

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 की उपधारा (5) के अनुसरण में कंपनी के निदेशक मण्डल एतदद्वारा अभिव्यक्त और पुष्टि करते हैं कि :

अ. 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखा के निर्मिति में, तात्विक विचलनों से संबंधित उचित स्पष्टीकरण के साथ समस्त प्रयोज्य भारतीय लेखांकन मानकों का अनुसरण किया गया है;

आ. निदेशकगणों ने ऐसे लेखांकन नीतियों का चयन और उसे सतत लागू किया था तथा निर्णय एवं प्राक्कलनों किए थे जो युक्तियुक्त एवं प्रज्ञायुक्त है ताकि वित्तीय वर्ष के अंतिम में कंपनी के मामलों की दशाओं एवं उस अवधि के लिए कंपनी के लाभ/हानि का सत्य एवं पारदर्शी रूप प्रदान किया जा सके;

इ. निदेशकगणों ने कंपनी की आस्तियों को सुरक्षा प्रदान करने तथा कपट और अन्य अनियमितताओं के निवारण एवं पता लगाने के निमित्त कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन अभिलेखों के अनुरक्षण के लिए उचित एवं पर्याप्त देखभाल की थी।

ई. निदेशकगणों ने चालू समुत्थान आधारित वार्षिक लेखा निर्मिति की थी;

उ. निदेशकगणों ने कंपनी द्वारा अनुसरण किए जाने वाले आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अभिकथित किए थे और यह कि ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त है तथा प्रभावी ढ़ंग से कार्य कर रहे थे और

ऊ. निदेशकगणों ने सभी प्रयोज्य विधियों के प्रावधानों के अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली की योजना बनाई थी और यह कि ऐसी प्रणालियाँ पर्याप्त एवं प्रभावी ढ़ंग से कार्य कर रही थीं।

32.0 अनुसंधान व विकास परियोजनाएँ :

कार्यरत अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत प्रास्थिति **उपाबंध-I** में दी गई है।

33.0 विज्ञान व प्रौद्योगिकी परियोजनाएँ :

कोयला मंत्रालय के विज्ञान व प्रौद्योगिकी अनुदान के अधीन कार्यरत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान परियोजनाओं के क्रियान्वयन का विस्तृत प्रास्थिति **उपाबंध-I** में दी गई है।

ईसीएल के सोनपुर बाजारी क्षेत्र में खनन मशीनें चल रही हैं

34.0 परियोजना अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन की प्रास्थिति :

परियोजना अनुश्रवण के ब्यौरे एवं क्रियान्वयन की प्रास्थिति **उपाबंध-III** में उल्लिखित है।

35.0 प्रबंधकीय विवेचना एवं विश्लेषण प्रतिवेदन :

प्रबंधकीय विवेचना एवं विश्लेषण प्रतिवेदन को निदेशकगणों के प्रतिवेदन **(उपाबंध-IV)** का भागरूप एक पृथक खण्ड में प्रस्तुत किया जाता है।

36.0 निगमित समाजिक दायित्व :

कंपनी अधिनियम, 2013 धारा 135 (2) के अनुसरण में निगमित सामाजिक दायित्व का प्रतिवेदन निदेशक मण्डल प्रतिवेदन के भागरूप में बने पृथक अनुभाग में प्रस्तुत किया गया है। **(उपाबंध-V)**

37.0 अभिस्वीकृति :

अधिमूल्यन की भावना के साथ आपके निदेशकगण समय-समय पर भारत सरकार मुख्यतः कोयला मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग, पश्चिम बंगाल एवं झारखण्ड राज्य सरकार, कोल इंडिया लिमिटेड, विनिमयकारी व कानूनी निकायों से प्राप्त सहयोग की अभिस्वीकृति करते हैं।

आपके निदेशकगण ग्राहकों के समर्थन, विश्वास एवं प्रतिश्रय की प्रशंसा करते हैं। आपके निदेशकगण कंपनी के परियोजनाओं एवं खनन परिचालनों के निष्पादन में परामर्शियों, विक्रेताओं, संविदाकर्ताओं इत्यादि के योगदान की भी प्रशंसा करते हैं।

सांविधिक लेखापरीक्षकों, लागत लेखापरीक्षकों, सचिवालयिक लेखापरीक्षकों, कर लेखापरीक्षकों, बैंकरों, कंपनियों के रजिस्ट्रार (पश्चिम बंगाल) और भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षकों से प्राप्त मूल्यवान सुझावों की अभिस्वीकृति करते हैं।

आपके निदेशकगण कंपनी के कार्य-निष्पादन प्रदर्शन में कर्मियों के सम्मिलित प्रयासों एवं श्रमिक संगठनों के उदार समर्थन के लिए आपना आभार व्यक्त करना चाहेंगे।

38.0 अनुशेष

प्रतिवेदन में निम्निलिखित कागजात उपाबंधित किए जाते हैं :

i) निगमित सुशासन पर प्रतिवेदन **(उपाबंध – VI)**

ii) 31 मार्च, 2023 के समाप्त वर्ष के लिए निगमित सुशासन पर डीपीई अनुदेश के उपखण्ड 8.2.1 के अनुसरण में निगमित सुशासन के शर्तों के अनुपालन संबंधित व्यावसायिक कंपनी सचिव से प्रमाण-पत्र **(उपाबंध-VII)**

iii) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के अधीन भारत का नियंत्रक महालेखापरीक्षक की टीका-टिप्पणी और प्रबंधन प्रत्युत्तर।

iv) वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए वैधानिक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट।

v) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) का अनुसरण कर व्यवसायतः कंपनी सचिव द्वारा प्रदत्त फॉर्म सं. एमआर-3 में सचिवालीय लेखापरीक्षा प्रतिवेदन **(उपाबंध-VIII)**।

vi) विदेशी मुद्रा उपार्जन एवं व्यय **(उपाबंध- IX)**।

vii) कंपनी के अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के बाबत ब्यौरे **(उपाबंध-X)**।

viii) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 की उपधारा (6) के अधीन कंपनी के अंशकालिक पदीय निदेशकों द्वारा स्वावलंबन की घोषणा यथा उपाबंध-XI परिवेष्ठित किया गया है।

ix) वर्ष 2022-23 के लिए समझौता ज्ञापन की प्राप्ति की स्थिति **(उपाबंध-XII)**

x) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92 के अनुसरण में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कंपनी की **वार्षिक विवरणी** हमारे वेबसाइट लिंक पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के निमित्त और उनकी ओर से

(अंबिका प्रसाद पंडा)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन - 06664375

स्थान : सांकतोड़िया
दिनांक: 10.07.2023

उपाबंध-I

31 मार्च, 2023 तक की ईसीएल के कमान क्षेत्र में कार्यान्वयन किए गए अनुसंधान और विकास परियोजनाओं की प्रास्थिति :

क्रम सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	प्रारंभ होने की तिथि	पूर्णता की अधिसूचित तिथि	प्रगामी संवितरण (₹ लाख में)	प्रास्थिति
1.	भूमिगत विपाशित खनित्र अवस्थान प्रणाली परियोजना कोड : सीआईएल/ आर&डी/1/35/10 कार्यान्वयन अभिकरणे : टीसीएस, सीएमसी & सीएमपीडीआईएल (एमई), राँची	507.45 सीएमपीडीआईएल 36.98 टीसीएस/सीएमसी – 470.47	15 जनवरी, 2010	जून, 2021	447.86 सीएमपीडीआईएल 28.86 टीसीएस/सीएमसी 419.00	यह परियोजना 2010 में शुरू की गई थी। संशोधित कार्यक्रम जून, 2021 था। चूंकि परियोजना के कार्यान्वयन में अत्यधिक विलंब हुआ, इसलिए शीर्षस्थ समिति ने सीआईएल के अनुसंधान व विकास (आर & डी) बोर्ड को इसे समाप्त करने की सिफारिश की। आर एंड डी बोर्ड ने 28.07.2022 को आयोजित अपनी बैठक में उपर्युक्त परियोजना की समाप्ति को मंजूरी दे दी।
2.	खान आकस्मिक निष्क्रमण एवं पुनःप्रवेश क्रमाचार आधारित जोखिम समावेशित भारतीय कोयले का विस्फोटनता के जोखिम मूल्यांकन एवं निर्धारण द्वारा विस्फोटक जोखिम की रोकथाम एवं अल्पीकरण हेतु दिशानिर्देश का विकास। परियोजना कोड : सीआईएल/ आर&डी/1/60/2016 कार्यान्वयन अभिकरणे : आईआईटी-आईएसएम, धनबाद; सीआईएमएफआर, धनबाद; एस&आर प्रभाग; सीआईएल मुख्यालय, कोलकाता; एसआईएमटीओआरएस, ऑस्ट्रेलिया एवं एनआईईआर, यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू कैसल, ऑस्ट्रेलिया	2413.21 आईआईटी-आईएसएम, धनबाद 1617.07 सीआईएमएफआर, धनबाद 796.14	15 अप्रैल, 2016	14 अप्रैल, 2023	2267.76 आईआईटी-आईएसएम, धनबाद 1510.00 सीआईएमएफआर, धनबाद 757.76	सिमटार्स, ऑस्ट्रेलिया इस परियोजना के साथ सहयुक्त था। सिमटार्स, ऑस्ट्रेलिया द्वारा इस परियोजना में सहयुक्त होने से इंकार करने के बाद, न्यूकैसल विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के न्यूकैसल इंस्टीट्यूट ऑफ एनर्जी रिसर्च (एनआईईआर) को इस परियोजना में विस्तार अध्ययन करने के लिए सहयुक्त किया गया है, जो इस परियोजना का एक हिस्सा है। भूमिगत कोयला खानों में आग और विस्फोट के खतरों की रोकथाम और न्यूनीकरण के लिए दिशा-निर्देशों के विकास को छोड़कर कतिपय परिकल्पित उद्देश्यों को आज तक पूरा कर लिया गया है क्योंकि आईआईटी-आईएसएम, धनबाद द्वारा आज तक विस्फोट ट्यूब की अधिप्राप्ति नहीं की गई है।
3.	पुँजोत्पादन तकनीक के लिए खान में वायु की आवश्यकता परियोजना कोड : सीआईएल/ आर&डी/1/63/2016 कार्यान्वयन अभिकरणे : यूएमडी, सीएमपीडीआईएल (मुख्यालय), राँची	491.27	1 नवंबर, 2016	30 सितंबर, 2021	232.38	पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।
4.	कोयला खानों में सुरक्षा एवं उत्पादकता के संवर्धन के लिए आभासी यथार्थ खान अनुकारी (वीआरएमएस) का विकास। परियोजना कोड : सीआईएल/ आर&डी/1/67/2017 कार्यान्वयन अभिकरणे : आईआईटी-आईएसएम, धनबाद; एस&आर विभाग, सीआईएल; ईसीएल; सीएमपीडीआईएल (एमई), राँची; एनसीएल एवं एसएमआई-जेकेटेक पार्टी लि., यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैण्ड, ऑस्ट्रेलिया	1410.40 आईआईटी-आईएसएम, धनबाद 1320.40 सीएमपीडीआईएल, राँची 90.00	1 सितंबर, 2017	31 जुलाई, 2023	1325.49 आईआईटी-आईएसएम, धनबाद 1250.00 सीएमपीडीआईएल, राँची 75.49	इस परियोजना में पहले सिमटार्स, ऑस्ट्रेलिया सहयुक्त हुआ था। सिमटार्स, ऑस्ट्रेलिया द्वारा इंकार करने के उपरांत, एसएमआई-जेके टेक, क्वींसलैंड विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के को परियोजना में सहयुक्त किया गया था। बाद में, एसएमआई-जेके टेक, क्वींसलैंड विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया ने परियोजना से हाथ खींच लिया है। ऐसे में आईआईटी-आईएसएम, धनबाद ने स्वीकृत लागत के भीतर परियोजना को आंतरिक रूप से पूरा करने का निर्णय किया। तदनुसार, परियोजना की अवधि 31 जुलाई, 2023 तक विस्तार की गई थी। एनआईटी को 07.12.2022 को जारी किया गया है। बोली-पूर्व बैठक पूरी हो गई जहाँ उठाए गए प्रश्नों का समाधान किया गया। बोली लगाने वालों को वीआरएमएस दरसूची प्राप्त हुआ है, जो आईआईटी-आईएसएम, धनबाद के समक्ष जांच की प्रक्रिया में हैं।

क्रम सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	प्रारंभ होने की तिथि	पूर्णता की अधिसूचित तिथि	प्रगामी संवितरण (₹ लाख में)	प्रास्थिति
5.	कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के दो संकर्षण खानों पर पूरे वर्ष भर, अधोभौमजल सतह के परिसीमन के साथ, संकर्षण डम्प के भीतर, संकर्षण डम्प के ऊपर शोवेल-डम्पर डम्प के समस्त स्तरों के अभिकल्प के लिए दिशानिर्देशों का विकास एवं विधिमान्यकरण अध्ययन। **परियोजना कोड :** सीआईएल/ आर&डी/1/68/2018 **कार्यान्वयन अभिकरणे :** बीआईटी मेसरा एवं एस&आर प्रभाग, सीआईएल (मुख्यालय), कोलकाता	75.30 बीआईटी, मेसरा	1 मई, 2018	31 जनवरी, 2022	64.00	पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।
6.	चल मशीनरी का लागत दक्ष सुरक्षित संक्रिया के लिए सद्यकाल पुर्वानुमान प्रणाली (आरटीपीएस) के विकास व अंगीकरण : डम्पर काफिला का शोकेस प्रदर्शन। **परियोजना कोड :** सीआईएल/ आर&डी/1/71/2019 **कार्यान्वयन अभिकरणे :** आईआईटी, खड़गपुर; सीआईएमएफआर, धनबाद; लुलेया टेकनोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, स्वीडन एवं ईसीएल सांकतोड़िया	440.30 आईआईटी, खड़गपुर – 180.36; सीआईएमएफआर, धनबाद – 180.00 एलटीयू, स्वीडन – 79.94	16 दिसंबर, 2019	15 मार्च, 2023	300.00 आईआईटी, खड़गपुर – 130.00 सीआईएमएफआर, धनबाद – 130.00 एलटीयू, स्वीडन – 40.00	सोनपुर बाजारी खदान में डंपर संचालन के प्रमुख निष्पादन संकेतकों (केपीआई) की पहचान और लक्षण वर्णन दो डम्परों के लिए किया गया है। परियोजना के परिणामों को प्राप्त करने के लिए एकत्रित आंकड़ों का विश्लेषण किया जा रहा है।
7.	भूमिगत कोयला खानों में संवातन पंखा वायु विद्युत पुनःप्राप्ति प्रणाली यथा विद्युत उर्जा के वैकल्पिक स्रोत का अभिकल्प एवं नियोजन। परियोजना कोड : सीआईएल/ आर&डी/4/12/2021 कार्यान्वयन अभिकरणे : आईआईटी-आईएसएम, धनबाद एवं ईसीएल, सांकतोड़िया	66.70 आरईआईटी-आईएसएम – 66.70 ; ईसीएल – कुछ नहीं	10 फरवरी, 2021	9 फरवरी, 2024	54.00 आईआईटी-आईएसएम, धनबाद – 54.00 ; ईसीएल – कुछ नहीं	प्रमुख उपकरणों की अधिप्राप्ति पूर्ण हो चुकी है। परियोजना स्थल उदाहरणस्वरूप ईसीएल के मुगमा क्षेत्र के कुमारडुबी बीएल इंक्लाइन खान में संवातन पंखे के सम्मुख वायु टरबाइन के अधिस्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। विद्यमान अनुकरण सॉफ्टवेयर के साथ अभिकलनात्मक द्रव्य गतिक (सीएफडी) विश्लेषण पूर्ण हो गया। संवातन पंखा निकास से बिजली उत्पादन की अवधारणा शुरू में परीक्षण के दौरान विद्यमान संवातन मोटर द्वारा खपत बिजली की बचत के साथ साबित होती है। परियोजना निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रही है।
8.	भूमिगत कोयला खानों में प्रयुक्त चानक तल बफर के लिए पाती जाँच प्रसुविधा का अभिकल्प व विकास। परियोजना कोड : सीआईएल/ आर&डी/1/74/2021 कार्यान्वयन अभिकरणे : सीएमईआरआई, दुर्गापुर एवं ईसीएल, सांकतोड़िया	248.61 सीएमईआरआई, दुर्गापुर – 248.61 ईसीएल – कुछ नहीं	10 फरवरी, 2021	9 फरवरी, 2023	230.00 सीएमईआरई, दुर्गापुर – 230.00 ईसीएल – कुछ नहीं	साहित्य सर्वेक्षण पूर्ण हो चुका है। परियोजना सहायकों की भर्ती पूर्ण हुई। कार्यशील कुंडलक के अवधारणा विकास के लिए बांसड़ा कोलियरी का दौरा किया गया है और उसके आधार पर एक संप्रत्यय प्रतिरूप विकसित किया गया है। उपस्करों की अधिप्राप्ति का कार्य प्रगति पर है। एक सॉफ्टवेयर सहित कुछ उपकरणों की अधिप्राप्ति की गई हैं। शेड आर्किटेक्चर डिजाइन पूर्ण हो गया है। शेड का निर्माण जारी रहा। परीक्षण प्रक्रिया और सुरक्षा मानदंड तैयार करने का काम पूरा हो गया। परीक्षण रिग का विकास प्रगति पर है।

क्रम सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	प्रारंभ होने की तिथि	पूर्णता की अधिसूचित तिथि	प्रगामी संवितरण (₹ लाख में)	प्रास्थिति
9.	खनि प्रवणता प्रास्थिति अनुश्रवण के लिए सद्यकाल ऊर्जा दक्षता साइबर-भौतिक आसूचना प्रणाली। **परियोजना कोड :** सीआईएल/आर&डी/1/77/2022 **कार्यान्वयन अभिकरणे :** आईआईटी-आईएसएम, धनबाद; सीएमपीडीआईएल एवं ईसीएल	263.75 आईआईटी-आईएसएम – 238.97 सीएमपीडीआईएल – 24.78	1 फरवरी, 2022	31 जनवरी, 2024	199.42 आईआईटी-आईएसएम : 195.00 सीएमपीडीआई: 4.42	फील्ड डाटा एकत्र करने के लिए सोनपुर बाजारी, ईसीएल का क्षेत्र भ्रमण किया गया। स्केल किए गए मॉडल में सेंसर एकीकरण प्रयोगशाला में शुरू किया गया है। प्रारंभिक चरण में परिसर में छोटे पैमाने पर फील्ड स्थापना की तैयारी। माइक्रो-इलेक्ट्रो मैकेनिकल सिस्टम का लैब स्केल परीक्षण किया जाता है। जिग बी नेटवर्क और एमएसएमई एक्सेलेरोमीटर एकीकरण किया गया। संख्यात्मक मॉडलिंग चल रही है; विभिन्न भू-खनन मापदंडों में भिन्न 1000 से अधिक मॉडल विकसित किए और खदान डंप के व्यवहार में परिवर्तन का विश्लेषण किया। मंत्रालय की निविदा से ग्लोबल टेंडरिंग के लिए अनुमति मांगी गई है, जिसका अभी इंतजार है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रगति कर रहा है।
10.	भूमगित कोयला खानों में वृहत् जल शीर्ष के प्रतिकूल संरक्षी रोध स्तंभ का अभिकल्प। परियोजना कोड : सीआईएल/आर&डी/1/75/2021 कार्यान्वयन अभिकरणे : आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी एवं ईसीएल, सांकतोड़िया	87.47 आईआईटी-बीएचयू: 87.47	1 मई, 2021	31 अक्तूबर, 2023	65.00 आईआईटी-बीएचयू: 65.00	इस काम में अपनाई गई साहित्य समीक्षा निष्कर्षों, अनुसंधान परिकल्पना और पद्धति के आधार पर, अलग-अलग भू-खनन स्थितियों के तहत बाधा स्तंभों की हाइड्रो-मैकेनिकल प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करने के लिए एक गहन संख्यात्मक मॉडलिंग अध्ययन किया गया है। कार्य का एक अंश को एक अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। स्तंभ प्रणाली के माध्यम से प्रवाह के लिए पूर्वानुमानित संबंध भी विकसित किया गया है। विभिन्न प्रवाह व्यवस्थाओं के लिए इष्टतम आकार सुरक्षात्मक बाधा स्तंभों के लिए डिजाइन मानदंडों को अंतिम रूप दिया गया है। आवश्यक आंकड़ों के संग्रह के लिए 17.08.2022 से 19.08.2022 के दौरान परियोजना प्रस्तावक ने ईसीएल के सतग्राम क्षेत्र के सतग्राम इनक्लाइन खदान; केंदा क्षेत्र के लोअर केंदा माइन; बंकोला क्षेत्र एवं श्रीपुर क्षेत्र का दौरा किया। आँकड़े प्राप्त करने और मॉडल परिणामों को मान्य करने के लिए उनकी आपूर्ति के तुरंत बाद, उपकरणों को सीमांकित प्रयोगात्मक खानों में स्थापित किया जाएगा।

क्रम सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	प्रारंभ होने की तिथि	पूर्णता की अधिसूचित तिथि	प्रगामी संवितरण (₹ लाख में)	प्रास्थिति
11.	उच्च राख कोयला गैसीकरम एवं सहयुक्त ऊर्ध्वप्रवाह एवं अनुप्रवाह (कोयला से रसायन, सीटीसी)। परियोजना कोड : सीआईएल/ आर&डी/03/03/2017 कार्यान्वयन अभिकरणे : आईआईटी-आईएसएम, धनबाद; आईआईटी रूड़की; सीएमपीडीआईएल, राँची; एमसीएल, संबलपुर; ईसीएल, सांकतोड़िया एवं सीसीएल, राँची	2160.721 आईआईटी-आईएसएम – 1872.007 आईआईटी, रूड़की – 131.804 सीएमपीडीआईएल, राँची – 156.910	20 जुलाई, 2017	19 जुलाई, 2017	1700.65 आईआईटी-आईएसएम – 1580.00 आईआईटी, रूड़की – 105.00 सीएमपीडीआईएल, राँची – 15.65	परियोजना के सार्थक समापन के लिए, आईआईटी-आईएसएम, धनबाद ने आवश्यक विनिर्देश के गैससिफायर के निर्माण के लिए भेल से संपर्क किया था। इस परियोजना की तकनीकी व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए आईआईटी-आईएसएम, धनबाद; सीएमपीडीआई; सीआईएल और भेल के बीच क्रमशः 3 फरवरी, 2021 और 4 फरवरी, 2021 को सीआईएल, कोलकाता और आईआईटी-धनबाद में एक बैठक हुई है। भेल ने दिनांक 24.02.2021 के ईमेल के माध्यम से परियोजना के लक्ष्यों और उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सीआईएल और आईआईटी के साथ संयुक्त रूप से काम करने के लिए सिद्धांत रूप में सहमति व्यक्त की। तथापि, सीएमपीडीआई को कोई ठोस प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया है। दिनांक 5 जुलाई, 2021 के मेल के माध्यम से, आईआईटी-आईएसएम धनबाद ने सूचित किया है कि आईआईटी-आईएसएम और भेल एक उपयुक्त समझौते के माध्यम से एसोसिएशन के तौर-तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं। इस मुद्दे को 03.09.2021 को आयोजित सीआईएल आर एंड डी बोर्ड की 31 वीं बैठक में रखा गया था। सीआईएल आर एंड डी बोर्ड ने आईआईटी-आईएसएम, धनबाद को भेल के साथ एक समझौता । ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने और सभी कार्यान्वयन एजेंसियों की भूमिका और दायित्वों, अब तक किए गए अंतिम व्यय, प्रत्येक एजेंसी को धन की आवश्यकता और आईआईटी-आईएसएम, धनबाद और आईआईटी-रुड़की द्वारा परियोजना के तहत अब तक खरीदे गए प्रत्येक उपकरण के उपयोग को विस्तृत परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जिसे पुनर्विचार के लिए शीर्षस्थ समिति में रखा जाएगा। इस परियोजना को फिर से शुरू करने से संबंधित मुद्दे पर 25.11.2021 को आयोजित शीर्षस्थ समिति की 35 वीं बैठक में फिर से विचार किया गया, समिति ने आईआईटी-आईएसएम, धनबाद को मामले में तेजी लाने और 31 दिसंबर 2021 तक संशोधित और ठोस प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। 21.11.2022 को आयोजित शीर्ष समिति की 37 वीं बैठक में परियोजना को आगे जारी रखने से संबंधित मामले पर फिर से चर्चा की गई। इस बैठक में, भेल के महाप्रबंधक/प्रभारी/कॉरपोरेट अनुसंधान एवं विकास – शीर्षस्थ समिति के सदस्य श्री के रवि शंकर ने कहा कि भेल ने प्रेसराइजड प्लूडाइजड बेड गैसीकरण प्रौद्योगिकी (पीएफबीजी) आधारित पायलट संयंत्र स्थापित किया है जो उनकी घरेलू प्रौद्योगिकी पर आधारित है और अब इसके वाणिज्यिक उन्नयन पर काम कर रहा है और भेल के लिए परियोजना में शामिल तीसरे पक्ष के साथ जुड़ना अच्छा नहीं होगा। इस प्रकार, भेल भविष्य में उपर्युक्त परियोजना में शामिल होने में रुचि नहीं रखता

क्रम सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	प्रारंभ होने की तिथि	पूर्णता की अधिसूचित तिथि	प्रगामी संवितरण (₹ लाख में)	प्रास्थिति
						है। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, शीर्ष समिति ने परियोजना को समाप्त करने की सिफारिश सीआईएल के अनुसंधान एवं विकास बोर्ड को विचारार्थ की थी। इस मामले पर सीआईएल के अनुसंधान एवं विकास बोर्ड की आगामी बैठक में विचार-विमर्श किया जाएगा
12.	हाईवॉल खनन व्यवहार्यता मूल्यांकन और लेआउट डिजाइन। परियोजना कोड : सीआईएल/ आर&डी/01/78/2022 कार्यान्वयन अभिकरणे : भूमिगत खनन प्रभाग (यूएमडी); सीएमपीडीआई (मुख्यालय), राँची; कॉमनवेल्थ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (सीआईएसआरओ), ऑस्ट्रिलया एवं सीआईएल (मुख्यालय), कोलकाता	493.53 सीएसआईआरओ, ऑस्ट्रेलिया: 323.63 (एयू $ 588131)] ; सीएमपीडीआई, रांची: 76.06; सीएसआईआरओ, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लागू कर: 93.84]	11 जुलाई, 2022	10 जुलाई, 2024	सीएसआईआरओ, ऑस्ट्रेलिया- एयू $: 200000; सीएमपीडीआई – कुछ नहीं	सीएसआईआरओ, सीएमपीडीआईएल और सीआईएल के परियोजना प्रस्तावकों ने स्थल की स्थिति की जांच करने के लिए सीआईएल की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों की 20 खानों का दौरा किया। उपर्युक्त दौरे के दौरान फील्ड/दृश्य अवलोकनों और खान कार्मियों के साथ विचार-विमर्श के आधार पर हाईवॉल खनन के पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन के लिए 20 खानों का प्रारंभिक मूल्यांकन किया गया और दिसंबर 2022 में हाईवॉल खनन व्यवहार्यता के प्रारंभिक मूल्यांकन पर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। अवलोकनों और चर्चा के आधार पर, यह पाया गया कि 7 खानों को हाई वॉल खनन के लिए अच्छी स्थिति माना जाता है, 9 खानों में उचित परिस्थितियां हैं और 4 खानों को हाई वॉल प्रौद्योगिकियों के कार्यान्वयन के लिए उपयुक्त (कठिन भू-तकनीक और आरक्षित स्थितियां) नहीं पाया गया। 7 चिन्हित खानों में से, दो खानों नामतः सीसीएल की डकरा बुकबुका ओसी और बीसीसीएल की एक अन्य खदान को सीएसआईआरओ, ऑस्ट्रेलिया द्वारा विस्तृत डिजाइन के लिए चुना गया है। सीसीएल के डकरा बुकबुका ओसी पर हाईवॉल खनन लेआउट के लिए विस्तृत डिजाइन के लिए कुछ इनपुट डेटा भूमिगत प्रभाग, सीएमपीडीआई, रांची से माँगा गया है।
13.	ओपनकास्ट माइन डंप पर ब्लास्टिंग का प्रभाव और ब्लास्ट प्रेरित कंपन और डंप डिजाइन के बीच संबंधों का विकास। परियोजना कोड : सीआईएल/ आर&डी/01/73/2021 कार्यान्वयन अभिकरणे : सीएमपीडीआई (मुख्यालय), राँची; आईआईटी-आईएसएम, धनबाद एवं बीआईटी, मेसरा	344.22 सीएमपीडीआई: 202.96 आईआईटी-आईएसएम: 108.26 बीआईटी मेसरा: 33.00	10 फ़रवरी, 2021	9 अगस्त,, 2023	251.59 सीएमपीडीआई: 121.59 आईआईटी-आईएसएम: 100.00 बीआईटी मेसरा: 30.00	अशोका ओसीपी और सोनपुर बाजारी ओसीपी, ईसीएल में परीक्षण पूर्ण हो चुका है। अशोका ओसीपी और सोनपुर बाजारी ओसीपी, ईसीएल के मौजूदा डंपों से एकत्र किए गए ओबी नमूनों की प्रयोगशाला जांच पूरी कर ली गई है। बेंडर तत्व परीक्षण सुविधा और सार्वभौमिक परीक्षण मशीन की अधिप्राप्ति और अधिस्थापना की गई है। संख्यात्मक मॉडलिंग की विवेकपूर्ण तत्व विधि प्रगति पर है। हेट्रोजेनस डंप सामग्री गुणों के संबंध में एफओएस का संबंध प्राप्त किया गया है। यूडीईसी के माध्यम से ओबी डंप ढलान के तल से विभिन्न दूरी पर विस्फोट के लिए ओबी डंप ढलान का विश्लेषण किया गया है। 3 डीईसी सॉफ्टवेयर में मॉडलिंग शुरू की गई है।

क्रम सं.	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	प्रारंभ होने की तिथि	पूर्णता की अधिसूचित तिथि	प्रगामी संवितरण (₹ लाख में)	प्रास्थिति
14.	मुगमा क्षेत्र, ईसीएल के श्यामपुर बी कोलियरी के लिए सतत खनित्र (सीएम) तैनाती द्वारा पेस्ट फिल प्रौद्योगिकी और निष्कर्षण पद्धति के लिए अग्रानुक्रम दृष्टिकोण का विकास परियोजना कोड : सीआईएल/ आर&डी/04/18/2022 कार्यान्वयन अभिकरणे : ईसीएल, सांकतोड़िया एवं सीआईएमएफआर, धनबाद	4997.45 ईसीएल: 4822.66 सीआईएमएफआर: 174.79	15 सितंबर, 2022	14 सितंबर, 2024	4920.00 ईसीएल: 4790.00 सीआईएमएफआर: 130.00	ईसीएल ने प्रस्तावित संयंत्र की स्थापना के लिए निविदा जारी की है, जिसमें केवल एक बोलीदाता ने भाग लिया। निविदा समिति ने संभावित बोलीदाताओं से सुझाव/फीडबैक प्राप्त होने के बाद संशोधित एनआईटी/निविदा दस्तावेज के लिए सिफारिश की। टीसी की सिफारिश समीक्षा के लिए आरआई-आई, सीएमपीडीआई को भेज दी गई है। पेस्ट की क्षमता में सुधार के लिए सीआईएमएफआर, धनबाद में प्रयोग किए जा रहे हैं। सीआईएमएफआर द्वारा दो उपस्करों की अधिप्राप्ति की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।
15.	नरम कवर के तहत खंभों के निष्कर्षण के लिए सुरक्षित पार्टिंग मोटाई और इष्टतम गोफ एज समर्थ आवश्यकता का आकलन। परियोजना कोड : सीआईएल/ आर&डी/01/79/2022 कार्यान्वयन अभिकरणे : आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी; ईसीएल, सांकतोड़िया; सीसीएल, राँची एवं एसईसीएल, बिलासपुर	182.29 आईआईटी-बीएचयू: 182.29	2 जनवरी, 2023	1 जनवरी, 2025	100.00 आईआईटी-बीएचयू: 100.00	उपर्युक्त परियोजना 02.01.2023 से आरंभ की गई है। साहित्य समीक्षा की जा रही है। परियोजना सहायकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उपकरणों की अधिप्राप्ति की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है।

श्री संजय कुमार साहू, जीएम (बंकोला), ईसीएल को 1 नवंबर, 2022 को 'ईसीएल के सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र जीएम पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

श्री अभय कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), ईसीएल को 1 नवंबर, 2022 को 'ईसीएल के सर्वश्रेष्ठ एचओडी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

उपाबंध-II

31 मार्च, 2023 तक की ईसीएल के कमान क्षेत्र में कार्यान्वयन किए गए कोयला मंत्रालय द्वारा निधिक वैज्ञानिक और तकनीकी परियोजनाओं के कोयले की प्रास्थिति :

क्रम सं.	कोड के साथ परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (₹ लाख में)	प्रारंभ होने की तिथि	पूर्णता की पुनरीक्षित/ अधिसूचित तिथि	प्रगामी संवितरण (₹ लाख में)	प्रास्थिति
1.	खान सुरक्षा एवं उत्पादकता वर्धन के लिए दीर्घभित्ति परिरक्षक दाबों के अनुश्रवण, विश्लेषण एवं निर्वचन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी समर्थ स्वदेशी विकास। परियोजना कोड : एमटी-172 कार्यान्वयन अभिकरणे : सीएमपीडीआईएल, राँची; आईआईटी, खड़गपुर एवं ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सांकतोड़िया	471.00 आईआईटी खड़गपुर – 367.16 सीएमपीडीआईएल – 103.84 ईसीएल- कुछ नहीं	1 दिसंबर, 2020	30 नवम्बर, 2023	339.98 आईआईटी खड़गपुर – 320.00 सीएमपीडीआईएल – 19.98 ईसीएल- कुछ नहीं	शियरर स्थिति निगरानी और विश्लेषण प्रणाली की अधिप्राप्ति की गई है और वर्तमान में लांगवॉल फेस में चालू शीयर में स्थापित किया गया है। अन्य सभी उपकरणों की अधिप्राप्ति कर ली गई है। हाइड्रोलिक चॉक-शील्ड पावर सपोर्ट में डिजिटल दबाव सेंसर स्थापित करने के लिए उपकरण निर्माता सीओडीसीओ से प्राप्त अनुमति कर ली गई है। फील्ड परीक्षण के लिए शक्ति समर्थन की पहचान और चयन के लिए फील्ड दौरा किया गया। डेटा के हस्तांतरण के लिए, फाइबर ऑप्टिक केबल (लंबाई में 5 किमी) को लांगवॉल पैनल में सतह से भूमिगत तक बिछाया गया है। मास्टर कंट्रोलर स्थापित करने के लिए मेन गेट रोड ट्रॉली को बनाया गया है और लॉन्गवॉल फेस पर ले जाया गया है। चेहरे की प्रगति के रूप में ढाल दबाव भिन्नताओं के पैटर्न को फिर से व्यवस्थित करने के लिए एल्गोरिदम विकसित किया गया है। डेटा अधिग्रहण प्रणाली का स्वदेशी विकास प्रगति पर है। झांझरा लॉन्गवॉल पैनल में विकसित प्रणाली के फील्ड ट्रायल की अनुमति के लिए 09.02.2022 को डीजीएमएस में आवेदन किया। डीजीएमएस की अनुमति 19.05.2022 को प्राप्त हुई। झांझरा भूमिगत खान, ईसीएल में हाल ही में पूरा हुए लॉन्गवॉल पैनल में फील्ड ट्रायल किया गया। फील्ड ट्रायल अगले लॉन्गवॉल पैनल में जारी रखा जाएगा। डेटा प्रस्तुति मॉड्यूल तैयार है और वर्तमान में सतह पर यूजी डेटा प्राप्त किया जा रहा है। कंप्यूटर सर्वर में यूजी फील्ड डेटा की मात्रा के आधार पर इसे और अपग्रेड किया जाएगा। इन मॉड्यूल को सूचना प्रौद्योगिक सक्षम बनाया जाएगा और एक ऐप के माध्यम से मोबाइल फोन पर भेजा जाएगा।
2.	भू-भौतिकीय तकनीक प्रयुक्त भूमिगत कोयला खानों में पूराने कार्य-स्थल अनधिगम्य में खनन प्रभावित उप-सतही कोटरों एवं जलभराव क्षेत्रों के कारण जोखिमों का अध्ययन। परियोजना कोड : एमटी-173 कार्यान्वयन अभिकरणे : आईआईटी-आईएसएम, धनबाद एवं ईसीएल, सांकतोड़िया	199.96 आईआईटी-आईएसएम-199.96 ईसीएल – कुछ नहीं	15 मार्च, 2021	14 मार्च, 2023	199.00 आईआईटी-आईएसएम -199.00 ईसीएल – कुछ नहीं	साहित्य सर्वेक्षण पूर्ण हो चुका है। उपकरणों की अधिप्राप्ति पूर्ण हो गई है। प्रस्तावित कार्य के लिए सिमुलेशन आयोजित किया गया। ईसीएल में श्यामपुर और रतिबाटी कोलियरी और बीसीसीएल में जोगीडीह कोलियरी के कुछ हिस्सों में विस्तृत ईआरटी डेटा एकत्र किया गया है। श्यामपुर कोलियरी, ईसीएल के कुछ हिस्सों को कवर करते हुए चुंबकीय डेटा एकत्र किया गया है। 24 एटम सिस्मोग्राफ सफलतापूर्वक स्थापित किए गए हैं और अनुकूलित डेटा अधिग्रहण के लिए परीक्षण किया जा रहा है। डीबी रोड, कालीपहाड़ी, रतिबाटी कोलियरी, ईसीएल के साथ अस्थिर जोन मैपिंग आयोजित की गई। डीबी रोड, कालीपहाड़ी, रातिबती कोलियरी, ईसीएल की कार्य योजना इन क्षेत्रों के आसपास कार्य के संभावित संवेदनशील क्षेत्रों को इंगित करती है जिन्हें ईआरटी परीक्षण द्वारा मान्य किया गया था।
3.	सुरक्षा और उत्पादन को बढ़ाने के उद्देश्य से भूमिगत खानों के खतरे की निगरानी के लिए एक उपकरण के रूप में सूक्ष्म भूकंपीयता का उपयोग। प्रोजेक्ट कोड: MT-178 कार्यान्वयन अभिकरणे : आईआईटी, खड़गपुर; सीएमपीडीआईएल, राँची एवं ईसीएल, सांकतोड़िया	199.78 आईआईटी, खड़गपुर: 145.5 0सीएमपीडीआई: 54.28 ईसीएल- कुछ नहीं	29 दिसंबर, 2022	28 दिसंबर, 2024	100.00 आईआईटी, खड़गपुर: 100.00 सीएमपीडीआई: कुछ नहीं ईसीएल: कुछ नहीं	साहित्य सर्वेक्षण आरंभ हुआ। उपकरणों की अधिप्राप्ति आरंभ हुआ। परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए ईसीएल अधिकारियों के साथ क्षेत्र का दौरा किया गया और चर्चा की गई।

उपाबंध -III

चालू परियोजनाओं के परियोजना अनुश्रवण एवं कार्यान्वयन प्रास्थिति :

क्रम	परियोजना का नाम	स्वीकृत पूँजी (₹ करोड़)	अनुमोदन की मूल तिथि	पूरण की अधिसूचित तिथि	पूरण की प्रत्याशित तिथि	कार्यान्वयन की प्रास्थिति
1.	सोनपुर बजारी विस्तारित खुली खदान (12.00 मि.टन प्रति वर्ष)	5365.88	जुलाई, 2021	मार्च, 2029	मार्च, 2029	निम्न वित्तीय वर्ष में प्राप्त उत्पादन 2020-21: 9.48 मि.टन 2021-22: 9.62 मि.टन 2022-23: 11.999 मि.टन
2.	हुर्रा सी खुली खदान (3.00 मि.टन प्रति वर्ष)	ईसीएल अंश : 859.41 (वर्तमान 289.42 सहित)	अगस्त, 2022	मार्च, 2029	मार्च, 2029	चरण-II वानिकी सहमति प्राप्त किया गया और भूमि दखल दियानी प्रक्रियाधीन है। यथा परियोजना ने 260.95 करोड़ का पूँजीगत व्यय उपगत किया है, पुनर्विलोकित लागत प्रत्याशा (आरसीई) को आगामी ईसीएल निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। 2022-23 में 0.239 मि.टन उत्पादन की प्राप्ति हुई है।
3.	झांझरा विस्तारित भूमिगत (5.00 मि.टन प्रति वर्ष)	1210.12	अप्रैल, 2020	मार्च, 2029	मार्च, 2029	निम्न वित्तीय वर्ष में प्राप्त उत्पादन 2020-21: 3.57 मि.टन 2021-22: 3.63 मि.टन 2022-23: 2.917 मि.टन
4.	न्यू केन्दा खुली खदान परियोजना (1.20 मि.टन प्रति वर्ष)	127.72	नवम्बर, 2014	मार्च, 2019	मार्च, 2023	28.12.2018 को कोयला उत्पादन आरंभ हुआ। निम्न वित्तीय वर्ष में प्राप्त उत्पादन - 2020-21: 0.300 मि.टन 2021-22: 0.241 मि.टन 2022-23: 0.014 मि.टन
5.	चितरा पूर्वी खुली खदान (आरसीई) (2.50 मि.टन प्रति वर्ष)	513.99	अगस्त, 2018	मार्च, 2024	मार्च, 2024	निम्न वित्तीय वर्ष में प्राप्त उत्पादन - 2020-21: 0.873 मि.टन 2021-22: 0.990 मि.टन 2022-23: 1.031 मि.टन वानिक सहमति चरण-II प्राप्त किया, भूमि दखल दियानी तथा पुनर्वासन व पुनर्व्यवस्थापन प्रक्रिया में हैं।
6.	मोहनपुर विस्तारित खुली खदान (2.50 मि.टन प्रति वर्ष)	888.99	नवंबर, 2020	मार्च, 2025	मार्च, 2025	निम्न वित्तीय वर्ष में प्राप्त उत्पादन 2020-21: 0.820 मि.टन 2021-22: 0.769 मि.टन 2022-23: 1.082 मि.टन भूमि दखल दियानी तथा पुनर्वासन व पुनर्व्यवस्थापन प्रक्रिया में हैं।
7.	खोट्टाडीह सीएम भूमिगत (0.60 मि.टन प्रति वर्ष)	127.17	मई, 2015	मार्च, 2016	मार्च, 2023	मार्च, 2021 में सतत खनित्र का प्रवर्तन किया गया है। 2021-22 के दौरान प्राप्त कोयला उत्पादन सतत खनित्र से 0.194 मि.टन सहित 0.401 मि.टन है। 2022-23 के दौरान प्राप्त कोयला उत्पादन सतत खनित्र से 0.332 मि.टन सहित 0.539 मि.टन है।
8.	सिदुली (खुली खदान : 1.20 एवं भूमिगत : 1.63 मि.टन प्रति वर्ष)	535.18	मई, 2018	मार्च, 2026	मार्च, 2026	खुली खदान पैच (चरण-1) के लिए 16.08.2021 को एओए निर्गत किया गया था। जनवरी, 2022 में उपरि संस्तर हटाव आरंभ हुआ। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 1.41 लाख घनमीटर एवं 2022-23 में 0.66 लाख घनमीटर उपरि संस्तर हटाव हुआ।
9.	नकराकोंडा कुमारडीह बी खुली खदान (3.00 मि.टन प्रति वर्ष)	502.68	अगस्त, 2018	मार्च, 2029	मार्च, 2029	18.04.2022 को कोयला उत्पादन आरंभ हुआ। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 0.444 मि.टन उत्पादन की प्राप्ति हुई।
10.	तिलाबोनी भूमिगत (1.86 मि.टन प्रति वर्ष)	ईसीएल अंश: 749.07 (वर्तमान 39.53 सहित)	जनवरी, 2023	मार्च, 2027	मार्च, 2027	मेसर्स जेएमएस माइनिंग प्रा. लि. को 30.03.2023 को एलओए निर्गत किया गया।

क्रम	परियोजना का नाम	स्वीकृत पूँजी (₹ करोड़)	अनुमोदन की मूल तिथि	पूरण की अधिसूचित तिथि	पूरण की प्रत्याशित तिथि	कार्यान्वयन की प्रास्थिति
11.	परासिया-बेलबाद भूमिगत (2.07 मि.टन प्रति वर्ष)	ईसीएल अंश: 389.10 (वर्तमान 106.52 सहित)	जनवरी, 2023	मार्च, 2027	मार्च, 2027	मेसर्स गेनवेल कमोसेल्स प्राइवेट लिमिटेड को 30.03.23 को एलओए जारी किया गया।
12.	श्यामसुंदरपुर भूमिगत (सर्पी इकाई सहित) (1.59 मि.टन प्रति वर्ष)	483.65	अप्रैल, 2020	मार्च, 2025	मार्च, 2025	निम्न वित्तीय वर्ष में प्राप्त उत्पादन - 2020-21: 0.754 मि.टन 2021-22: 0.645 मि.टन 2022-23: 0.661 मि.टन
13.	बोनजेमेहारी विस्तारित खुली खदान परियोजना (1.00 मि.टन प्रति वर्ष)	570.12	अगस्त, 2021	मार्च, 2025	मार्च, 2025	बाह्य स्रोतो द्वारा 44.41 लाख घनमीटर उपरि संस्तर (ओ.बी.) के साथ 11.54 लाख टन कोयला निष्कर्षण के लिए एक्ससेंट्रिक विब्रो रिप्पर के विकास के निहार्थ दिनांक 17.10.2022 को एओए निर्गत किया गया। दिनांक 30.11.2022 को एम/सी अपनी सेवा देना आरंभ किया। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान उपरि संस्तर (ओ.बी.) हटाव 5.37 लाख घनमीटर एवं कोयला निष्कर्षण 44173 टन रहा।
14.	खोट्टाडीह विस्तारित खुली खदान परियोजना (1.60 मि.टन प्रति वर्ष)	140.25	मई, 2017	मार्च, 2020	दिसम्बर, 2021	निम्न वित्तीय वर्ष में प्राप्त उत्पादन - 2020-21: 0.689 मि.टन 2021-22: 0.622 मि.टन 2022-23: 0.532 मि.टन परियोजनाओं के मूल्यनिरूपण, मूल्यांकन और अनुमोदन के लिए सीआईएल बोर्ड की अधिकार प्राप्त उप-समिति द्वारा 22.06.2022 को पूरण प्रतिवेदन अनुमोदित की गई है।
15.	कुमारडीह-बी सीएम भूमिगत (1.02 मि.टन प्रति वर्ष)	117.91	मई, 2014	मार्च, 2023	जून, 2022	एलएचसीएम का प्रवर्तन 11.12.2019 को किया गया है और एसएचसीएम का 08.01.2022 को प्रवर्तन किया गया है। निम्न वित्तीय वर्ष में प्राप्त उत्पादन - 2020-21: 0.519 मि.टन 2021-22: 0.748 मि.टन 2022-23: 1.329 मि.टन

COALRR के कार्यान्वयन के लिए एनआईसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

प्रबंधकीय विवेचना व विश्लेषण प्रतिवेदन

एक आघात-सह अर्थव्यवस्था :

क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के मामले में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसका सकल घरेलू उत्पाद चीन (33 ट्रिलियन डॉलर) और संयुक्त राज्य अमेरिका (26 ट्रिलियन डॉलर) के पीछे 13 ट्रिलियन डॉलर है। बाजार विनिमय दर पर, भारत का सकल घरेलू उत्पाद $3.73 ट्रिलियन इसे दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में पांचवें स्थान पर ले जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2023 में 7 प्रतिशत रही जो इससे पूर्व वित्तीय वर्ष में 8.7 प्रतिशत थी। भारतीय आर्थिक सुधार में उछाल बढ़ती मुद्रास्फीति, आपूर्ति शृंखला व्यवधान, भू-राजनीतिक तनाव आदि से प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना कर रहा है, जो अनुमानित विकास दर को नीचे खींच रहा है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति दर (खाद्य और ईंधन को छोड़कर) यानी कोर मुद्रास्फीति और गैर-खाद्य मुद्रास्फीति दर उच्च बनी हुई है। पूरे वित्तीय वर्ष 2023 में थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति दर भी दोहरे अंकों में थी, इसलिए जीडीपी अनुमानों को उच्च अपस्फीतिकारकों द्वारा शामिल किया गया है। अत, अर्थव्यवस्था में निरंतर उच्च मुद्रास्फीति नीति निर्माताओं के लिए चिंता का विषय है। इसके अलावा, पिछले वर्षों में महामारी के दौरान वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो गई थी, और अब भी बहुत नाजुक स्थिति में है। कई देशों के लिए रूस-यूक्रेन युद्ध से बिगड़ती स्थिति बढ़ गई है, विशेष रूप से जो बाहर से ऊर्जा संसाधनों पर बहुत अधिक निर्भर हैं।

Sharp rise in commodity prices due to the Russia-Ukraine conflict; prices yet to reach pre-conflict levels



Source: IMF

यदि हम ऊर्जा की माँग को हाल की गर्मी की लहर द्वारा समर्थित आर्थिक विस्तार का बैरोमीटर मानते हैं, तो यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पीक पावर की मांग पिछले साल के पहले के उच्च स्तर को पार करते हुए 220 गीगावॉट को पार कर गई है, जो अर्थव्यवस्था में लचीलापन दिखाने के लिए पूर्व-कोविड स्तर से बहुत अधिक है, जहाँ बिजली की माँग कुल ऊर्जा माँग का एक बड़ा हिस्सा है। इस पृष्ठभूमि पर, यह ध्यान रखना प्रासंगिक है कि जीवाश्म ईंधन के रूप में कोयला भारत में बहुतायत में उपलब्ध है और राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग 55% पूरा करता है। इसलिए जीविका के लिए कोयले की प्रासंगिकता को भारत में दूर नहीं किया जा सकता है।

विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों के अनुमान के अनुसार भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है।

India growth projections by various agencies for FY 23



Source: Various Agencies
Note: ADB stands for Asian Development Bank, IMF is International Monetary Fund

भारत में कोयला निचय

सीएमपीडीआई, एमईसीएल, जीएसआई, एससीसीएल और अन्य द्वारा अनुमानित संसाधनों के आधार पर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा विनिर्मित 01.04.2022 की स्थिति के अनुसार और 1200 मीटर की गहराई तक भारतीय कोयले के भूवैज्ञानिक संसाधनों की वस्तुसूची 361.41 बि.टन है। संसाधन मुख्य रूप से झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र में पाए गए हैं।



01.04.2022 को यथा प्रकार-वार और श्रेणी-वार संसाधन :

(संसाधन मिलियन टन में)

गहराई सीमा (मी.)	माप (331)	इंगित (332)	अनुमानित (333)		कुल
			गवेषण	मानचित्रण	
गोंडवाना कोयला					
कोककर					
0-300	8.24	4.15	0.04	0.00	12.43
0-600	8.70	0.00	0.00	0.00	8.70
300-600	1.52	5.01	0.74	0.00	7.27
600-1200	2.41	3.12	1.17	0.00	6.70
0-1200	20.87	12.28	1.95	0.00	35.10
अकोककर					
0-300	120.85	57.37	6.72	0.00	184.94
0-600	5.66	0.44	0.00	0.00	6.10
300-600	34.74	61.00	12.06	0.00	107.80
600-1200	4.39	16.03	5.39	0.00	25.81
0-1200	165.64	134.84	24.17	0.00	324.65
तृतीयक कोयला					
उच्च सल्फर					
0-300	0.41	0.11	0.19	0.75	1.46
300-600	0.18	0.02	0.00	0.00	0.20
0-600	0.59	0.13	0.19	0.75	1.66

01.04.2022 को यथा गहराई-वार और श्रेणीवार संसाधन

(संसाधन मलियिन टन में)

गहराई सीमा (मी.)	कोककर			अकोककर			उच्च सल्फर	कुल जोड़
	प्राइम	मीडियम	अर्ध कोकर	श्रेष्ठ (ग्रेड1-ग्रेड6)	अवर (ग्रेड7-ग्रेड17)	उन्नत		
0-300	0.00	11.96	0.47	21.69	156.53	6.72	1.46	198.82
0-600	4.05	4.65	0.00	0.20	5.90	0.00	0.00	14.81
300-600	0.00	6.51	0.76	13.79	81.95	12.06	0.20	115.27

गहराई सीमा (मी.)	कोककर			अकोककर			उच्च सल्फर	कुल जोड़
	प्राइम	मीडियम	अर्ध कोकर	श्रेष्ठ (ग्रेड1-ग्रेड6)	अवर (ग्रेड7-ग्रेड17)	उन्नत		
600-1200	1.26	4.96	0.48	3.43	16.99	5.39	0.00	32.51
0-1200	5.31	28.08	1.71	39.11	261.37	24.17	1.66	361.41



ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का विहंगावलोकन :

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल), कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कोयला खान प्राधिकरण लिमिटेड (सीएमएएल) की पूर्वी प्रभाग के साथ निहित 414 खानों के अधिग्रहण द्वारा दिनांक 01 नवंबर, 1975 को निगमित किया गया था और इस तिथि से कंपनी अपनी वाणिज्यिकीय परिचालन आरंभ किया था। यह पश्चिम बंगाल एवं झारखण्ड राज्य में परिचालित होती है। यहाँ 80 खननशील खदानें जिसमें 48 भूमिगत खदानें, 23 खुली खदानें और 9 मिश्रित खदानों के साथ 13 परिचालन क्षेत्र हैं। ईसीएल भारत में सबसे अच्छी गुणवत्ता वाली कोयला उत्पादक कंपनियों में से एक है। 01.04.2022 की स्थिति के अनुसार, ईसीएल के पास 55.147 बि.टन का निचय था, जिसमें पश्चिम बंगाल के कमान क्षेत्रों में 33.856 बि.टन और झारखंड राज्य में 21.291 बि.टन समाविष्ट थे।

SWOT विश्लेषण :

शक्तियाँ :

अ. पश्चिम बंगाल में 33.856 बिलियन टन कोयले का कुल भूवैज्ञानिक निचय, जिसमें से 17.234 बिलियन टन प्रमाणित श्रेणी में है। रानीगंज कोलफील्ड्स में 20% से कम की औसत राख सामग्री वाले उच्च ग्रेड कोयले को ऊर्जा दक्षता में सुधार के लिए मिश्रित किया जा सकता है।

आ. खदानें राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे कॉरिडोर के साथ स्थित हैं जो आसानी से सुगम्य निष्क्रमण प्रदान करती हैं।

इ. ब्राह्मणी और अमरकोंडा-मुर्गदंगल कोयला ब्लॉकों में कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए कोयले का विशाल निचय है।

ई. खुली खदान, भूमिगत परिचालनों के लिए भिन्न-भिन्न खनन प्रौद्योगिकियों को लागू करने की भूवैज्ञानिक संभावना।

उ. तकनीकी हस्तक्षेप के जरिए उत्पादन में गति लाने की व्याप्ति।

ऊ. प्रभरण स्कंध और/या ईंधन के रूप में उपयोग करने के लिए उच्च ग्रेड वाले अकोककर कोयले।

ऋ. सामंजस्यपूर्ण औद्योगिक संबंध।

अशक्तियाँ :

अ. यद्यपि रानीगंज कोयला क्षेत्र में कोयला खनन लगभग ढाई सदी पहले शुरू हुआ था, इसलिए विरासत के मुद्दों के कारण विस्तार बाधित हुआ है।

आ. अति पम्पन एवं रेत भूगर्त भरण लागत।

इ. ऊपरी जल-जमाव वाली संस्तर निचले संस्तरों में पूँजोत्पादन प्रौद्योगिकी के आरंभन में बाधा डालती हैं।

ई. कठिन भू-खननीय दशाएँ एवं बहु शीर्ण संस्तर परिचालन।

उ. आबादी वाले क्षेत्र खदान के विस्तारिकरण और खुली खदान परिचालनों में बाधा डालना।

ऊ. पुरानी भूमिगत खदानों में परिचालन संबंधी चुनौतियों में वृद्धि करना।

ऋ. नियत लागत तत्वों का बड़ा हिस्सा परिचालन सुनम्यता को कम करना।

अवसर :

अ) ई-विपणन के माध्यम से कोयले के लिए बेहतर मूल्य की प्राप्ति।

आ) विशेष रूप से खुली खदानों में हाईवॉल खनन प्रौद्योगिकी शुरू करने की संभावना, जिसे प्रमुख सतही व्यवधानों के कारण आगे विस्तारित नहीं किया जा सकता है।

इ) अनिरंतरित/परित्यक्त खानों को राजस्व साझाकरण मॉडल के माध्यम से और खानों के संचालन के लिए एमडीओ मार्ग के माध्यम से परिचालित करने की पेशकश में सकारात्मक प्रतिक्रिया।

ई) पट्टाधृत क्षेत्र के भीतर कोयला संस्तर मिथेन (सीबीएम) के गवेषण एवं संदोहन।

उ) अकोककर कोयले के बढ़ती उपयोगिता से गहरा और विस्तारी बाजार का निर्माण।

संकट :

अ. भूमि अधिग्रहण का विरोध।

आ. असुरक्षित/पुरानी भूमिगत खानों को भी बंद करने का विरोध।

इ. पर्यावरणीय कानूनों को कठोर करना।

ई. खनन क्षेत्रों में अवैध खनन और उप-सामान्य कानून एवं व्यवस्था से जुड़े सामाजिक-आर्थिक मुद्दे।

उत्पादन

विशिष्टियाँ	2022-23	2021-22
खुली खदान परियोजना – कोयला (मि.टन)	26.050	23.432
भूमिगत कोयला (मि.टन)	8.968	8.996
कुल (मि.टन)	35.018	32.428
वृद्धि %	7.988	-27.944
उपरिभार हटाव – (मि. घनमीटर)	132.985	118.989
वृद्धि %	11.763	-14.755

बिक्री प्रापण :

(₹ करोड़ में)

विशिष्टियाँ	2022-23	2021-22
बिक्री प्रापण	19,351.00	14,453.70

खण्डवार या उत्पादन-वार कार्यनिष्पादन : E:

(मि.टन में)

विशिष्टियाँ	2022-23	%	2021-22	%	वृद्धि (%)
एफएसए/एमओयू के अधीन परदेशिक को प्रेषण	29.006	81.69	30.664	84.95	-5.47
ई-नीलामी (बिजली घरों को वायदा नीलामी सहित)	6.332	17.83	5.252	14.55	20.57

विशिष्टियाँ	2022-23	%	2021-22	%	वृद्धि (%)
अन्य	0.002	0.01	0.004	0.01	366.75
स्वः खपत	0.167	0.47	0.176	0.49	-4.94
कुल कारबार	**35.506**	**100.00**	**36.096**	**100.00**	**-1.63**



ग्राहक और संभारतंत्र :

कोयला उत्पादन का बड़ा हिस्सा विनियमित क्षेत्र अर्थात् ताप विद्युत संयंत्रों/जेनको को दिया जा रहा है। अन्य सेक्टरों जैसे इस्पात, सीमेंट, ऐलुमिनियम, लघु उद्योगों इत्यादि के उपभोक्ताएँ भी रानीगंज कोलफील्ड्स से उच्च ग्रेड के कोयले की माँग करते हैं।



खान से कोयला निष्कर्षित होने के पश्चात, इसे वाहित्र प्रणाली के जरिए भूमिगत खदान के मामले में सतह में संग्रह बिंदु तक या खुली खदान के मामले में डंप ट्रक द्वारा ले जाया जाता है। तत्पश्चात्, कोयले को प्रत्यक्षतः सीएचपी/रेलवे पार्श्वस्थल जैसे प्रेषण स्थल तक ले जाया जाता है या भविष्य में प्रेषण की सुविधा के लिए निर्दिष्ट

स्कंध स्थल पर रखा जाता है। सड़क बिक्री/स्टॉक ट्रांसफर के लिए सभी परेषणों को खदान परिसर के भीतर कंपनी मार्ग तुलनवेदी और बिक्री के लिए रेलवे पार्श्वस्थल पर इन-मोशन तोलनवेदी पर तोलन किया जाता है। चूंकि बिक्री लोडिंग पॉइंट्स पर की जा रही है, अतः इसे एफओआर आधारित अर्थात् "रेल/सड़क से निर्बाध आधार पर पूर्व-पार्श्वस्थल/स्कंध स्थल, यथास्थिति, की पेशकश की जाती है। खदान से अभिहित प्रेषण स्थलों तक कोयले के परिवहन की लागत को ग्राहक द्वारा वहन किया जाता है। हमारे खदानों से कच्चे कोयला के प्रेषण के लिए अनुप्रयुक्त नानाविध परिवहन साधनों से संबंधित सूचना निम्नलिखित सारणी में दर्शाया गया है :

(मिलियन टन में)

प्रेषण का साधन	2022-23	2021-22
रेल	26.878	25.735
सड़क	3.734	3.305
हिंडोला (एमजीआर)	4.727	6.880
कुल	**35.340**	**35.920**



कोयले का कीमत निर्धारण :

अकोककर कोयले का मूल्य निर्धारण वर्तमान में 01.01.2012 से इसके सकल ऊष्मा मान पर आधारित है और कोककर कोल और वाशरी ग्रेड कोयले का मूल्य राख स्तर की मात्रा के आधार पर निर्धारित किया जाता है। अर्ध-कोककर कोयले के लिए कोयले का मूल्य निर्धारण राख और नमी की मात्रा के स्तर के आधार पर निर्धारित किया जाता है। आयातित कोयले की आदान लागत में वृद्धि, मुद्रास्फीति और लैंडेड लागत को ध्यान में रखते हुए कोयले के मूल्य में संशोधन किया जाता है। प्रभार्य कीमत में आधार मूल्य, परिवहन प्रभार, साइलो प्रभार, आरएलएस प्रभार आदि एवं अन्य सांविधिक उपकर/कर जैसे कि रॉयल्टी, डीएमएफ, एनएमईटी, सेस, जीएसटी, आदि को समाविष्ट करता है। लगभग 82% कोयला उत्पादन संबद्ध ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक ईंधन आपूर्ति करारों (एफएसए) के तहत बेचा गया था। इसके अतिरिक्त, ई-नीलामी योजना के तहत कोयले की बिक्री भी की गई।

नई नीतिगत पहल

(i) गैर-विनियमित क्षेत्र (एनआरएस) के कोयला लिंकेज की नीलामी नीति के तहत नया उप-क्षेत्र:- कोयला गैसीकरण प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित करने के लिए एनआरएस लिंकेज नीलामी के तहत 2022 में एक नया उप-क्षेत्र 'कोयला गैसीकरण के लिए संश्लिष्ट-गैस का उत्पादन' बनाया गया है ताकि कोयला गैसीकरण के लिए कोयले की आवश्यकता वाले नए उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित किया जा सके। यह पर्यावरण पर कोयले के पारंपरिक उपयोग के प्रतिकूल प्रभावों को भी कम करेगा।

(ii) कोयले की ई-नीलामी के लिए एकल खिड़की :- सरकार ने हाल ही में कोयला कंपनियों द्वारा कोयले की ई-नीलामी के लिए एक नए तंत्र को मंजूरी दी है। पूर्ववर्ती क्षेत्रीय ई-नीलामी विंडो कोल इंडिया लिमिटेड को समाप्त कर दिया गया है और अब से, कोयला कंपनियों के सभी गैर-लिंकेज कोयले की बिक्री कोल इंडिया लिमिटेड/सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड की एक ई-नीलामी विंडो के माध्यम से की जाएगी। यह एकल ई-नीलामी खिड़की व्यापारियों सहित सभी क्षेत्रों

अर्थात बिजली और गैर-विनियमित क्षेत्र को पूरा करेगी। इसलिए, किसी भी विशेष ग्रेड का कोयला बाजार में सभी उपभोक्ताओं को एक दर (एक राष्ट्र – एक कोयला ग्रेड, एक रेट) पर बेचा जाएगा। एकल ई-नीलामी खिड़की कोयला कंपनियों को बाजार द्वारा खोजे गए मूल्य तंत्र के माध्यम से कोयला बिक्री में सक्षम बनाएगी और इस प्रकार, इस नीति को लागू करने से बाजार की विकृतियों को दूर किया जा सकेगा। यह परिचालन क्षमता में भी वृद्धि करेगा और घरेलू कोयला बाजार में दक्षता द्वारा घरेलू कोयले की मांग में वृद्धि करेगा।

(iii) एनसीडीपी में संशोधन : राष्ट्रीय हित में कोयला संसाधनों के इष्टतम उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नई कोयला वितरण नीति (एनसीडीपी), 2007 में संशोधन के माध्यम से सक्षम प्रावधान किए गए हैं, ताकि सीआईएल/एससीसीएल की बंद/परित्यक्त/अनिरंतरित खानों से उत्पादित कोयले को कोयला मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पारदर्शी और उद्देश्यपूर्ण तरीके से बिक्री किया जा सके।

(iv) कोयला कंपनियों के गैसीकरण संयंत्रों के लिए कोयला लिंकेज: सीआईएल/एससीसीएल को कोयला कंपनी द्वारा तय किए गए मूल्यों पर अपने स्वयं के गैसीकरण संयंत्रों को कोयले का दीर्घकालिक आवंटन प्रदान करने की अनुमति दी गई है। यह कदम देश में कोयला गैसीकरण प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित करेगा और कोयले के इस नए उपयोग की शीघ्र स्थापना में मदद करेगा।

विपणन नीति :

एनसीडीपी मार्गदर्शिका 18 अक्तूबर, 2007 को जारी की गई जिसका उद्देश्य अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से कोयले की मांग को अल्पावधि और दीर्घकालिक दोनों आधार पर अंतर्निहित वाणिज्यिक अनुशासन के साथ सुनिश्चित, अविरत, पारदर्शी और कुशल तरीके से पूरा करना है।

अ) ईंधन आपूर्ति करार : राष्ट्रीय कोयला संवितरण नीति (एनसीडीपी) के निबंधनों के अनुसार, कोयला कंपनी ने प्रत्यक्षतः ग्राहकों के साथ या राज्य द्वारा नामित अभिकरणों के साथ विधिक रूप से प्रवर्तनीय ईंधन आपूर्ति करार (एफएसए) में प्रवेश किया है जो कि परिणामस्वरूप अंतिम ग्राहकों के साथ उचित संवितरण व्यवस्था में प्रवेश करती है। हमारे एफएसए विस्तृत रूप से संवर्गीकृत किया जा सकता है :

1. राज्य विद्युत उपयोगिता, निजी विद्युत उपयोगिता ("पीपीयू") एवं स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों ("आईपीपी") सहित विनियमित क्षेत्र में ग्राहकों के साथ ईंधन आपूर्ति करार (एफएसए);
2. गैर-विनियमित क्षेत्र (कैप्टिव पावर प्लांटों सहित (सीपीपी)) में ग्राहकों के साथ ईंधन आपूर्ति करार (एफएसए);
3. राज्य द्वारा नामित अभिकरणों के साथ ईंधन आपूर्ति करार (एफएसए) और
4. संबद्ध निलामी मार्ग के जरिए उपभोक्ताओं के साथ ईंधन आपूर्ति करार (एफएसए)।

आ) ई-नीलामी योजना : कोयले की ई-नीलामी योजना उन ग्राहकों के लिए कोयले तक पहुंच प्रदान करने के लिए आरंभ की गई थी जो एनसीडीपी के तहत उपलब्ध संस्थागत तंत्र के माध्यम से अपनी कोयले की आवश्यकता को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं। ई-नीलामी के अंतर्गत पेश किए जाने वाले कोयले की मात्रा की समय-समय पर समीक्षा की जाती है। ई-नीलामी योजना ग्राहकों द्वारा अतिरिक्त कोयला अधिप्राप्ति के लिए एक अवसर प्रदान करती है।

फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाएँ :

सीआईएल की प्रमुख 'फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं' के तहत, दो चरणों में कार्यान्वयन के लिए 44 परियोजनाओं की पहचान की गई है, जो मशीनीकृत कोयला परिवहन और लोडिंग प्रणाली को अपग्रेड करेंगी। एफएमसी परियोजनाएँ कोल इंडिया लिमिटेड में मशीनीकृत निकासी को वर्तमान में 151 एमटीपीए से बढ़ाकर 622.5 एमटीपीए करने में मदद करेंगी।

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में 3 एफएमसी परियोजनाएँ नामतः सोनपुर बजारी सीएचपी, राजमहल सीएचपी एवं झांझरा सीएचपी है। एफएमसी परियोजनाओं की विस्तृत प्रास्थिति निम्नवत है :

क्रम सं.	परियोजना का नाम चरण-1	परियोजना लागत (₹ करोड़ में)	परियोजना कार्यान्वयन की प्रास्थिति
1	सोनपुर-बाजारी सीएचपी: 12.00 मि. टन प्रति वर्ष	195.43	31.12.2021 को कमीशन किया गया
2	राजमहल सीएचपी-साइलो: 10.00 मि.टन प्रति वर्ष	230.67	मेसर्स मेकॉन लिमिटेड रांची को दिनांक 28.12.2020 को कार्य आदेश जारी किया गया और 17.02.2021 को अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। साइट 03.06.2021 को सौंप दी गई है। सीएचपी निर्माण की समग्र भौतिक और वित्तीय प्रगति क्रमश 40% और 21.67% है। पूरा होने की संभावित तिथि 31.10.2023 है
3	झांझरा सीएचपी : 5.00 मि.टन प्रति वर्ष	219.07	मेसर्स शापूरजी एंड पालोनजी एंड कंपनी प्रा. लि. को 28.12.2020 को 24 महीने के पूर्ण होने के समय के साथ कार्य आदेश जारी किया गया। संविदा करार पर 17.02.2021 को हस्ताक्षर किए गए हैं। 01.01.2021 को कार्यस्थल सुपुर्द किया गया है। समग्र भौतिक और वित्तीय प्रगति क्रमशः 42% और 35% है। पूरा होने की संभावित तिथि 31-10-2023 है।

आंतरिक नियंत्रण प्रणालियाँ और उनकी पर्याप्तता:

आंतरिक लेखापरीक्षा (आईए) का महत्व नियंत्रण और अनुपालन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। प्रत्येक व्यवसाय/कार्यों की आवधिक समीक्षा यह सुनिश्चित करती है कि उद्देश्य, उपयोगकर्ता मैनुअल (एसओपी) और कठोर नियंत्रण इसकी प्रभावशीलता पर निदेशक मंडल और लेखापरीक्षा समितियों को आश्वासन प्रदान करने के लिए परिचालित हैं। यह सुनिश्चित करता है कि उचित निगमित सुशासन और लेखापरीक्षा जोखिम नियंत्रण प्रभावी ढंग से और कुशलता से बनाए रखा जाता है।

एक प्रभावी आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य निदेशक मण्डल को अपने सुशासन और नियंत्रण दायित्वों का निर्वहन करने में सहायता करने में एक मौलिक भूमिका निभाता है। निर्गत निगमित सुशासन के विभिन्न संहिता ने भी इस तथ्य को दोहराया है कि आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य किसी भी संगठन की निगमित सुशासन प्रणाली का एक अभिन्न अंग है।

कानून के संगत प्रावधानों के अनुपालन में, कंपनी का संपूर्ण आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य सनदी लेखाकार/लागत लेखाकारों की स्वतंत्र बाह्य लेखापरीक्षा फर्मों और क्षेत्र/इकाइयों के वित्त विभाग को सौंपा गया है। मुख्यालय सहित कंपनी के चौदह क्षेत्रों/इकाइयों का आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य करने के लिए वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान ऐसी 15 बाहरी लेखापरीक्षा फर्मों को संबद्ध किया गया था। उपर्युक्त फर्मों में से एक, जिसने चयन प्रक्रिया में उच्चतम अंक प्राप्त किए हैं, को 'केंद्रीय आंतरिक लेखापरीक्षक' या 'अग्रणी लेखापरीक्षक' का काम सौंपा गया है।

कंपनी के आंतरिक लेखापरीक्षकों का चयन विधिवत गठित समिति की सिफारिश पर किया जाता है, जिसमें कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा संरचित चयन प्रक्रिया के अनुपालन/सख्त अनुपालन में रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करने के माध्यम से सक्षम अनुमोदन होता है। कोल इंडिया ने ऑडिट फर्मों की शॉर्ट-लिस्टिंग और चयन के लिए विस्तृत मानदंड निर्धारित किए हैं और उनकी नियुक्ति के लिए सामान्य नियमों और शर्तों के साथ काम का दायरा भी निर्धारित किया है।

अधिकार प्राप्त समिति द्वारा चयन के लिए सूचीबद्ध और प्रस्तावित आंतरिक लेखापरीक्षा फर्मों की नियुक्ति मूल्यांकन और लेखापरीक्षा समिति की सिफारिश के लिए अग्रेषित की जाती है जिसे अनुमोदन के लिए कंपनी के निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

आंतरिक लेखापरीक्षक मासिक और तिमाही आंतरिक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन अपनी संबंधित इकाई / क्षेत्र प्रमुख के साथ-साथ आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग (मुख्यालय), निदेशक (वित्त) और कोल इंडिया लिमिटेड को प्रस्तुत करते हैं।

वे कंपनी में आंतरिक वित्त नियंत्रण (आईएफसी) के आवेदन और प्रभावशीलता पर संप्रेक्षणों और टीका-टिप्पणियों के साथ कंपनी के संचालन पर आंतरिक वित्त नियंत्रण के नियमित मूल्यांकन के साथ एक विस्तृत वार्षिक प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करते हैं।

आंतरिक लेखापरीक्षा के अतिरिक्त, सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम होने के नाते, कंपनी भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग, भारत सरकार के वाणिज्यिक लेखा परीक्षा महानिदेशक (जिसे पहले भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक या सीएजी के रूप में जाना जाता था) के कार्यालय द्वारा की गई लेखा परीक्षा के अधीन भी है। सरकारी लेखा परीक्षक किसी विशेष पीएसयू के लिए डीजीसीए द्वारा निर्धारित विशिष्ट लेखा परीक्षा कार्यक्रमों और दायरे के अनुसार कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों / इकाइयों में नियमित अंतराल पर नियमित 'निरीक्षण/ परिवहन लेखा परीक्षा' करते हैं। लेखा परीक्षा टिप्पणियों वाली निरीक्षण रिपोर्टें सरकारी लेखा परीक्षकों द्वारा नागर विमानन महानिदेशालय और संबंधित निदेशकों तथा विभागाध्यक्षों को प्रस्तुत की जाती हैं।

लेन-देन लेखापरीक्षा के अतिरिक्त, सरकारी लेखापरीक्षक कंपनी की वार्षिक प्रतिवेदन और खातों की सत्यता और निष्पक्षता को प्रमाणित करने के उद्देश्य से वार्षिक लेखापरीक्षा भी आयोजित करते हैं।

केन्द्रीय आंतरिक लेखापरीक्षक (अग्रणी लेखापरीक्षक) को लेखा परीक्षा समिति के समक्ष उनके मूल्यांकन और निर्देशों, यदि कोई हो, को प्रस्तुत करने से पहले विभागाध्यक्ष, आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग के परामर्श से तिमाही रिपोर्टों को अंतिम रूप देना अपेक्षित है। अग्रणी लेखापरीक्षक से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वह संबंधित क्षेत्र/इकाई प्रमुखों के साथ समन्वय और संचार में लेखापरीक्षा समिति की सभी लेखापरीक्षा टीका-टिप्पणियों और निर्देशों का समय पर अनुपालन सुनिश्चित करे।

कंपनी/सीआईएल की लेखापरीक्षा समिति आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों और अस्तित्व में संबंधित प्रक्रियात्मक अनुप्रयोगों पर कड़ी निगरानी रखती है। आंतरिक लेखापरीक्षकों की महत्वपूर्ण टिप्पणियों को आवधिक समीक्षा के लिए लेखा परीक्षा समिति के समक्ष रखा जाता है। ऐसी संप्रेक्षणों पर विचार करने पर लेखापरीक्षा समिति द्वारा जारी किए गए निदेशों (यदि कोई हों) को आवश्यक अनुपालन के लिए विधिवत नोट किया जाता है और उनके कार्यान्वयन पर एटीआर को उनके मूल्यांकन के लिए अगली लेखा परीक्षा समिति की बैठक के समक्ष रखा जाता है।

लेखापरीक्षा की अवधि अर्थात वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान आंतरिक लेखापरीक्षकों के रूप में कार्यरत विभिन्न लेखापरीक्षा फर्मों ने कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों और इकाइयों में परिचालन में विद्यमान अंतर्राष्ट्रीय नियंत्रणों पर संतोष व्यक्त किया है।

परिचालनात्मक कार्य-निष्पादन के संदर्भ में वित्तीय कार्य-निष्पादन पर विवेचना :

परिचालन के परिणाम :

(₹ करोड़ में)

विशिष्टियाँ	2022-23	2021-22	वृद्धि (%)
सकल बिक्री	19,351.00	14,453.65	33.88%
न्यून : लेवी	4,581.71	4,152.20	10.34%
निवल बिक्री	14,769.29	10,301.45	43.37%
अन्य परिचालनात्मक राजस्व	485.19	449.30	7.99%
अन्य आय	556.30	218.10	155.07%
कुल आय	15,810.78	10,968.88	44.14%

कोयले की बिक्री से आय :

बिक्री को रॉयल्टी, कोयले पर उपकर, माल और सेवा कर आदि सहित विभिन्न सांविधिक शुल्कों के सकल बिक्री निवल के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। कोयले की बिक्री से होने वाली आय मुख्य रूप से कोयले के मूल्य निर्धारण और उत्पादन तथा उसके वितरण पर निर्भर करती है।

व्यय :

प्रमुख शीर्षों के विश्लेषित आँकड़े :

(₹ करोड़ में)

विशिष्टियाँ	2022-23	2021-22	वृद्धि	
			आत्यंतिक	प्रतिशत
स्टॉक में (अभिवृद्धि)/(अनभिवृद्धि)	24.21	291.34	-267.13	-91.69%
उपभुक्त सामग्रियों की लागत	1086.24	781.38	304.88	39.02
कर्मी प्रसुविधा व्यय	9927.37	7983.65	1943.58	24.34
विद्युत शक्ति व्यय	425.44	434.92	-9.48	-2.18
निगमित सामाजिक दायित्व व्यय	6.92	13.86	-6.94	-50.07
संविदात्मक व्यय	2042.23	1729.76	355.70	21.09
वित्तीय लागत	64.85	163.66	-98.81	-60.38
मरम्मति	176.78	192.87	-16.09	-8.34
अन्य व्यय	495.83	469.65	26.18	5.57
विपट्टन गतिविधि समयोजना	153.64	-153.57	307.21	200.05
मूल्यह्रास/क्षति	609.27	529.70	79.57	15.02
प्रावधान	4.05	12.11	-8.06	-66.56
कर पूर्व कुल व्यापक आय	**945.95**	**-1502.79**	**2448.74**	
करोपरांत कुल व्यापक आय	**730.16**	**-1126.08**	**1856.24**	

नकदी प्रवाह

(₹ करोड़ में)

विशिष्टियाँ	31.03.2023	31.03.2022
आरंभिक नकदी एवं नकदी समतुल्य	882.29	945.04
परिचालनात्मक गतिविधियों से उत्पन्न निवल नकदी प्रवाह/(में प्रयुक्त)	3306.88	1634.82
निवेशन गतिविधियों से उत्पन्न निवल नकदी प्रवाह/(में प्रयुक्त)	-3649.32	-1689.89
वित्तीय गतिविधियों से उत्पन्न निवल नकदी प्रवाह/(में प्रयुक्त)	-7.74	-7.68
नकदी एवं नकदी समतुल्य में परिवर्तन	-350.18	-62.75
लेखाबंदी नकदी एवं नकदी समतुल्य	532.11	882.29

मानव संसाधन विकास :

जनशक्ति :

प्रवर्ग	को यथा जनशक्ति		वृद्धि (+) / कमी (-)
	31.03.2023	31.03.2022	
अधिशासी	2247	2040	207
पर्यवेक्षक	3539	3512	27
अनुसचिवीय/लिपिकीय	1694	1861	-167
अत्यधिक कुशल/कुशल	15759	16941	-1182
अर्ध कुशल/अकुशल	27025	27348	-323
प्रशिक्षु (गैर-अधिशासी)	810	1233	-423
कुल	**51074**	**52935**	**-1861**



वर्ष के दौरान अंतर के लिए कारण :

विशिष्टियाँ	अधिशासी	गैर-अधिशासी	कुल
वृद्धि			
नई नियुक्ति	329	279	608
चिकित्सीय अनुपयुक्त मामले के प्रतिकूल नियुक्ति	-	-	-
मृत्यु मामले के प्रतिकूल नियुक्ति	-	271	271
पुनःस्थापन / पुनःकार्य पर आना	-	01	01
अन्य कंपनियों से स्थानांतरित होकर आए	77	24	101
भू-वंचितों के प्रतिकूल नियुक्ति	-	195	195
विशेष महिला वीआरएस के प्रतिकूल नियुक्ति	-	09	09
कुल वृद्धि (क)	**406**	**779**	**1185**
कमी			
सेवानिवृत्ति	96	2273	2369
चिकित्सीय अनुपयुक्त	-	-	-
मृत्यु	06	479	485
त्याग-पत्र	17	20	37
अन्य कंपनियों में स्थानांतरित होकर गए	80	37	117

विशिष्टियाँ	अधिशासी	गैर-अधिशासी	कुल
पदच्युति / पर्यवसान	03	14	17
जीएचएस/ईवीआरएस के अधीन वीआरएस	02	19	21
विशेष महिला वीआरएस	-	-	-
कुल कमी (ख)	**204**	**2842**	**3046**
अंतर (क – ख)	**202**	**2063**	**1861**

औद्योगिक संबंध :

कंपनी में औद्योगिक संबंध सामान्यतः सौहार्दपूर्ण है। कामगार अब बाह्य मामलों का समर्थन नहीं करते हैं। औद्योगिक संबंध एवं विधि-व्यवस्था संबंधित सांख्यिकीय निम्न उद्धृत है:

क्रम	विषय	2022-23	2021-22
1.	हड़ताल की संख्या	कुछ नहीं	01 (2 दिन)
2.	श्रमिक दिन में क्षति (लाख में)	कुछ नहीं	1.92
3.	उत्पादन में क्षति (लाख टन में)	कुछ नहीं	2.25

विधि-व्यवस्था :

विषय	2022-23	2021-22
विधि-व्यवस्था (विघ्न)	06	03
उत्पादन में क्षति (लाख टन में)	कुछ नहीं	कुछ नहीं

प्रबंधन में कामगारों की सहभागिता :

प्रबंधन में कामगारों की सहभागिता कंपनी के भिन्न-भिन्न स्तरों पर पूर्णतः संचालित है। निगमित, क्षेत्रीय एवं परियोजना/इकाई स्तरों पर संयुक्त सलाहकार समिति कार्य कर रही हैं। जेसीसी बैठक में पुराने महत्वपूर्ण मामलों यथा उत्पादन, उत्पादकता इत्यादि पर विवेचना किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त हमारे कंपनी में समिति/ बोर्ड यथा द्विपक्षीय खान सुरक्षा बोर्ड, क्षेत्रीय खान सुरक्षा समिति, कोलियरी खान सुरक्षा समिति, कल्याण बोर्ड इत्यादि भी क्रियाशील हैं। श्रम संगठनें ऐसी समितियों में अत्यंत सक्रियता से सहभागिता करती हैं तथा प्रबंधन और कर्मचारी के मध्य विश्वास एवं सदिच्छा को सुदृढ़ करने के अलावा पारदर्शिता, जवाबदेही लाती हैं।

बैठकें	2022-23	2021-22
मुख्यालय स्तर पर आयोजित जेसीसी बैठक की संख्या	01	02
मुख्यालय स्तर पर आयोजित संरचित बैठक की संख्या	07	05

एनसीडब्ल्यूए, एलएलएस एवं प्रत्यक्ष भर्ती के अधीन प्रदत्त नियोजन :

के अधीन प्रदत्त नियोजन	2022-23	2021-22
राष्ट्रीय कोयला मजदूरी करार (एनसीडब्ल्यूए)	294	695
भू-वंचित योजना (एलएलएस)	193	235
प्रत्यक्ष भर्ती	281	43

भर्ती एवं पदोन्नति में अनूसूचित जाति (अ.जा.)/ अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी.) के लिए आरक्षण :

अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी.) की भर्ती के मामले में राष्ट्रपतिक निदेशों को ईसीएल में क्रियान्वयन किया गया है। कुल जनशक्ति में एससी एवं एसटी अभ्यर्थियों के प्रतिनिधित्व यथा निम्नवत है :

को यथा	कुल जनशक्ति	अ.जा. अभ्यर्थी		अ.ज.जा. अभ्यर्थी	
		संख्या	%	संख्या	%
31.03.2023	51074	14259	27.92	6925	13.56
31.03.2022	52935	15377	29.05	7442	14.06

2022-23 के दौरान कुल 1701 पदोन्नति में से एससी समुदाय के 123 अभ्यर्थियों और एसटी समुदाय के 30 अभ्यर्थियों को पदोन्नत किया गया, जबकि 2021-22 के दौरान क्रमशः 257 और 136 अभ्यर्थियों को पदोन्नत किया गया था। 31.03.2023 तक रोल ओबीसी समुदाय के कर्मचारी 14310 थे, जबकि 31.03.2022 को 16165 कर्मचारी थे।

श्रम संगठन :

कर्मचारी अत्यधिक संघबद्ध हैं और सभी यूनियनों का समर्थन चाहते हैं। कार्य कर रहे प्रमुख संघों में इंटक, एटक, एचएमएस, बीएमएस, यूटीयूसी, सीटू, आईएनटीटीयूसी आदि शामिल हैं। गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के वेतन संशोधन और सेवा की अन्य शर्तें जेबीसीसीआई द्वारा तैयार किए गए राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौते (एनसीडब्ल्यूए), कंपनी के प्रमाणित स्थायी आदेशों और सरकारी निर्देशों द्वारा शासित होती हैं।

प्रशिक्षण और विकास :

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा 1994 में गठित भारतीय कोयला प्रबंधन संस्थान (आईआईसीएम) कार्यपालकों को उन्नत प्रबंधन कार्यक्रम, नेतृत्व विकास कार्यक्रम, सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम, युवा प्रबंधक कार्यक्रम, उन्नत रखरखाव प्रथाएं, प्रबंधन विकास कार्यक्रम, प्रशिक्षण और कोचिंग, कनिष्ठ अधिकारियों के लिए कैरियर विकास और संचार कौशल जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। इसके अलावा, कंपनी बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था करती है और कर्मचारियों (निदेशकों, वरिष्ठ अधिकारियों और गैर-कार्यकारी कर्मचारियों सहित) को भेजती है। कार्यपालकों सहित कर्मचारियों को आंतरिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कोल इंडिया ट्रेनिंग मैनेजमेंट कॉलेज (सीआईटीएमसी), डिशेरगढ़ और प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई), रतिबती नामक दो संस्थान हैं। नए भर्ती किए गए प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए प्रेरण कार्यक्रम भी होते हैं।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न खानों/कार्यशालाओं में विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक/ व्यावसायिक प्रशिक्षण भी आयोजित किए गए थे। आपकी कंपनी प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन में भारत के विभिन्न राज्यों से विभिन्न विषयों / ट्रेडों के प्रशिक्षुओं को नियुक्त कर रही है। विवरण नीचे दिए गए हैं:

वर्ष 2021-22 की तुलना में वर्ष 2022-23 के दौरान प्रदत्त नानाविध प्रशिक्षण के ब्यौरे :

क्रम	प्रशिक्षण की प्रकृति	2022-23				2021-22			
		अधि.	पर्यवेक्षक	कामगार	कुल	अधि.	पर्यवेक्षक	कामगार	कुल
1	**सामान्य/कंपनी में प्रशिक्षण :**								
1.i	3 दिवस या अधिक	81	101	168	350	कुछ नहीं	50	12	62
1.ii	3 दिवस से कम	1076	390	511	1977	494	294	403	1191
	कुल (क)	**1157**	**491**	**679**	**2327**	**494**	**344**	**415**	**1253**
2	**बाह्य प्रशिक्षण (भारत में) :**								
2.i	**आईआईसीएम में :**								
2.i.a	3 दिवस या अधिक	507	कुछ नहीं	कुछ नहीं	507	413	कुछ नहीं	कुछ नहीं	413
2.i.b	अल्पावधि पाठ्यक्रम	33	कुछ नहीं	कुछ नहीं	33	25	कुछ नहीं	कुछ नहीं	25
	कुल (ख)	**540**	**कुछ नहीं**	**कुछ नहीं**	**540**	**438**	**कुछ नहीं**	**कुछ नहीं**	**438**
2.ii	**कंपनी से बाहर प्रशिक्षण (आईआईसीएम से भिन्न) :**								
2.ii.a	अल्पावधि	202	कुछ नहीं	कुछ नहीं	202	53	कुछ नहीं	कुछ नहीं	53
2.ii.b	दीर्घावधि	78	कुछ नहीं	कुछ नहीं	78	42	कुछ नहीं	कुछ नहीं	42
2.ii.c	3 दिवस या अधिक	189	कुछ नहीं	कुछ नहीं	189	21	कुछ नहीं	कुछ नहीं	21
	कुल (ग)	**469**	**कुछ नहीं**	**कुछ नहीं**	**469**	**116**	**कुछ नहीं**	**कुछ नहीं**	**116**
3	**बाह्य (विदेश)**	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं
4	**अन्य प्रशिक्षण एवं सेमिनार :**								
a.	**प्रशिक्षु :**								

क्रम	प्रशिक्षण की प्रकृति	2022-23				2021-22			
		अधि.	पर्यवेक्षक	कामगार	कुल	अधि.	पर्यवेक्षक	कामगार	कुल
4.a.i	व्यावसायिक	कुछ नहीं	कुछ नहीं	897	897	कुछ नहीं	कुछ नहीं	910	910
4.a.ii	पीडीपीटी	कुछ नहीं	1262	कुछ नहीं	1262	कुछ नहीं	1159	कुछ नहीं	1159
4.a.iii	पीजीपीटी	200	कुछ नहीं	कुछ नहीं	200	207	कुछ नहीं	कुछ नहीं	207
4.a.iv	शिक्षु (कौशल विकास)	कुछ नहीं	कुछ नहीं	138	138	कुछ नहीं	कुछ नहीं	94	94
4.b.	सेमिनार/कार्यशाला	608	136	कुछ नहीं	744	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं
4.c.	अनुकारी प्रशिक्षण	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं
	कुल (घ)	**808**	**1398**	**1035**	**3241**	**207**	**1159**	**1004**	**2370**
	कुल	**2974**	**1889**	**1714**	**6577**	**1255**	**1503**	**1419**	**4177**

पर्यावरणीय रक्षण एवं संरक्षण :

पर्यावरण विभाग कंपनी के पर्यावरण और वन संबंधी मामलों को देखता है। विभाग पर्यावरण और वन संबंधी कानूनों की सभी विनियामक आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित कर रहा है। विभाग कोयला मंत्रालय के सतत विकास प्रकोष्ठ के उद्देश्यों के अनुरूप कंपनी में पर्यावरण अनुकूल खनन शुरू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पर्यावरण प्रबंधन एकीकृत परियोजना योजना और डिजाइन, पर्यावरणीय प्रभावों की नियमित निगरानी, प्रदूषण की रोकथाम / शमन, पारिस्थितिकी-प्रणाली और जैव विविधता की बहाली, कचरे के उचित निपटान, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण आदि के माध्यम से किया जाता है।

निगमित पर्यावरणीय नीति का अंगीकरण

आपकी कंपनी ने अपना निगमित पर्यावरण नीति का निरूपण और क्रियान्वयन किया है जो कोल इंडिया लिमिटेड की पर्यावरण नीति के समरूप है। पर्यावरण नीति अभिकथित करती है कि कंपनी विस्तृत कंपनी में क्रियान्वयन के माध्यम से एक मिशन मोड में एकीकृत परियोजना की योजना एवं अभिविन्यास, 10 आर (संक्षेपण, पुनर्चक्रण, पुनःउपयोग, पुनर्रचना, पुनःप्रयोजन, नवीकरण, जीर्णोद्धार, पुनःप्राप्ति, विपरिनियोजन एवं अस्वीकार) परिकल्पना को परिनियोजित करने, प्रदूषण निवारण/अल्पीकरण, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, जैव-विविधता एवं पारिस्थिकी का पुनरूद्धार, अपशिष्टों का उचित निपटान, जलवायु परिवर्तन परिचयन और समावेशी संवृद्धि के जरिए पर्यावरण के रक्षण द्वारा संधारणीय विकास को प्रवर्तन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पुनः प्राप्त भूमि को जल निकाय में परिवर्तित किया गया

2022-23 के दौरान प्रमुख उपलब्धियाँ :

क. पर्यावरणीय सहमित :

अ. मोहनपुर ओसीपी का ईसी विस्तार 10.05.2022 को उत्पादन क्षमता को 1.00 मि.टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 2.50 मि.टन प्रति वर्ष करने और क्षेत्रफल को 164.91 हेक्टेयर से बढ़ाकर 415.71 हेक्टेयर करने के साथ प्रदान किया गया था।

आ. क्लस्टर संख्या 08 के लिए ईसी संशोधन 01.09.2022 को निम्नलिखित खदान में उत्पादन में वृद्धि के साथ प्रदान किया गया था:

i. भनोड़ा भूमिगत को भनोड़ा भूमिगत और खुली खदान में परिवर्तित करने के साथ उत्पादन क्षमता में 0.30 मि.टन प्रति वर्ष से 0.60 मि.टन प्रति वर्ष की वृद्धि हुई।

ii. श्रीपुर सीम इंकलाइन यूजी को श्रीपुर सीम इंकलाइन यूजी और श्रीपुर सीम इंकलाइन (निंगहा) ओसी में परिवर्तित करने के साथ उत्पादन क्षमता में 0.136 मि.टन प्रति वर्ष से 1.04 मि.टन प्रति वर्ष तक की वृद्धि हुई है।

इ. क्लस्टर संख्या 09 के लिए ईसी संशोधन 24.02.2023 को खदान में निम्नलिखित परिवर्तनों के साथ प्रदान किया गया था:

(i) नगर भूमिगत एवं खुली खदान का नाम बदलकर जे के नगर यूजी एंड ओसी और प्योर सियरसोल यूजी कर दिया गया है, जिससे क्षमता और खदान पट्टा क्षेत्र अपरिवर्तित है।

(ii) महाबीर भूमिगत और एगारा खुली खदान (0.38 मि.टन प्रति वर्ष) और नारायणकुड़ी खुली खदान परियोजना (2.50 मि.टन प्रति वर्ष) का महाबीर-नारायणकुड़ी भूमिगत एवं खुली खदान (2.88 मि.टन प्रति वर्ष) में समामेलन।

ख. वानिकी सहमति :

अ. हुर्रा-सी खुली खदान परियोजना : हुर्रा-सी ओसीपी में 255.744 हेक्टेयर वन भूमि का हस्तांतरण राज्य वन विभाग और राजस्व विभाग से प्राप्त किया गया है, जिससे हुर्रा-सी ओसीपी (3.0 मि.टन प्रति वर्ष) के परिचालन में मदद मिली।

आ. चितरा पूर्वी खुली खदान : राज्य वन विभाग और राजस्व विभाग से 79.10 हेक्टेयर वन भूमि का हस्तांतरण प्राप्त किया गया है।

इ. शिमलोंग खुली खदान परियोजना : दामिन-ए-कोह भूमि सहित 122.40 हेक्टेयर वन भूमि के पथांतरण का प्रस्ताव 31.08.2022 को परिवेश पोर्टल में किया गया है। इसके अलावा, दामिन-ए-कोह भूमि के लिए ग्राम सभा पांच मौजा में से दो मौजा में सफलतापूर्वक आयोजित की गई है।

ई. चितरा पूर्व (विस्तारित) खुली खदान परियोजना : नोडल अधिकारी, झारखंड सरकार द्वारा चितरा पूर्व ओसीपी में 113.94 हेक्टेयर वन भूमि की चरण-I वानिकी स्वीकृति प्राप्त करने के लिए आवेदन स्वीकार कर लिया गया है। साथ ही 24.02.2023 को 113.94 हेक्टेयर वन भूमि में शामिल 48.79 हेक्टेयर सरकारी जंगल झरी भूमि के लिए 55.16 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

ग. पौधारोपण एवं पुनरूद्धार :

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, कंपनी ने पश्चिम बंगाल राज्य और झारखंड राज्य के भीतर आने वाले क्षेत्रों में 119.01 हेक्टेयर में हरित आवरण बनाने के लिए 2.79 लाख से अधिक पौधे लगाए हैं। इस वनीकरण क्षेत्र में स्थानीय समुदाय के लिए आय के वैकल्पिक स्रोत उत्पन्न करने के लिए 3.25 हेक्टेयर बाग रोपण शामिल है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए वृक्षारोपण का क्षेत्रवार विवरण निम्नानुसार है:

क्रम	क्षेत्र का नाम	खदानों का नाम	पौधारोपण क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	पौधारोपण का प्रकार	भूमि का प्रकार
1.	सोदपुर	परबेलिया भूमिगत	1.00	प्रकीर्ण	अवतलित
		मीठानी कोलियरी	2.00	प्रकीर्ण	अवतलित
		सोदपुर आर कोलियरी	2.00	प्रकीर्ण	अवतलित
2.	श्रीपुर	भनोड़ा खुली खदान	0.81	प्रकीर्ण	आंतरिक ओबीडी
		भनोड़ा भूमिगत	1.90	प्रकीर्ण	अवतलित
		पाथरडाँगा ओसीपी	9.00	प्रकीर्ण	समतल भूमि
		श्रीपुर भूमिगत ए बी पिट	3.00	प्रकीर्ण	समतल भूमि
		गिरमिंट कोलियरी	2.50	प्रकीर्ण	अवतलित
			3.00	प्रकीर्ण	समतल भूमि
3.	कुनुस्तोड़िया	परासिया कोलियरी	6.00	प्रकीर्ण	आंतरिक ओबीडी
		परासिया कोलियरी	2.00	उपवन	आंतरिक ओबीडी
		अमृतनगर भूमिगत	17.00	प्रकीर्ण	समतल भूमि

क्रम	क्षेत्र का नाम	खदानों का नाम	पौधारोपण क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	पौधारोपण का प्रकार	भूमि का प्रकार
4.	सलानपुर	मोहनपुर ओसीपी	1.20	प्रकीर्ण	आंतरिक ओबीडी
		गौरांडीह-बेगुनिया खुली खदान	5.40	प्रकीर्ण	बाह्य ओबीडी
5.	काजोड़ा	मधुसुदनपुर	0.50	उपवन	समतल भूमि
		जे के रोपवेज 1/7 डम्प	5.00	प्रकीर्ण	समतल भूमि
6.	केन्दा	शंकरपुर ओसीपी	3.00	प्रकीर्ण	आंतरिक ओबीडी
		चोरा ब्लॉक इंक्लाइन भूमिगत	0.75	उपवन	समतल भूमि
		लोअर केन्दा कोलियरी	0.45	प्रकीर्ण	अवतलित
7.	झांझरा	झांझरा भूमिगत परियोजना	5.00	प्रकीर्ण	अवतलित
			5.00	प्रकीर्ण	अवतलित
8.	सोनपुर बजारी	सोनपुर बजारी ओसीपी	7.00	प्रकीर्ण	आंतरिक ओबीडी
			8.00	प्रकीर्ण	बाह्य ओबीडी
			5.00	प्रकीर्ण	खनन पट्टा के बाहर
			0.50	वीथिका	समतल भूमि
9.	बांकोला	खांद्रा भूमिगत	4.00	प्रकीर्ण	समतल भूमि
10.	पाण्डवेश्वर	मधाईपुर	1.50	प्रकीर्ण	आंतरिक ओबीडी
		खोट्टाडीह ओसीपी	3.00	वीथिका	समतल भूमि
		खोट्टाडीह ओसीपी	3.50	प्रकीर्ण	समतल भूमि
11.	सतग्राम	कालीदासपुर भूमिगत	5.00	प्रकीर्ण	समतल भूमि
		निमचा-अमकोला ओसीपी	5.00	प्रकीर्ण	आंतरिक ओबीडी
		कुछ	**119.01**		

घ. सीएएक्यूएमएस का अधिस्थापन :

वास्तविक समय वायु गुणवत्ता निगरानी के लिए, कंपनी ने अपने कमांड क्षेत्र के भीतर विभिन्न स्थानों पर निरंतर परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (सीएएक्यूएमएस) की 04 (चार) संख्या स्थापित की है, जिसमें वाइड स्क्रीन डिस्प्ले है जिसकी कुल लागत 3.40 करोड़ रुपये है।

ङ. कंपनी-वार आईएसओ प्रमाणन :

आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 14001:2015 और आईएसओ 45001:2018 मानकों के लिए आईएसओ द्वितीय व तृतीय बाह्य निगरानी प्रमाणन लेखापरीक्षा आयोजित की गई थी। प्रमाणन निकाय ने उपर्युक्त मानकों के लिए प्रमाणन जारी रखने की सिफारिश की।

केन्दा क्षेत्र के शंकरपुर ओसीपी के ओबी डंप पर वृक्षारोपण

संधारणीय विकास प्रकोष्ठ (एसडीसी)

"संधारणीय विकास प्रकोष्ठ" का गठन कंपनी द्वारा समग्र रूप से कृत भिन्न-भिन्न पर्यावरणीय शमन अध्युपायों की योजना बनाने, दिशानिर्देश तैयार करने, समय-समय पर निगरानी और मूल्यांकन करने के लिए नए विचारों को उत्पन्न करने की दिशा में काम करने के लिए किया गया है। एसडीसी प्रकोष्ठ की अध्यक्षता निदेशक (तकनीकी) योजना व परियोजना द्वारा की जाती है। पर्यावरणीय शमन अध्युपायों को उचित और संधारणीय रीति से करने से आस-पास के क्षेत्रों में काम करने वाले और वास करने वाले लोगों को श्रेष्ठतर वातावरण मिलेगा और राष्ट्र में कोयला क्षेत्र की समग्र छवि में भी सुधार होगा। एसडीसी के अधीन गतिविधियाँ यथा निम्नवत थे :

अ. ईको-पार्क / उद्यानों का विकास :

(i) जेके नगर कोलियरी के अंतर्गत मधुवन वाटिका का विकास वित्तीय वर्ष 2022-23 में 87.03 लाख रुपये की वित्तीय भागीदारी के साथ 4.0 एकड़ क्षेत्र में किया गया है। पार्क में विकसित सुविधाओं में जॉगिंग ट्रैक, फाउंटेन, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, पिकनिक क्षेत्र, गजेबो, पानी और शौचालय की व्यवस्था के साथ सुरक्षा सह टिकट कक्ष शामिल हैं।

(ii) वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, स्थानीय लोगों और कर्मियों के लिए मनोरंजक क्षेत्र बनाने के उद्देश्य से बांकोला में दो और केंदा क्षेत्र में एक उद्यान विकसित किया गया है।

(iii) पश्चिम बंगाल वन विकास निगम लिमिटेड द्वारा 10.51 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 13.02 हेक्टेयर भूमि पर झांझरा क्षेत्र में एक इको-टूरिज्म पार्क विकसित कर रहा है। कार्य प्रगति पर है।

आ. धूल दमन अध्युपाय : ईसीएल की खानें एवं रेलवे पार्श्वस्थल जल-छिड़काव व्यवस्थाओं से सुसज्जित है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में, बांकोला एवं मुगमा क्षेत्र में नौ फॉग कैनन अधिस्थापित किए गए है।

इ. वर्षा जल संचयन संरचनाएँ : वित्तीय वर्ष 2022-23 में बांकोला क्षेत्र में 5 वर्षा जल संचयन संरचनाएं स्थापित की गई हैं ताकि भूजल को रिचार्ज करके जल संरक्षण की पर्यावरण अनुकूल विधि सुनिश्चित की जा सके। स्थापित संरचनाएं भूजल, सतह के पानी या नगरपालिका के पानी जैसे पानी के पारंपरिक स्रोतों पर निर्भरता को कम करने में मदद करती हैं।

ई. उपरिभार का वैकल्पिक उपयोग : कोयला खनन में पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए, कंपनी ने उपरिभार के लाभकारी उपयोग के लिए पहल की है। इस संबंध में 16.09.2022 को 3 लाख घनमीटर प्रति वर्ष के प्रसंस्कृत ओबी उत्पादन की क्षमता वाला कजोड़ा क्षेत्र में एक प्रसंस्कृत ओबी संयंत्र चालू किया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कजोड़ा क्षेत्र की भूमिगत खदानों में भूगर्त भरण के लिए 20000 घनमीटर उपरिभार का प्रसंस्करण और उपयोग किया गया है।

उ. वैज्ञानिक अध्ययन :

1. सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद द्वारा "क्षेत्र आधारित अध्ययन का उपयोग करके विद्यमान जैव विविधता और पारिस्थितिक लाभ के साथ सोनपुर बजारी खुली खदान परियोजना में लगभग 245.20 हेक्टेयर के पुनःउद्धारित उपरिभार स्थल की पारिस्थितिक प्रास्थिति का निर्धारण" किया गया है। प्रारूप अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

2. ईसीएल के छः खदानों (राजमहल खुली खदान परियोजना, सोनपुर बजारी खुली खदान परियोजना, कापासारा खुली खदान परियोजना, मधाईपुर खुली खदान परियोजना, शंकरपुर खुली खदान परियोजना एवं चितरा पूर्वी खुली खदान परियोजना) को आईआईटी, खड़गपुर द्वारा "ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के उपरिभार से प्रसंस्कृत उपरिभार/रेत निष्कर्षण के लिए साध्यता अध्ययन" करने के लिए चिह्नित किया गया है।

उपाबंध-V

2022-23 में सीएसआर गतिविधियों पर वार्षिक प्रतिवेदन

1. कंपनी की सीएसआर नीति पर संक्षिप्त रूपरेखा :

आपकी कंपनी ने सीआईएल सीएसआर नीति जो कंपनी अधिनियम 2013 एवं सीएसआर संशोधन नियमावली, 2022 के संशोधन के अनुरूप है को अंगीकृत और क्रियान्वित किया है। दिनांक 01.04.2014 से प्रभावी डीपीई दिशानिर्देशों यथा फाइल सं. 15(13)/2013-डीपीई (जीएम) दिनांकित 21 अक्तूबर 2014 का भी अनुपालन किया जाता है। सीएसआर पहलों को ईसील के परिचालनात्मक क्षेत्रों के समीपवर्ती अधिवासित अल्पसुविधा प्राप्त, सीमांत और परियोजना प्रभावित जनों पर प्रधानतः केंद्रित करते हुए हमारे सामाजिक दायित्व को विस्तारण करके सामाजिक प्रक्रियाओं के साथ हमारे कारबार को एकीकृत किया गया है। सीआईएल की सीएसआर नीति के अधीन उपबंधों के अनुसार, निधि का ईसील मुख्यालय/क्षेत्र/परियोजना के 25 कि.मी. की त्रिज्या के अंदर 80% उपयोजित किया जाना चाहिए और शेष 20% राज्य/परिचालन के राज्य में संव्यय किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाता है कि समाज के गरीब और जरूरतमंद वर्ग अपने विकास और संधारणीयता समर्थ करने लिए अधिकतम प्रसुविधाओं को प्राप्त करें।

2. वर्ष के दौरान सीएसआर समिति की संरचना :

क्रम	सदस्यों के नाम	पदनाम	सदस्यों के संबंधित कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठक	बैठक में सहभागिता की संख्य
1.	श्री शिव तपस्या पासवान	अध्यक्ष	05	05
2.	श्री अनिमेष भारती	सदस्य	01	01
3.	श्री ए. के. गणेरिवाला	सदस्य	01	01
4.	श्रीमती धर्मशीला गुप्ता	सदस्य	05	05
5.	श्री शिव नारायण पाण्डेय	सदस्य	05	05
6.	श्री जयप्रकाश गुप्ता	सदस्य	04	04
7.	मो. अंज़ार आलम	सदस्य	02	02
8.	श्रीमती आहुती स्वाईं	सदस्य	01	01
9.	श्री नीलेन्दु कुमार सिंह	सदस्य	01	01
10.	श्री नीलाद्री रॉय	सदस्य	01	01

3. कंपनी की वेबसाइट पर वेब-लिंक जहाँ निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित सीएसआर समिति की संरचना, सीएसआर नीति और सीएसआर परियोजनाएँ है प्रकटित किए जाते हैं :

कंपनी का सीएसआर पोर्टल (वेब-लिंक - http://secureloginecl.co.in/csr/index.php) सीएसआर समिति की संरचना, सीएसआर नीति और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित सीएसआर परियोजनाओं से संबंधित संसूचनाएँ उपबंधित करता है।

4. नियम 8 के उप-नियम (3) के अनुसरण में निष्पादित सीएसआर परियोजनाओं के समाघात मूल्यांकन के वेब-लिंक के साथ कार्यकारी सारांश, यदि लागू हो: :

धारा 135 के नियम 8 के उप-नियम (3) के अनुसार, सीएसआर गतिविधियों में से कोई भी वित्तीय वर्ष 2022-23 में समाघात मूल्यांकन के मानदंडों को पूरा नहीं करता है।

5. (अ) धारा 135(5) के अनुसार कंपनी का औसत निवल लाभ : कुछ नहीं

(आ) धारा 135(5) के अनुसार कंपनी का औसत निवल लाभ का 2% : कुछ नहीं

(इ) पूर्व वित्तीय वर्ष के सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों या गतिविधियों से उद्भूत अधिशेष : कुछ नहीं

(ई) वित्तीय वर्ष के के लिए समंजन की जाने वाली आवश्यक राशि, यदि कुछ हो: कुछ नहीं

(उ) वित्तीय वर्ष के लिए कुल सीएसआर दायित्व (5आ + 5इ – 5ई) : कुछ नहीं

6. (अ) सीएसआर परियोजनाओं पर संव्ययित राशि (अविरत परियोजनाएँ एवं अविरत परियोजनाओं से भिन्न) : ₹6,92,13,472.00 (यथा अनुलग्नक क एवं ख के रूप में प्रतिलिपि संलग्न)

(आ) प्रशासनिक अधिव्यय में संव्ययित राशि : कुछ नहीं

(इ) समाघात मूल्यांकन में संव्ययित राशि, यदि प्रयोज्य हो : लागू नहीं

(ई) वित्तीय वर्ष के लिए संव्ययित कुल राशि (6अ+6आ+6इ) : ₹6,92,13,472.00

(उ) वित्तीय वर्ष के लिए संव्ययित या अव्ययित सीएसआर राशि :

वित्तीय वर्ष के लिए संव्ययित कुल राशि (₹ में)	अव्ययित राशि (₹ में)				
	धारा 135(6) के तहत अव्ययित सीएसआर खाता को अंतरित कुल राशि		धारा 135(5) के द्वितीय परंतुक के तहत अधिसूची VII के अधीन विनिर्दिष्ट किसी निधि को अंतरित राशि		
	राशि.	अंतरण की तिथि	निधि के नाम	राशि	निधि राशि। अंतरण की तिथि
₹6,92,13,472.00	कुछ नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	कुछ नहीं	लागू नहीं

(ऊ) समंजन के लिए आधिक्य राशि, यदि कुछ हो :

क्रम सं.	विशिष्टियाँ	राशि (₹ करोड़)
1.	धारा 135 (5) के अनुसार कंपनी के औसत निवल लाभ का दो प्रतिशत	कुछ नहीं
2.	वित्तीय वर्ष के लिए व्यय की गई कुल राशि	6,92,13,472.00
3.	वित्तीय वर्ष के लिए व्यय की गई अतिरिक्त राशि [2 - 1]	6,92,13,472.00
4.	पूर्व वित्तीय वर्षों, यदि कोई हो, के सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों या गतिविधियों से उद्भूत अधिशेष	कुछ नहीं
5.	उत्तरवर्ती वित्तीय वर्षों में समंजन के लिए उपलब्ध राशि [3 - 4]	कुछ नहीं

7. (अ) पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों के लिए अव्ययित सीएसआर राशि के ब्यौरे :

क्रम सं.	पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष	धारा 135(6) के अधीन अव्ययित सीएसआर खाता में अंतरित राशि (₹ में)	धारा 135(6) के अधीन अव्ययित सीएसआर खाता में शेष राशि (₹ में)	प्रतिवेदिति वित्तीय वर्ष में संव्ययित राशि (₹ में)	धारा 135 (5) के द्वितीय परंतुक के अनुसार अनुसूची VII के तहत निर्दिष्ट निधि में अंतरित राशि, यदि कोई हो,		उत्तरवर्ती वित्तीय वर्ष में व्यय की जाने वाली शेष राशि	कमी, यदि कोई हो
					राशि (₹ में)	अंतरण की तिथि		
1.	2019-20	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	कुछ नहीं	कोई नहीं
2.	2020-21	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	कुछ नहीं	कोई नहीं
3.	2021-22	कुछ नहीं	कुछ नही	कुछ नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	कुछ नहीं	कोई नहीं

8. पूँजीगत आस्ति के निर्माण या अधिग्रहण के मामले में, वित्तीय वर्ष में व्ययित सीएसआर के जरिए इस प्रकार निर्मित या अधिगृहीत आस्ति से संबंधित ब्यौरे प्रस्तुत करें (आस्तिवार विवरण) : लागू नहीं।

9. कारण(ओं को) विनिर्दिष्ट करें, यदि कंपनी धारा 135(5) के अनुसार औसत निवल लाभ के दो प्रतिशत संव्यय करने में विफल होती है : वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए धारा 135 (5) के अनुसार औसत निवल लाभ का दो प्रतिशत शून्य है।

(आहुति स्वाई)
निदेशक (कार्मिक)
डीआईएन-09817248

(शिव तपस्या पासवान)
अध्यक्ष, सीएसआर उप-समिति
डीआईएन-09414240

दिनांक : 07.06.2023
स्थान : सांकतोड़िया
उपाबंध : क एवं ख

उपाबंध-A

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए चल रही परियोजनाओं पर खर्च की गई सीएसआर राशि का विवरण

1	2	3	4	5		6	7	8	9	10	11	
क्र.सं.	परियोजना का नाम	अधिनियम की अनुसूची VII में गतिविधियों की सूची से आइटम	स्थानीय क्षेत्र (हाँ/नहीं)	परियोजना का स्थान		परियोजना अवधि	परियोजना के लिए आवंटित राशि (₹ में)	वर्तमान वित्तीय वर्ष में खर्च की गई राशि (₹ में)	धारा 135(6) के अनुसार परियोजना के लिए अव्ययित सीएसआर खाते में हस्तांतरित राशि (₹ में)	कार्यान्वयन का तरीका प्रत्यक्ष (हाँ/नहीं)	कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से कार्यान्वयन का तरीका	
				राज्य	ज़िला						नाम	सीएसआर पंजीकरण संख्या
1	सतग्राम इनक्लाइन से बेनाली गांव को जोड़ने वाली पीसीसी सड़क का निर्माण	ग्रामीण विकास	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	6 माह	21,81,714	21,46,464	शून्य	हाँ	ना	ना
2	जेमेरी जीपी, सतग्राम क्षेत्र में आजीविका सृजन परियोजना 'स्कूल यूनिफॉर्म टेलरिंग यूनिट के माध्यम से एसएचजी के लिए आनंदी'।	कौशल विकास	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	3 वर्ष	4,10,912	5,44,705	शून्य	नहीं	एसएसआरडीपीटी	सीएसआर00001258
3	सालानपुर क्षेत्र, ईसीएल की सीएसआर योजना के तहत रामकृष्ण मिशन आश्रम सभागार का बुनियादी ढांचा विकास	शिक्षा	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	6 माह	2,28,052	2,27,474	शून्य	नहीं	आरके मिशन के साथ एमओयू	सीएसआर00006101
4	ईसीएल मुख्यालय और सोदपुर के आसपास के क्षेत्रों में महिलाओं के लिए स्वच्छता के लिए परियोजना "वंदना"।	स्वास्थ्य देखभाल	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	1 वर्ष	5,85,502	5,85,499	शून्य	नहीं	राइट ट्रैक एजेंसी	सीएसआर00012309
5	पाण्डवेश्वर में ऑटो हब एवं नाली का निर्माण।	ग्रामीण विकास	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	1 वर्ष	54,64,800	54,43,200	शून्य	नहीं	बीडीओ, पांडवेश्वर	-
6	01 नंबर के माध्यम से वंचित और जरूरतमंद व्यक्तियों को चिकित्सा और स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करना। 1 वर्ष के लिए एमएमवी का	स्वास्थ्य देखभाल	हाँ	झारखंड	दुमका	1 वर्ष	22,23,000	17,29,000	शून्य	हाँ	ना	ना
7	01नंबर के माध्यम से वंचित और जरूरतमंद व्यक्तियों को चिकित्सा और स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करना। 2 वर्ष के लिए एमसीवी का.	स्वास्थ्य देखभाल	हाँ	झारखंड	गोड्डा	2 वर्ष	7,41,000	7,03,322	शून्य	हाँ	ना	ना
8	3 वर्षों के लिए 01 एमसीवी के माध्यम से वंचित और जरूरतमंद व्यक्तियों को चिकित्सा और स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करना।	स्वास्थ्य देखभाल	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	3 वर्ष	29,64,000	29,64,000	शून्य	हाँ	ना	ना
9	दो नंबर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। सोनपुर बाजारी के ग्रामीणों और स्कूल जाने वाले बच्चों के परिवहन के लिए ट्रेकर या इसी प्रकार के वाहन की, सीएसआर के तहत मधुडांगा और भटमुरा गांव, सोनपुर बाजारी क्षेत्र।	ग्रामीण विकास	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	1 वर्ष	74,137	74,137	शून्य	हाँ	ना	ना
10	दुमका जिले (आकांक्षी जिला) में शिकारीपाड़ा और काठीकुंड ब्लॉक के लिए स्वास्थ्य सेतु एम्बुलेंस सेवा	स्वास्थ्य देखभाल	हाँ	झारखंड	दुमका	3 वर्ष	7,48,446	8,90,000	शून्य	नहीं	आर.के एचआईवी ट्रस्ट, अनुसंधान एवं देखभाल केंद्र	सीएसआर00002183
11	हरिपुर ग्राम पंचायत के पांच गांवों में पानी के टैंकर के माध्यम से घरेलू पानी की आपूर्ति।	जलापूर्ति	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	1 वर्ष	13,50,896	13,50,896	शून्य	हाँ	ना	ना
12	07 नग की स्थापना। 16 मीटर का. सालानपुर क्षेत्र में हाई मास्ट लाइटिंग टॉवर।	पर्यावरण एवं स्थिरता	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	1 वर्ष	13,96,500	13,96,500	शून्य	हाँ	ना	ना
13	सालानपुर क्षेत्र, ईसीएल के सीएसआर के तहत सालानपुर ब्लॉक के 11 ग्राम पंचायतों में पानी के टैंकर के माध्यम से पीने के पानी की आपूर्ति।	जलापूर्ति	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	2 माह	4,65,000	4,65,000	शून्य	नहीं	बीडीओ सालानपुर के साथ एमओयू	-
14	एटीडीसी, कुनुस्तोरिया द्वारा सिलाई मशीन ऑपरेटर ट्रेड में कौशल प्रशिक्षण हस्तक्षेप	कौशल विकास	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	2.2 वर्ष	4,33,980	4,33,980	शून्य	नहीं	एटीडीसी, राँची	सीएसआर00000938

1	2	3	4	5		6	7	8	9	10	11	
क्र.सं.	परियोजना का नाम	अधिनियम की अनुसूची VII में गतिविधियों की सूची से आइटम	स्थानीय क्षेत्र (हाँ/नहीं)	परियोजना का स्थान		परियोजना अवधि	परियोजना के लिए आवंटित राशि (₹ में)	वर्तमान वित्तीय वर्ष में खर्च की गई राशि (₹ में)	धारा 135(6) के अनुसार परियोजना के लिए अव्ययित सीएसआर खाते में हस्तांतरित राशि (₹ में)	कार्यान्वयन का तरीका प्रत्यक्ष (हाँ/नहीं)	कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से कार्यान्वयन का तरीका	
				राज्य	जिला						नाम	सीएसआर पंजीकरण संख्या
15	केंडा, सोदपुर, सतग्राम, सालानपुर और पांडवेश्वर क्षेत्र में ईसीएल के परिचालन क्षेत्र के नजदीकी स्कूलों में मिनी साइंस लैब।	शिक्षा	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	2 वर्ष	4,38,960	4,38,960	शून्य	नहीं	समभावना फाउंडेशन	सीएसआर00000687
16	आईटीआई, सिकटिया, गोड्डा, झारखंड का संचालन, रखरखाव, प्रबंधन और उन्नयन।	कौशल विकास	हाँ	झारखंड	गोड्डा	2 वर्ष	1,43,16,511	1,30,05,468	शून्य	नहीं	गोबिंदपुर सेफली समाज सेवा समिति	सीएसआर00031499
17	आकांक्षी जिला, गोड्डा में COVID-19 से लड़ने के लिए आवश्यक चिकित्सा और उपकरणों की खरीद।	स्वास्थ्य देखभाल (कोविड-19)	हाँ	झारखंड	गोड्डा	1 वर्ष	1,73,31,218	1,72,78,237	शून्य	नहीं	डी.सी कार्यालय, गोड्डा	-
18	न्यू एगारा गांव, कुनुस्तोरिया में पीने के पानी की आपूर्ति के लिए गहरे बोर-वेल, सौर पंप और पाइपलाइन की स्थापना।	जलापूर्ति	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	6 माह	9,41,460	9,41,460	शून्य	हाँ	ना	ना
19	सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग में सीआईएल- मुख्यालय/सीआईएल सहायक कंपनियों द्वारा समर्थित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम	कौशल विकास	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	3 वर्ष	33,15,000	33,14,500	शून्य	नहीं	सीआईपीईटी, चेन्नई	सीएसआर00008481
20	सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग में सीआईएल- मुख्यालय/सीआईएल सहायक कंपनियों द्वारा समर्थित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम	कौशल विकास	हाँ	झारखंड	गोड्डा	3वर्ष	36,75,000	36,75,000	शून्य	नहीं	सीआईपीईटी, चेन्नई	सीएसआर00008481
21	सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग में सीआईएल- मुख्यालय/सीआईएल सहायक कंपनियों द्वारा समर्थित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम	कौशल विकास	हाँ	झारखंड	दुमका	3 वर्ष	7,00,000	7,00,000	शून्य	नहीं	सीआईपीईटी, चेन्नई	सीएसआर00008481
22	ईसीएल सीएसआर के केंदा क्षेत्र के अंतर्गत केंदा गांव में एक चिनाई वाले कुएं का निर्माण।	जलापूर्ति	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	6 माह	3,38,866	2,71,955	शून्य	हाँ	ना	ना
23	दुमका जिले (आकांक्षी जिला) के सरैयाहाट ब्लॉक के हंसडीहा में नवनिर्मित अस्पताल भवन में 200 बिस्तरों वाले समर्पित सीओवीआईडी अस्पताल (डीसीएच) की स्थापना	स्वास्थ्य देखभाल (कोविड-19)	हाँ	झारखंड	दुमका	1 वर्ष	17,92,000	17,92,000	शून्य	नहीं	डी.सी कार्यालय, दुमका	-
						कुल	6,21,16,954	6,03,71,757				

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए चल रही परियोजनाओं के अलावा अन्य पर खर्च की गई सीएसआर राशि का विवरण

उपाबंध- बी

1	2	3	4	5		6	7	8	
Sl. no	परियोजना का नाम	अधिनियम की अनुसूची VII में गतिविधियों की सूची से आइटम	स्थानीय क्षेत्र (हाँ/नहीं)	परियोजना का स्थान		परियोजना के लिए खर्च की गई राशि (₹ में)	कार्यान्वयन का तरीका प्रत्यक्ष (हाँ/नहीं)	कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से कार्यान्वयन का तरीका	
				राज्य	ज़िला			नाम	सीएसआर पंजीकरण संख्या
1	कुल 70 नग की स्थापना। 5 साल की एएमसी के साथ ईसीएल के काजोरा क्षेत्र के आसपास के विभिन्न गांवों में सौर एलईडी स्ट्रीट लाइट।	पर्यावरण एवं स्थिरता	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	5,68,750	हाँ	ना	ना
2	60 नग की स्थापना। सालानपुर क्षेत्र के अंतर्गत झाड़ग्राम गांव में सौर एलईडी लाइटें।	पर्यावरण एवं स्थिरता	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	6,59,355	हाँ	ना	ना
3	ईसीएल के सभी क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान	राष्ट्रीय विरासत, कला एवं संस्कृति का संरक्षण	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	83,789	हाँ	ना	ना
4	ईसीएल के सभी क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान	राष्ट्रीय विरासत, कला एवं संस्कृति का संरक्षण	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	1,47,767	हाँ	ना	ना
5	ईसीएल के सभी क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान	राष्ट्रीय विरासत, कला एवं संस्कृति का संरक्षण	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	54,729	हाँ	ना	ना
6	ईसीएल के सभी क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान	राष्ट्रीय विरासत, कला एवं संस्कृति का संरक्षण	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	1,09,457	हाँ	ना	ना
7	ईसीएल के सभी क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान	राष्ट्रीय विरासत, कला एवं संस्कृति का संरक्षण	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	1,10,898	हाँ	ना	ना
8	ईसीएल के सभी क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान	राष्ट्रीय विरासत, कला एवं संस्कृति का संरक्षण	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	1,19,308	हाँ	ना	ना
9	ईसीएल के सभी क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान	राष्ट्रीय विरासत, कला एवं संस्कृति का संरक्षण	हाँ	झारखंड	धनबाद	1,03,984	हाँ	ना	ना
10	ईसीएल के सभी क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान	राष्ट्रीय विरासत, कला एवं संस्कृति का संरक्षण	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	1,00,336	हाँ	ना	ना
11	ईसीएल के सभी क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान	राष्ट्रीय विरासत, कला एवं संस्कृति का संरक्षण	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	92,900	हाँ	ना	ना
12	ईसीएल के सभी क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान	राष्ट्रीय विरासत, कला एवं संस्कृति का संरक्षण	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	47,431	हाँ	ना	ना
13	ईसीएल के सभी क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान	राष्ट्रीय विरासत, कला एवं संस्कृति का संरक्षण	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	75,161	हाँ	ना	ना
14	ईसीएल के सभी क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान	राष्ट्रीय विरासत, कला एवं संस्कृति का संरक्षण	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	68,000	हाँ	ना	ना
15	ईसीएल के सभी क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान	राष्ट्रीय विरासत, कला एवं संस्कृति का संरक्षण	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	50,550	हाँ	ना	ना
16	हर घर तिरंगा अभियान के लिए झंडों की खरीदारी	राष्ट्रीय विरासत, कला एवं संस्कृति का संरक्षण	नहीं	झारखंड	रांची	50,00,000	नहीं	पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामले मंत्रालय, सरकार। झारखण्ड के	

1	2	3	4	5		6	7	8	
Sl. no	परियोजना का नाम	अधिनियम की अनुसूची VII में गतिविधियों की सूची से आइटम	स्थानीय क्षेत्र (हाँ/नहीं)	परियोजना का स्थान		परियोजना के लिए खर्च की गई राशि (₹ में)	कार्यान्वयन का तरीका प्रत्यक्ष (हाँ/नहीं)	कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से कार्यान्वयन का तरीका	
				राज्य	ज़िला			नाम	सीएसआर पंजीकरण संख्या
17	इच्छापुर पंचायत में सिलाई एवं आभूषण बनाने का प्रशिक्षण	महिला सशक्तिकरण	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	2,27,000	नहीं	इच्छापुर ग्राम पंचायत और डोलन्स बुटीक और हस्तशिल्प ट्रस्ट	सीएसआर00000482
18	प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए शिक्षा सहायता कार्यक्रम।	शिक्षा	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	3,49,650	नहीं	सैंक्टोरिया ग्राम समिति	सीएसआर00026873
19	सामान्य स्वास्थ्य शिविर- 21.09.2022 को निमजोरा आदिवासी गांव में सैंक्टोरिया अस्पताल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और निःशुल्क दवा।	स्वास्थ्य देखभाल	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	47,510	हाँ	ना	ना
20	2 नग की स्थापना. सीएसआर, सालानपुर क्षेत्र के तहत बाराबनी ब्लॉक में जल एटीएम	जलापूर्ति	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	5,75,840	नहीं	बीडीओ, बाराबनी ब्लॉक	
21	सैंक्टोरिया में ऑयस्टर मशरूम खेती के माध्यम से महिलाओं के लिए आजीविका कार्यक्रम।	महिला सशक्तिकरण	हाँ	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बर्धमान	2,49,300	हाँ	सैंक्टोरिया ग्राम समिति	सीएसआर00026873
					कुल	**88,41,715**			

उपाबंध-VI

निगमित सुशासन पर प्रतिवेदन

1. दर्शन:

निगमित सुशासन नैतिक रूप से संचालित कारबार प्रथाओं के माध्यम से नियामकों, कर्मियों, विक्रेताओं, निवेशकों और व्यापक रूप से समाज को समाविष्ट करते हुए हमारे हितधारकों के लिए दीर्घाकालिक संधारणीय मूल्य का सृजन और संवृद्धि है। प्रभावी निगमित सुशासन प्रथाएँ उस मजबूत नींव को स्थापित करती हैं जिसपर सफल वाणिज्यिक उद्यम अवलंबित होते हैं। सशक्त नेतृत्व और प्रभावी निगमित सुशासन प्रथाएँ कंपनी की विशिष्टता है जो उसे अपनी संस्कृति और लोकाचार से विरासत में मिली हैं। ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में, यह समादेशी है कि हमारी कंपनी के मामलातों को निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से प्रबंधित किया गया है।

हमारी कंपनी यह सुनिश्चित करती है कि कंपनी न केवल अभिकथित निगमित सुशासन दिशानिर्देशों को, बल्कि वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को भी विकसित और उनका अनुसरण करे। हम अपने शेयरधारकों के अधिकारों की रक्षा करना और अपने वित्तीय एवं कार्य-निष्पादन के साथ-साथ कंपनी के नेतृत्व और शासन के बारे में समय पर, पर्याप्त और सटीक सूचना का प्रकटन करना अपनी अंतर्निहित दायित्व मानते हैं। पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सत्यनिष्ठा एक अच्छे निगमित सुशाशन का मुख्य घटक हैं। आपकी कंपनी यथा एक सुनिगमित नागरिक निगमित सुशासन के उच्चतम मानकों का पालन करने में विश्वास करती है। ईसीएल सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अधीन भारतीय नागरिकों को सूचना तक उचित पहुँच उपबंधित करती है।

2. निदेशक मंडल :

(क) निदेशक मण्डल की संरचना :

हमलोग कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(45) के अर्थ के अंतर्गत एक सरकारी कंपनी है जिसका समस्त चुकता शेयर पूँजी कोल इंडिया लिमिटेड धारित करता है। संगत अनुच्छेदों के अनुसार, निदेशकों को नियुक्त करने की शक्ति भारत के राष्ट्रपति के पास है।

कंपनी के संगत अनुच्छेदों के निबंधन में हमारे निदेशक मंडल में जनशक्ति 02 निदेशकों से और 15 निदेशकों से अधिक नहीं होनी चाहिए। ये निदेशकगण चाहे पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशकगण या अशंकालिक निदेशकगण हो सकते हैं। निदेशकों को कोई अर्हता शेयर रखने की आवश्यकता नहीं है।

31 मार्च, 2023 तक, निदेशक मण्डल में 10 निदेशकगण सम्मिलित हुए, जिसमें से 5 पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशकगण, 2 अंशकालिक पदीय निदेशकगण और 3 अंशकालिक गैर-पदीय निदेशकगण थें।

निदेशकगण निदेशक मण्डल में व्यापक अनुभव और कौशल लाते हैं।

निदेशकगण

वर्ष 2022-23 के दौरान, ईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री अंबिका प्रसाद पंडा थे। वर्ष 2022-23 के दौरान कंपनी के निदेशक मण्डल में अन्य निदेशकगण श्री अनिल कुमार गणेरिवाला, अंशकालिक गैर-पदीय निदेशक (09.7.2022 तक); श्रीमती धर्मशीला गुप्ता, अंशकालिक गैर-पदीय निदेशक; श्री शिव नारायण पाण्डेय, अंशकालिक गैर-पदीय निदेशक; श्री शिव तपस्या पासवान, अंशकालिक गैर-पदीय निदेशक; श्री अनिमेष भारती, अंशकालिक पदीय निदेशक (05.07.2022 तक); श्री एस. एन. तिवारी, अंशकालिक पदीय निदेशक (30.04.2022 तक); श्री एच. के. हाजोंग, अंशकालिक पदयी निदेशक (05.07.2022 से); श्री बी. वीरा रेड्डी, कार्यकारी निदेशक (12.05.2022 से); श्री जयप्रकाश गुप्ता, कार्यकारी निदेशक (30.11.2022 तक); श्री उदय अनंतराव काउले, कार्यकारी निदेशक (01.12.2022 से 09.12.2022 तक); श्री संजय कुमार सिंह, कार्यकारी निदेशक (01.12.2022 से 01.02.2023 तक); मो. अंज़ार आलम, कार्यकारी निदेशक (15.09.2022 से); श्रीमती आहुती स्वाई कार्यकारी निदेशक (18.11.2022 से); श्री नीलेन्दु कुमार सिंह, कार्यकारी निदेशक (09.12.2022 से) एवं श्री नीलाद्री रॉय, कार्यकारी निदेशक (01.02.2023 से) थे।

सेवा संविदा :

भारत के राष्ट्रपति द्वारा कंपनी के निदेशकों की नियुक्ति की गई है। कंपनी के संगम अनुच्छेद के निबंधन में पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशगणों की नियुक्ति के निबंधन एवं शर्तों को भारत के राष्ट्रपति द्वारा विनिश्चित किया जाता है। गैर-पदीय अंशकालिक निदेशकों के निबंधन एवं शर्ते को कोयला मंत्रालय द्वारा अधिकथित किया जाता है।

निदेशकगणों की आयु-सीमाएँ एवं पदावधि :

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं अन्य पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशकगणों की आयु-सीमा 60 वर्ष है। अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं अन्य पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशकगण पदग्रहण की तिथि से पाँच वर्षों की अवधि या पदधारी की अधिवर्षिता की तिथि तक या भारत सरकार के अगले आदेश तक जो भी घटना पहले होती है के लिए नियुक्त किए जाते हैं। निदेशक मण्डल के किसी भी निदेशकगण दस से अधिक सार्वजनिक कंपनियों में निदेशक पद को धारित नहीं करते हैं। इसके अतिरिक्त, उनमें से कोई भी दस से अधिक समितियों का सदस्य या सभी सार्वजनिक कंपनियों में पांच से अधिक समितियों का अध्यक्ष नहीं है, जिसमें वह एक निदेशक है। निदेशकों द्वारा 31 मार्च, 2023 तक अन्य सार्वजनिक कंपनियों में समिति के पदों संबंधी आवश्यक प्रकटन किया गया है। कोई भी निदेशक एक दूसरे से संबंधित नहीं हैं। कोयला मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने वाले सरकारी नामित निदेशकगण, कोयला मंत्रालय के पदधारी नहीं रहने पर निदेशक मण्डल से सेवानिवृत्त होते हैं। भारत सरकार द्वारा स्वतंत्र निदेशकगणों की नियुक्ति की जाती है। गैर-अधिशासी स्वतंत्र निदेशकगण कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 में विनिर्दिष्ट स्वतंत्रता की शर्तों को पूर्ण करते हैं।

(ख) निदेशक मण्डलीय बैठकें :

निदेशकों की सुविधा के लिए और वीडियो दूर सम्मेलन रीति के जरिए भी निदेशक मंडल की बैठकें सामान्यतः सांक्तोड़िया/कोलकाता में आयोजित की जाती हैं। कंपनी के पास निदेशक मंडल और उसकी समितियों की बैठकों के लिए सुपरिभाषित प्रक्रियाएँ हैं ताकि सुविज्ञ और दक्ष रीति से निर्णय विनिश्चय में सुकर हो सके।

31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान, यथा एक वित्तीय वर्ष में 4 बैठकों की न्यूनतम आवश्यकता के प्रतिकूल 11 (ग्यारह) निदेशक मण्डलीय बैठकें 09.05.2022, 08.06.2022, 06.07.2022, 27.07.2022, 22.09.2022, 27.10.2022, 26.11.2022 एवं 27.11.2022 को जारी रहा, 20.12.2022, 23.01.2023, 16.02.2023 और 24.03.2023 को आयोजित किए गए थें।

प्रत्येक निदेशकगणों की उपस्थिति सापेक्ष निदेशक मण्डलीय बैठकों की संख्या निम्नवत है :

क्रम	निदेशकगण	निदेशक मण्डलीय बैठकें		अन्य निदेशकों की संख्या
		पदावधि के दौरान आयोजित	उपस्थिति सापेक्ष	
	कार्यकारी निदेशकगण :			
01	श्री अंबिका प्रसाद पंडा अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, ईसीएल	11	11	Nil
02	श्री जयप्रकाश गुप्ता निदेशक (तकनीकी) योजना व परियोजना, ईसीएल (18.06.2018 से)	7	7	Nil
03	श्री उदय अनंतराव काउले निदेशक (तकनीकी) योजना व परियोजना, ईसीएल (01.12.2022 से 09.12.2022 तक)	कुछ नहीं	कुछ नहीं	01
04	श्री संजय कुमार सिंह निदेशक (तकनीकी) संचालन, ईसीएल (01.12.2022 से 01.02.2023 तक)	2	2	01
05	मो. अंज़ार आलम निदेशक (वित्त), ईसीएल (15.09.2022 से)	7	7	कुछ नहीं
06	श्रीमती आहुती स्वाईं निदेशक (कार्मिक), ईसीएल (18.11.2022 से)	5	5	कुछ नहीं
07	श्री नीलेन्दु कुमार सिंह निदेशक (तकनीकी) योजना व परियोजना, ईसीएल (09.12.2022 से)	4	4	कुछ नहीं
08	श्री नीलाद्री रॉय निदेशक (तकनीकी) संचालन, ईसीएल (01.02.2023 से)	2	2	कुछ नहीं
	अंशकालिक पदीय निदेशक :			
09	श्री अनिमेष भारती आर्थिक सलाहकार, कोयला मंत्रालय (05.07.2022 तक)	2	2	कुछ नहीं

क्रम	निदेशकगण	निदेशक मण्डलीय बैठकें		अन्य निदेशकों की संख्या
		पदावधि के दौरान आयोजित	उपस्थिति सापेक्ष	
10	श्री एस. एन. तिवारी निदेशक (विपणन), सीआईएल (30.04.2022 तक)	कुछ नहीं	कुछ नहीं	05
11	श्री एच. के. हाजोंग आर्थिक सलाहकार, कोयला मंत्रालय (05.07.2022 से)	9	9	कुछ नहीं
12	श्री बी. वीरा रेड्डी निदेशक (तकनीकी) संचालन, ईसीएल (12.05.2022 से)	10	10	09
	अंशकालिक गैर-पदीय निदेशक :			
13	श्री अनिल कुमार गणेरिवाला (09.07.2022 तक)	3	3	कुछ नहीं
14	श्रीमती धर्मशीला गुप्ता	11	11	कुछ नहीं
15	श्री शिव नारायण पाण्डेय	11	11	कुछ नहीं
16	श्री शिव तपस्या पासवान	11	11	कुछ नहीं

(ग) निदेशक मण्डल के समक्ष प्रस्तुत सूचना :

निदेशक मण्डल का कंपनी के अंतर्गत किसी भी सूचना तक पूर्ण अभिगमन है। निदेशक मण्डल को आपूर्ति की जाने वाली नियमित सूचनाओं में अन्य बातों के साथ-साथ निम्निलखित को समाविष्ट करता है :

i. वार्षिक परिचालनात्मक योजनाएँ एवं बजटों और कोई अध्यतन।

ii. पूँजी बजटों और कोई अद्यतन।

iii. कंपनी और उसके परिचालनात्मक प्रभागों या कारबार अनुभागों के लिए तिमाही परिणाम।

iv. निदेशक मण्डल के लेखापरीक्षा समिति एवं अन्य समितियों की बैठकों का कार्यवृत्त।

v. निदेशक मण्डल के ठीक नीचे मुख्य वित्तीय अधिकारी एवं कंपनी सचिव की नियुक्ति या अपसारण सहित वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक की सूचना।

vi. कारण बताओ, माँग, अभियोजन सूचनाएँ तथा शास्ति सूचनाएँ जो तात्त्विक रूप से महत्वपूर्ण हैं।

vii. घातक या गंभीर दुर्घटनाएँ, संकटपूर्ण घटनाएँ, किसी पदार्थ बहिःस्राव या प्रदूषण समस्याएँ।

viii. कंपनी को और उसके द्वारा वित्तीय दायित्वों में कोई भी तात्त्विक व्यतिक्रम, या कंपनी द्वारा बिक्री मालों के लिए सारभूत असंदाय।

ix. कोई भी मुद्दा, जिसमें किसी भी निर्णय या आदेश सहित सारभूत प्रकृति के संभावित सार्वजनिक या उत्पाद देयता दावे अंतर्वलित होते हैं, जिससे कंपनी के कार्याकलाप पर अवक्षेपें पारित हो सकता है या किसी अन्य उद्यम विषयक प्रतिकूल दृष्टिकोण परिगृहीत कर सकता है जिसका कंपनी पर नकारात्मक विवक्षा हो सकता है।

x. किसी भी संयुक्त उद्यमों या सहयोग करार का ब्यौरा।

xi. महत्वपूर्ण श्रम समस्याएँ और उनके प्रस्तावित समाधान। मजदूरी करार पर हस्ताक्षर, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के क्रियान्वयन इत्यादि जैसे अग्रणी मानव संसाधन/औद्योगिक संबंध में कोई महत्वपूर्ण विकास।

xii. किसी भी विनियमकारी एवं कानूनी मामलों का अननुपालन।

(घ) निदेशक का पारिश्रमिक :

ए.) कार्यकारी निदेशकगण :

(राशि ₹ में)

क्रम	निदेशक का नाम	वेतन	प्रसुविधाएँ	कुल
1.	श्री अंबिका प्रसाद पंडा	68,69,294.83	6,64,488.00	75,33,782.83
2.	मो. अज़ार आलम (15.09.2022 से)	15,56,452.93	-	15,56,452.93
3.	श्री नीलेन्दु कुमार सिंह (09.12.2023 से)	10,85,373.36	1,03,855.00	11,89,228.36
4.	श्री नीलाद्री रॉय (01.02.2023 से)	19,81,885.10	-	19,81,885.10
5.	श्री जयप्रकाश गुप्ता (30.11.2022 तक)	81,22,023.00	5,95,374.00	87,17,397.00

बी.) अंशकालिक पदीय निदेशकगण :

कंपनी द्वारा अंशकालिक पदीय निदेशकगणों को कोई भी पारिश्रमिक संदाय नहीं किया गया है।

सी.) अंशकालिक गैर-पदीय निदेशकगण :

अंशकालिक गैर-पदीय निदेशकों को बैठक शुल्क के सिवाय कोई पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जा रहा है। निदेशक मण्डल / समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए प्रदत्त बैठक शुल्क का ब्यौरे निम्नवत है :

(राशि ₹ में)

क्रम	निदेशक का नाम	निदेशक मण्डलीय बैठक के लिए बैठक शुल्क	समिति बैठकों के लिए बैठक शुल्क	कुल
1.	श्री अनिल कुमार गणेरिवाला	45,000	75,000	1,20,000
2.	श्रीमती धर्मशीला गुप्ता	1,65,000	2,85,000	4,50,000
3.	श्री शिव नारायण पाण्डेय	1,65,000	2,85,000	4,50,000
4.	श्री शिव तपस्या पासवान	1,65,000	2,85,000	4,50,000

3. मण्डलीय समिति :

निदेशक मण्डल ने निम्नलिखित मण्डलीय समितियों का गठन किया है :

क. लेखापरीक्षा समिति;

ख. "परियोजनाओँ का मूल्यांकन, मूल्य-निरूपण एवं अनुमोदन" के लिए उप-समिति;

ग. "सीएसआर" पर समिति;

घ. जोखिम प्रबंधन समिति;

[क] लेखापरीक्षा समिति :

आपकी कंपनी के पास स्वतंत्र लेखापरीक्षा समिति है। कंपनी द्वारा गठित लेखापरीक्षा समिति की संरचना, प्रक्रियाएँ, शक्तियाँ और भूमिकाएँ / प्रकार्य कंपनी अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं का अनुपालन करना है।

लेखापरीक्षा समिति का विस्तार :

लेखापरीक्षा समिति के विस्तार यथा निम्नवत हैं :

i. कंपनी के वित्तीय प्रतिवेदित प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करना और उसके वित्तीय सूचना के प्रकटन को सुनिश्चित करना कि वित्तीय विवरणी सही, पर्याप्त और विश्वसनीय है।

ii. निदेशक मण्डल को लेखापरीक्षा शुल्कों के नियतन की सिफारिश करना।

iii. सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा प्रदत्त किसी अन्य सेवाओं के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों को शुल्क नियतन के लिए निदेशक मण्डल को सिफारिश।

iv. वार्षिक वित्तीय विवरणियों को अनुमोदन के लिए निदेशक मण्डल के समक्ष प्रस्तुत करने के पूर्व अनुप्रयुक्त विधियों के साथ अनुपालन में हैं के प्रति निर्देश से प्रबंधन के साथ पुनर्विलोकन करना और यह सुनिश्चित करना कि :

अ) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) के अनुसार निदेशक मण्डलीय प्रतिवेदनों में समाविष्ट किए गए आवश्यक मामले हैं;

आ) लेखांकन नीतियों एवं प्रथाओं में, यदि कोई हो, परिवर्तन हैं;

इ) प्रबंधन द्वारा निर्णय के अभ्यास पर आधारित प्राक्कलनों के अंतर्गत लेखांकन प्रविष्टियाँ किए गए हैं;

ई) लेखापरीक्षा निष्कर्षों से उद्भूत वित्तीय विवरणियों में कृत महत्त्वपूर्ण समायोजन किए गए हैं;

उ) वित्तीय विवरणी संबंधित विधिक आवश्यकताओं के साथ अनुपालन में हैं;

ऊ) किसी भी संबंध पक्षकार लेनदेनों का प्रकटन किया गया है;

ए) लेखापरीक्षक प्रतिवेदन प्रारूप में अर्हताओं में हैं और

ऐ) वित्तीय दशाओं एवं परिचालनात्मक परिणामों की प्रबंधकीय परिचर्चा एवं विश्लेषण किया गया हैं।

v. अनुमोदन के लिए निदेशक मण्डल के समक्ष प्रस्तुत करने के पूर्व तिमाही वित्तीय विवरणियों, प्रबंधन क साथ, पुनर्विलोकन।

vi. आंतरिक लेखापरीक्षकों के कार्य-निष्पादन एवं आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों पर प्रबंधन के साथ पुनर्विलोकन करना।

vii. आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य की पर्याप्तता की समीक्षा करना, यदि कोई आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग की संरचना, विभाग प्रधान की कार्मिक व्यवस्था और वरीयता, रिपोर्टिंग संरचना कवरेज और आंतरिक लेखा परीक्षा की आवृत्ति और आंतरिक लेखा परीक्षक की नियुक्ति और / या हटाने के बारे में जानकारी सम्मिलित है।

viii. आंतरिक लेखापरीक्षक और / या लेखापरीक्षकों के साथ किसी भी महत्वपूर्ण निष्कर्षों या उसके अनुवर्ती कार्रवाई पर परिचर्चा।

ix. मामलें जहाँ तात्विक प्रकृति के संदिग्ध कपट या अनियमितता या आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की विफलता है और निदेशक मण्डल को मामलात की रिपोर्टिंग प्रतिवेदित किया जा रहा है को आंतरिक लेखापरीक्षकों / लेखापरीक्षकों / अभिकरणों द्वारा किसी भी आंतरिक अन्वेषणों के निष्कर्षों का पुनर्विलोकन करना।

x. लेखापरीक्षा आरंभ करने के पूर्व, लेखापरीक्षा की प्रकृति और विस्तार के साथ-साथ किसी भी समुत्थान क्षेत्र को अभिनिश्चित करने के लिए पश्च-लेखापरीक्षा परिचर्चा के बारे में सांविधिक लेखापरीक्षकों के साथ परिचर्चा।

xi. जमाकर्ता, डिबेंचर धारकों, शेयरधारकों (घोषित लाभांश के असंदाय की दशा में) एवं ऋणदाताओं के संदाय में सारभूत व्यतिक्रम के लिए कारकों की जाँच-पड़ताल करना।

xii. सूचना प्रदाता तंत्र के कार्य पद्धति का पुनर्विलोकन करना।

xiii. नियंत्रक-महालेखापरीक्षक लेखापरीक्षा के लेखापरीक्षा संप्रेक्षणों पर अनुवर्ती कार्रवाई का पुनर्विलोकन करना।

xiv. गतिविधियों के विस्तार या आवश्यक सूचना तक पहुँच में किसी भी निर्बंधनों सहित लेखापरीक्षा के दौरान समागमित कोई भी कठिनाइयाँ।

xv. संसद के सार्वजनिक उपक्रमों पर समिति के संस्तुतियों को परिगृहीत अनुवर्ती कार्रवाई को पुनर्विलोकन करना।

संरचना

31 मार्च, 2023 तक लेखापरीक्षा समिति में तीन (03) अंशकालिक गैर-पदीय निदेशकगण नामतः श्री शिव नारायण पाण्डेय, श्रीमती धर्मशीला गुप्ता एवं श्री शिव तपस्या पासवान; दो (02) अंशकालिक पदीय निदेशकगण नामतः श्री एच. के. हाजोंग, आर्थिक सलाहकार, कोयला मंत्रालय और श्री बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तकनीकी), सीआईएल तथा तीन (03) कार्यकारी निदेशक नामतः श्रीमती आहुती स्वाई, निदेशक (कार्मिक); श्री नीलेन्दु सिंह, निदेशक (तकनीकी) योजना व परियोजना एवं श्री नीलाद्री रॉय, निदेशक (तकनीकी) संचालन सम्मिलित थे।

अंशकालिक गैर-पदीय निदेशक श्री अनिल कुमार गणेरिवाल 09.07.2022 तक लेखापरीक्षा समिति के सभापति थे और तत्पश्चात वर्ष की समाप्ति तक अंशकालिक गैर-पदीय निदेशक श्री शिव नारायण पाण्डेय लेखापरीक्षा समिति के सभापति थे।

लेखापरीक्षा समिति में निदेशक (वित्त) एवं महाप्रबंधक (आंतरिक लेखापरीक्षा) स्थायी आमंत्रित हैं और कंपनी सचिव समिति के सचिव है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान दिनांक 09.05.2022, 27.07.2022, 21.09.2022, 27.10.2022, 11.11.2022, 23.01.2023, 16.02.2023 and 24.03.2023 को लेखापरीक्षा समिति के आठ (08) बैठकें आयोजित की गई थी। वर्ष के दौरान प्रत्येक सदस्यों द्वारा लेखापरीक्षा समिति बैठकों में उपस्थिति की संख्या यथा निम्नवत है :

क्रम	सदस्य	सदस्यों के निज पदावधि के दौरान आयोजित बैठक	बैठकों में उपस्थिति की संख्या
1.	श्री अनिल कुमार गणेरिवाला	1	1
2.	श्री शिव नारायण पाण्डेय	8	8
3.	श्री अनिमेष भारती	1	1
4.	श्री एच. के. हाजोंग	7	6
5.	श्री बी. वीरा रेड्डी	7	5
6.	श्री धर्मशीला गुप्ता	8	8
7.	श्री शिव तपस्या पासवान	8	8
8.	श्री जयप्रकाश गुप्ता	5	5
9.	श्री संजय कुमार सिंह	1	1
10.	श्रीमती आहुती स्वाई	3	3
11.	श्री नीलेन्दु कुमार सिंह	3	3
12.	श्री नीलाद्री रॉय	2	2

[ख] परियोजनाओं का मूल्यांकन, मूल्य निरूपण एवं अनुमोदन के लिए समिति :

निदेशक मंडल की 246वीं बैठक में, परियोजनाओँ के मूल्यांकन, मूल्य-निरूपण एवं अनुमोदन के लिए एक समिति का गठन किया गया था। 31 मार्च, 2023 तक, परियोजनाओं के मूल्यांकन, मूल्य-निरूपण एवं अनुमोदन के लिए समिति में दो (02) अंशकालिक पदीय निदेशकगण नामतः श्री एच. के. हाजोंग, आर्थिक सलाहकार, कोयला मंत्रालय और श्री बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तकनीकी), सीआईएल ; तीन (03) अंशकालिक गैर-पदीय निदेशकगण नामतः श्रीमती धर्मशीला गुप्ता, श्री शिव नारायण पाण्डेय एवं श्री शिव तपस्या पासवान; तथा चार (04) कार्यकारी निदेशक नामतः मो. अज़ार आलम, निदेशक (वित्त); श्रीमती आहुती स्वाई, निदेशक (कार्मिक); श्री नीलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) योजना व परियोजना एवं श्री नीलाद्री रॉय, निदेशक (तकनीकी) संचालन सम्मिलित थे।

वर्ष के दौरान 05.07.2022 तक समिति का सभापति कोयला मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार एवं ईसीएल के अंशकालिक पदीय निदेशक श्री अनिमेष भारती थे और तत्पश्चात सभापति कोयला मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार एवं ईसीएल के अंशकालिक पदीय निदेशक श्री एच. के. हाजोंग थे।

कंपनी सचिव समिति के सचिव है और इस समिति के लिए नोडल अधिकारी महाप्रबंधक (योजना व परियोजना) है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, परियोजनाओं के मूल्यांकन, मूल्य-निरूपण एवं अनुमोदन के लिए समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई थी।

[ग] सीएसआर पर समिति :

ईसीएल निदेशक मंडल की 261वीं बैठक में, सीएसआर उपसमिति का गठन किया गया था। 31 मार्च, 2023 तक समिति में तीन (03) अंशकालिक गैर-पदीय निदेशकगण नामतः श्री शिव तपस्या पासवान, श्रीमती धर्मशीला गुप्ता एवं श्री शिव नारायण पाण्डेय तथा चार (04) कार्यकारी निदेशक नामतः मो. अज़ार आलम, निदेशक (वित्त); श्रीमती आहुती स्वाई, निदेशक (कार्मिक); श्री नीलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) योजना व परियोजना एवं श्री नीलाद्री रॉय, निदेशक (तकनीकी) संचालन सम्मिलित थे।

वर्ष की समाप्ति तक अंशकालिक गैर-पदीय निदेशक श्री शिव तपस्या पासवान सीएसआर उपसमिति के सभापति थे।

कंपनी सचिव समिति के सचिव है और इस समिति के लिए नोडल अधिकारी महाप्रबंधक (सीएसआर एवं कल्याण) है।

वर्ष 2021-23 के दौरान, सीएसआर समिति की पाँच (05) बैठकें अर्थात् 08.06.2022, 27.07.2022, 21.09.2022, 11.11.2022 एवं 16.02.2023 को आयोजित हुई। बैठकों में सदस्यों एवं उनकी उपस्थिति के ब्यौरे निम्नवत है :

क्रम	सदस्य	सदस्यों के निज पदावधि के दौरान आयोजित बैठक	बैठकों में उपस्थिति की संख्या
1.	श्री शिव तपस्या पासवान	5	5
2.	श्री अनिमेष भारती	1	1
3.	श्री अनिल कुमार गणेरिवाला	1	1
4.	श्री धर्मशीला गुप्ता	5	5
5.	श्री शिव नारायण पाण्डेय	5	5
6.	श्री जयप्रकाश गुप्ता	4	4
7.	मो. अंज़ार आलम	2	2
8.	श्रीमती आहुती स्वाई	1	1
9.	श्री नीलेन्दु कुमार सिंह	1	1
10.	श्री नीलाद्री रॉय	1	1

[घ] जोखिम प्रबंधन समिति :

ईसीएल निदेशक मंडल की 291वीं बैठक में, जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया गया था। 31 मार्च, 2023 तक समिति में तीन (03) अंशकालिक गैर-पदीय निदेशकगण नामतः श्रीमती धर्मशीला गुप्ता, श्री शिव नारायण पाण्डेय एवं श्री शिव तपस्या पासवान तथा चार (04) कार्यकारी निदेशक नामतः मो. अंज़ार आलम, निदेशक (वित्त); श्रीमती आहुती स्वाई, निदेशक (कार्मिक); श्री नीलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) योजना व परियोजना एवं श्री नीलाद्री रॉय, निदेशक (तकनीकी) संचालन सम्मिलित थे।

वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक समिति की सभापति अंशकालिक गैर-पदीय निदेशक श्रीमती धर्मशीला गुप्ता थी।

कंपनी सचिव समिति के सचिव है और इस समिति के लिए नोडल अधिकारी महाप्रबंधक (योजना व परियोजना) है।

वर्ष 2022-23 के दौरान, जोखिम प्रबंधन समिति की चार (04) बैठकें अर्थात् 09.05.2022, 06.07.2022, 11.11.2022 एवं 16.02.2023 को आयोजित की गई थी। बैठकों में सदस्यों एवं उनकी उपस्थिति के ब्यौरे निम्नवत है :

क्रम	सदस्य	सदस्यों के निज पदावधि के दौरान आयोजित बैठक	बैठकों में उपस्थिति की संख्या
1.	श्री धर्मशीला गुप्ता	4	4
2.	श्री अनिमेष भारती	1	1
3.	श्री अनिल कुमार गणेरिवाला	2	2
4.	श्री शिव नारायण पाण्डेय	4	4
5.	श्री शिव तपस्या पासवान	4	4
6.	श्री जयप्रकाश गुप्ता	3	3
7.	मो. अंज़ार आलम	2	2
8.	श्रीमती आहुती स्वाई	1	1
9.	श्री नीलेन्दु कुमार सिंह	1	1
10.	श्री नीलाद्री रॉय	1	1

[ङ] लागत नियंत्रण समिति :

[च] सांविधिक लेखापरीक्षक :

वर्ष 2022-23 के लिए कंपनी का वित्तीय खातों का लेखापरीक्षा संचालित करने के लिए भारत का नियंत्रक महालेखापरीक्षक द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के अधीन निम्नलिखित सनदी लेखाकार फर्मों नियुक्त किया गया था :

सांविधिक लेखापरीक्षक :

“अन्य भूमि” के मूल्य में कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम 1957, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार (आरएफसीटीएलएआरआर) अधिनियम 2013, सरकारी भूमि का दीर्घावधि हस्तांतरण आदि को समाविष्ट करता है जो परियोजना के शेष कार्यकाल के आधार पर परिशोधित किया जाता है; और पट्टाधृति भूमि के मामलों में ऐसे परिशोधन पट्टे की अवधि या परियोजना के शेष कार्यकाल जो भी कम हो पर आधारित होते है।

पूर्णतः अवक्षयित आस्तियों, सक्रिय उपभोग से निवृत्त संपत्ति, संयंत्र व उपस्कर के अधीन इसके अवशिष्ट मूल्य पर यथा सर्वेयड ऑफ आस्तियों को पृथकतः प्रकटन किए जाते है और क्षति के लिए जाँच किए जाते हैं।

निश्चित आस्तियों के सन्निर्माण/विकास पर कंपनी द्वारा उपगत पूँजी व्यय जो उत्पादन, मालों की आपूर्ति के लिए या कंपनी के किसी विद्यमान आस्तियों तक पहुँच के लिए आवश्यक है को संपत्ति, संयत्र और उपकरण के अधीन यथा समर्थकारी आस्तियाँ निर्धारित किए जाते हैं।

भारतीय लेखांकन मानकों में संक्रमण

कंपनी ने भारतीय लेखांकन मानकों की तिथि को यथा वित्तीय विवरणी में यथा निर्धारित अपने समस्त संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के लिए, पूर्व सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत (जीएएपी) के अनुसार मापन किए गए, लागत प्रतिरूप के अनुसार वहनीय मूल्य के साथ जारी रखने का चयन किया।

2.8 खान संवरण, स्थल पुनरूद्धार एवं अप्रवर्तन दायित्व

कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसार भूमि उद्धार एवं निर्मिति के अप्रवर्तन के लिए सतही और भूमिगत दोनों खदानों के व्यय पर कंपनी का दायित्व गठित होता है। कंपनी आवश्यक कार्य की विस्तृत संगणना, की राशि का तकनीकी मूल्यांकन एवं के निष्पादन में भविष्यत व्यय होने वाली नकदी का कालमापन के आधार पर खान संवरण, स्थल पुनरुद्धार और अप्रवर्तन के लिए अपने दायित्व का प्राक्कलन करती है। अनुमोदित खान संवरण योजना के अनुसार खान संवरण व्यय उपबंधित किया जाता है। मुद्रास्फीति से व्ययों के प्राक्कलन में वृद्धि होती है, और तब बट्टा दर पर भुनाई की जाती है जो धन का सामयिक मूल्य और जोखिमों के चालू बाजार मूल्यांकन को परावर्तित करता है, जैसे कि उपबंधित राशि दायित्व को निपटान के लिए आवश्यक प्रत्याशित के व्यय के वर्तमान मूल्य को परावर्तित करती है। कंपनी अंतिम पुनःउद्धार एवं खान संवरण के लिए देयता के साथ सहयुक्त तत्संबंधी आस्ति को अभिलेखित करती है। दायित्व और तत्संबंधी आस्तियों को उस अवधि जिसमें देयता उपगत होती है में निर्धारण किया जाता है। खान संवरण योजना के अनुसार आस्ति जो कुल स्थल पुनरुद्धार लागत (सेंट्रल माइन प्लानिंग एवं डिजाइनिंग इंस्टीट्यूट लिमिटेड द्वारा यथा प्राक्कलित) को प्रस्तुत कर रही है को पीपीई में यथा पृथक मद निर्धारित किया जाता है और परियोजना/खान के शेष कार्यकाल के ऊपर परिशोधित किया जाता है।

समय के साथ प्रावधान का मूल्य यथा अकुंडलन भुनाई के प्रभाव से उत्तरोत्तर वृद्धि हो जाती है जो वित्तीय व्यय के रूप में एक निर्धारित व्यय का सृजन कर रही है।

आगे, अनुमोदित खान संवरण योजना के अनुसार इस प्रयोजनार्थ एक विशिष्ट निलंब निधि खाता अनुरक्षित की जाती है।

संपूर्ण खदान संवरण दायित्व का भाग होने के आधार पर वर्ष प्रति वर्ष उपगत प्रगामी खान संवरण व्यय प्रारम्भ में निलम्ब खाता से यथा प्राप्य निर्धारित किया जाता है और तत्पश्चात उस वर्ष में दायित्व के साथ समायोजित किया जाता है जिसमें राशि को प्रमाणकर्ता अभिकरणों की सहमति के उपरांत आहरित किया गया है।

2.9 गवेषण एवं मूल्यांकन आस्तियाँ

गवेषण और मूल्यांकन आस्तियाँ पूँजीकृत लागतों को समाविष्ट करता है जो कोयला एवं संबंधित संपदाओं की खोज के फलस्वरूप किए गए माने जाते हैं, परिलक्षित संपदा की तकनीकी साध्यता और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के अवधारण के लंबित होने तक जो अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित समाविष्ट है :

- गवेषण करने के अधिकारों का अर्जन;
- ऐतिहासिक गवेषण आँकड़ों का अनुसंधान और विश्लेषण करना;
- स्थलाकृतिक, भू-रसायन एवं भू-भौतिक अध्ययन के माध्यम से गवेषण आँकड़ों का एकत्रीकरण;
- गवेषक प्रवेधन, खंदकन और प्रतिचयन;
- संपदा के परिमाण और श्रेणी का अवधारण और परीक्षण करना;
- परिवहन और अवसंरचना आवश्यकताओं का सर्वेक्षण करना;
- बाजार एवं वित्त अध्ययनों का संचालन करना।

उपर्युक्त कर्मी पारिश्रमिक, सामग्रियों की लागत और खपत हुए ईंधन, संविदाकारों को संदाय आदि को समाविष्ट करता है।

यथा अमूर्त घटक उपगत हुए समग्र प्रत्याशित मूर्त लागतों के उपेक्षणीय/ अविभेद्य अंश को व्यपदिष्ट करता है और भविष्यत् संदोहन से प्रतिपूर्ति किया जाता है, इन लागतों को अन्य पूँजीकृत गवेषण लागतों के साथ यथा गवेषण एवं मूल्यांकन आस्ति अभिलेखित किए जाते हैं।

गवेषण एवं मूल्यांकन लागतों को परियोजना की तकनीकी साध्यता और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के अवधारित होने तक परियोजन दर परियोजना के आधार पर पूँजीकृत किए जाते हैं और अप्रचलित आस्तियों के अधीन यथा पृथक सीमा मद प्रकटन किए जाते हैं।

एक बार प्रमाणित निचय अवधारित हो जाते हैं और खानों/परियोजना का विकास स्वीकृत हो जाते हैं तब गवेषण और मूल्यांकन आस्तियों को प्रगतिशील पूँजीगत कार्य के अधीन "विकास" में स्थानांतरित किए जाते हैं। तदापि, यदि प्रमाणित निचय अवधारित नहीं किए जाते हैं तब गवेषण और मूल्यांकन आस्ति का अनिर्धारण किया जाता है।

2.10 विकास व्यय

जब प्रमाणित निचय अवधारित हो जाते हैं और खानों/परियोजना का विकास स्वीकृत हो जाते हैं तब पूँजीकृत गवेषण एवं मूल्यांकन लागत सन्निर्माण के अधीन यथा आस्तियाँ निर्धारित किया जाता है और "विकास" शीर्ष के अधीन यथा पूँजी चालू कार्य घटक प्रकटन किया जाता है। समस्त पश्चातवर्ती विकास व्यय भी पूंजीकृत किए जाते हैं। विकास प्रावस्था के दौरान निष्कर्षित कोयले के विक्रय से आगमों का निवल पूँजीकृत विकास व्यय है।

वाणिज्यिक परिचालन

परियोजना/खानों को राजस्व में लाए जाते हैं; जब किसी परियोजना/खान की वाणिज्यिक तैयारी संधारणीय आधार पर उत्पादन प्राप्ति के लिए या तो परियोजना प्रतिवेदन में विनिर्दिष्टतः विवरणित दशाओं के आधार पर या निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर स्थापित किए जाते हैं :

अ. वर्ष के ठीक पश्चात् वित्तीय वर्ष के आरंभ में जिसमें अनुमोदित परियोजना प्रतिवेदन के अनुसार परियोजना निर्धारित क्षमता का 25% के वास्तविक उत्पादन को प्राप्त करती है, या

आ. कोयले मिलने/कसौटी के 2 वर्ष तक, या

इ. वित्तीय वर्ष के आरंभ में जिसमें उत्पादन का मूल्य कुल व्यय से अधिक हो।

जो भी घटना पहले घटित हो;

राजस्व में लाये जाने पर, पूँजी चालू कार्य के अधीन आस्तियाँ "अन्य खनन अवसंरचना" नाम के अधीन संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर के यथा घटक पुनःवर्गीकृत किए जाते हैं। अन्य खनन अवसंरचना उस वर्ष से, जब खान को 20 वर्षों या परियोजना कार्यकाल जो भी कम हो में राजस्व के अधीन लाया जाता है परिशोधित किए जाते हैं।

2.11 अमूर्त आस्तियाँ

पृथकतः अर्जित अमूर्त आस्तियों को लागत के प्रारम्भिक निर्धारण पर मापित किए जाते हैं। एक कारबार संयोजन में अर्जित अमूर्त आस्तियों के लागत अर्जन की तिथि पर उनका उचित मूल्य है। प्रारम्भिक निर्धारण के पश्चात्, अमूर्त आस्तियों को किसी भी संचित परिशोधन (उनके उपभोगजन्य काल के उपर सीधी कटौती पद्धति पर संगणित) और संचित क्षति हानियों, यदि कोई हो, को न्यून करके उस लागत पर ले जाए जाते हैं।

अंतःजनित अमूर्तें, पूँजीकृत विकास लागतें रहित, पूँजीकृत नहीं किए जाते हैं। इसके स्थान पर, संबंधित व्यय उस अवधि में जिसमें व्यय उपगत होता है को लाभ-हानि विवरणी और अन्य व्यापक आय में निर्धारित किए जाते हैं। अमूर्त आस्ति के उपभोगजन्य काल का मूल्यांकन या तो अपरिमित या अनिश्चित के रूप में निर्धारित किए जाते हैं। अपरिमित काल के साथ अमूर्त आस्तियाँ उनके उपभोगजन्य आर्थिक काल के ऊपर परिशोधित किए जाते हैं और जब कभी उपदर्शन होता है कि अमूर्त आस्ति की क्षति हो सकती है तो क्षति के लिए मूल्यांकित किये जाते हैं। एक अपरिमित उपभोगजन्य काल के साथ अमूर्त आस्तियों के लिए परिशोधन अवधि और परिशोधन पद्धति न्यूनातिन्यून प्रत्येक प्रतिवेदित अवधि के अंत में पुनर्विलोकन किए जाते हैं। प्रत्याशित उपभोगजन्य काल या आस्ति में सन्निहित भविष्यत् आर्थिक प्रसुविधाओं के उपभोग का प्रत्याशित स्वरूप में परिवर्तनें, यथोचित, परिशोधन अवधि या पद्धति के उपांतरण को प्रतिफलित किए जाते हैं और लेखांकन प्राक्कलन में यथा परिवर्तन व्यवहृत होते हैं। अपरिमित काल के साथ अमूर्त आस्तियों पर परिशोधन व्यय को लाभ-हानि विवरणी में निर्धारित किए जाते हैं।

एक अनिश्चितार्थ उपभोगजन्य काल के साथ अमूर्त आस्ति को परिशोधित नहीं किया जाता हैं लेकिन प्रत्येक प्रतिवेदित तिथि पर क्षति के लिए जाँच किया जाता है।

अमूर्त आस्तियों के अनिर्धारण से उद्भूत अभिलाभ या हानि को यथा आस्तियों के निवल निपटान कार्यवाहियों और वहनीय राशि के मध्य अंतर मापित किए जाते हैं तथा लाभ-हानि विवरणी में निर्धारित किए जाते हैं।

यद्यपि, बाह्य अभिकरणों (सीआईएल के लिए निश्चित नहीं किए गए खण्डों के लिए) को विक्रय के लिए या बिक्री किए जाने के लिए परिलक्षित खण्डों के लिए रोप्य गवेषण और मूल्यांकन आस्तियों को यथा अमूर्त आस्तियाँ वगीकृत किए जाते हैं और क्षति के लिए जाँच किए जाते हैं।

अनुसंधान और विकास यथा व्यय जैसे ही और जब उपगत होता है निर्धारित किया जाता है।

2.12 आस्तियों की क्षति (वित्तीय आस्तियों के बिना)

कंपनी प्रत्येक प्रतिवेदित अवधि के अंत में यदि कोई उपदर्शन है कि आस्ति को क्षति हो सकती है मूल्यांकित करती है। यदि ऐसे उपदर्शन विद्यमान होते हैं, कंपनी आस्ति के प्रत्युद्धरणीय राशि का प्राक्कलन करती है। यदि ऐसा कोई संकेत विद्यमान हो तो कंपनी आस्ति के प्रत्युद्धरणीय राशि को अनुमानित करती है। एक आस्ति की प्रत्युद्धरणीय राशि प्रयुक्त में आस्ति या नकदी जनन इकाई के मूल्य से अधिक है और इसका उचित मूल्य निपटान की लागत कम है, और एक व्यष्टि आस्ति के लिए अवधारित किया जाता है, जब तक कि आस्ति नकदी प्रवाह उत्पन्न नहीं करती है जो कि आस्ति नकदी प्रवाह उत्पन्न नहीं करती है जो अन्य आस्तियों या आस्तियों के समूहों से काफी हद तक स्वतंत्र होती है, इस मामले में प्रत्युद्धरणीय राशि नकदी जनन इकाई जिससे आस्ति संबंधित है के लिए निर्धारित की जाती है। कंपनी क्षति के जाँच के प्रयोजनार्थ व्यष्टि खानों को यथा पृथक नकदी जनन इकाइयाँ प्रतिफलित करती है।

यदि आस्ति का प्राक्कलित प्रत्युद्धरणीय राशि इसके वहनीय राशि से कम है तो इसके प्रत्युद्धरणीय राशि के लिए आस्ति के वहनीय राशि घटाए जाते हैं और लाभ हानि विवरणी में क्षति हानि निर्धारित किया जाता है।

2.13 निवेशित संपत्ति

संपत्ति (भूमि या भवन या भवन का भाग या दोनों) भाटक अर्जित करने के लिए या पूँजी अधिमूल्यन या दोनों के लिए धारण किया जाता है, उत्पादन या माल या सेवा की आपूर्ति या प्रशासनिक प्रयोजन के लिए; या कारबारों के सामान्य अनुक्रम के विक्रय में प्रयुक्त करने के बजाय, को यथा निवेशित संपत्ति वर्गीकृत किए जाते हैं।

निवेशित संपत्ति प्रारंभतः संबंधित लेनदेन लागतें और जहाँ उधारी लागतें लागू है अपने लागत पर मापन की जाती है।

निवेशित संपत्तियाँ अपने प्राक्कलित प्रयोज्य सक्रियता के ऊपर सीधी कटौती पद्धति का उपयोग करते हुए मूल्यह्रासित किए जाते हैं।

2.14 वित्तीय लिखत

एक वित्तीय लिखत कोई भी एक संविदा है जो एक निकाय की वित्तीय आस्ति और अन्य निकाय की वित्तीय देयता या साम्या लिखत को उत्पन्न करती है।

वित्तीय आस्तियाँ

2.14.1 आरंभिक निर्धारण एवं मापन

समस्त वित्तीय आस्तियों को प्रारंभतः उचित मूल्य पर, लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य पर अनभिलेखित वित्तीय आस्तियों के मामले में लेनदेन लागतों जो वित्तीय आस्तियों के अधिग्रहण से रोप्य है के जोड़ से निर्धारित किए जाते हैं। वित्तीय आतियों के क्रय या विक्रय जिसके लिए बाजार स्थल (नियमित तरीके से व्यवसाय) में विनिमय या अभिसमय द्वारा अधिस्थापित समय-सीमा के भीतर आस्तियों की सुपुर्दगी की आवश्यकता होती है को व्यवसाय तिथि अर्थात् जिस तिथि पर कंपनी आस्ति के क्रय या विक्रय के लिए प्रतिबद्ध है पर निर्धारित किए जाते हैं।

2.14.2 पाश्चिक मापन

पाश्चिक मापन के प्रयोजन से, वित्तीय आस्तियों को चार प्रवर्गों में वर्गीकृत किया जाता हैं :

- परिशोधित लागत पर कर्ज लिखतें
- अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य पर कर्ज लिखतें
- लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य पर कर्ज लिखतें, व्युत्पन्नी और साम्या लिखतें
- अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य पर साम्या लिखतों को मापन किए गए।

2.14.2.1 परिशोधित लागत पर ऋण लिखत

एक 'कर्ज लिखत' को परिशोधित लागत पर मापन किया जाता हैं यदि निम्नलिखित दोनों दशाएँ पूर्ण होती हैं:

अ. आस्ति को एक कारबार प्रतिरूप में धारित किया जाता है जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह के संग्रहण के लिए आस्तियों को धारण करना है, और

आ. आस्ति के संविदात्मक निबंधनें नकदी प्रवाह को विनिर्दिष्ट तिथियों पर उत्पन्न करती है जिसके मूलधन और ब्याज का संदाय (एसपीपीआई) केवल बकाया मूलधन पर होता है।

प्रारम्भिक मापन के पश्चात्, ऐसे वित्तीय आस्तियाँ तत्पश्चात प्रभावी ब्याज दर पद्धति का उपयोग करते हुए परिशोधित लागत पर मापन किया जाता हैं। अधिग्रहण पर किसी तरह के बट्टे या प्रीमियम और शुल्कें या लागतें जो प्रभावी ब्याज दर का अनिवार्य भाग होता है को ध्यान में रखते हुए परिशोधित लागत को संगणित किया जाता

है। लाभ या हानि में वित्त आय में प्रभावी ब्याज दर परिशोधन समाविष्ट किया जाता है। क्षति से उद्भूत हानियों को लाभ या हानि में निर्धारित किए जाते हैं।

2.14.2.2 एफवीटीओसीआई पर कर्ज लिखत

एफवीटीओसीआई पर यथा एक 'कर्ज लिखत' वर्गीकृत किया जाता है यदि निम्नलिखित दोनों मानदंड पूरे होते हैं :

अ. कारबार प्रतिरूप का उद्देश्य दोनों संविदात्मक नकदी प्रवाह को संगृहीत करने और वित्तीय आस्तियों को विक्रेय के द्वारा प्राप्त किया जाता है, और

आ. आस्ति का संविदात्मक नकदी प्रवाह एसपीपीआई को व्यपदिष्ट करता है।

एफवीटीओसीआई प्रवर्ग में समाविष्ट कर्ज लिखतें प्रारंभतः के साथ-साथ प्रत्येक प्रतिवेदित पर उचित मूल्य पर मापन किए जाते है। उचित मूल्य संचलन अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में निर्धारित किए जाते हैं। यद्यपि, कंपनी लाभ व हानि विवरणी में ब्याज आय, क्षति हानि व उत्क्रमण और विदेशी विनिमय अभिलाभ या हानि को निर्धारित करती है। आस्ति के अनिर्धारण पर, ओसीआई में पूर्व निर्धारित संचयी अभिलाभ या हानि को साम्या से लाभ व हानि विवरणी में पुनःवर्गीकृत किए जाते हैं। एफवीटीओसीआई कर्ज लिखत धारण करने के दौरान अर्जित ब्याज को प्रभावी ब्याज दर पद्धति का उपयोग करते हुए यथा ब्याज आय ज्ञापित किया जाता है।

2.14.2.3 एफवीटीपीएल पर कर्ज लिखत

एफवीटीपीएल कर्ज लिखतों के लिए एक अवशिष्ट प्रवर्ग है। किसी कर्ज लिखत, जो यथा परिशोधित लागत या एफवीटीओसीआई पर यथा प्रवर्गीकरण के लिए मानदंडों को पूर्ण नहीं करता है, को यथा एफवीटीपीएल वर्गीकृत किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, कंपनी एफवीटीपीएल पर यथा कर्ज लिखत, जो अन्यथा परिशोधित लागत या एफवीटीओसीआई मानदंड पूर्ण करती है को अभिहित करने का चयन कर सकती है। तथापि ऐसे चयन केवल तभी अनुज्ञात किए जाते हैं जब ऐसा करने से मापन या अवधारण असंगति (लेखांकन असंतुलन के रूप में संदर्भित) कम होता है या दूर होता है। कंपनी ने किसी कर्ज लिखतों को यथा एफवीटीपीएल अभिहित नहीं किया है।

एफवीटीपीएल प्रवर्ग में समाविष्ट कर्ज लिखतों को लाभ-हानि में निर्धारित समस्त परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य पर मापन किए जाते हैं।

2.14.2.4 अनुषंगियों, सह एवं संयुक्त उद्यमों में साम्या निवेश

भारतीय लेखांकन मानक 101 के अनुसार (भारतीय लेखांकन मानक का प्रथमतः अंगीकरण), पूर्व जीएएपी (सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत) के अनुसार इन निवेशों के वहनीय राशि यथा पारगमन की तिथि पर समझी गई लागत माना जाता है। तत्पश्चात अनुषंगियों, सह-सदस्यों और संयुक्त उद्यमों में निवेश लागत पर मापन किए जाते हैं।

समेकित वित्तीय विवरणी के मामले में, भारतीय लेखांकन मानक 28 के 10वें पारा में यथा विहित साम्या विधि के अनुसार सह-सदस्यों और संयुक्त उद्यमों में साम्या निवेश लेखांकित किए जाते हैं।

2.14.2.5 अन्य साम्या निवेश

भारतीय लेखांकन मानक 109 की व्याप्ति में समस्त अन्य साम्या निवेश लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य पर मापित किए जाते हैं।

समस्त अन्य साम्या लिखतों के लिए, कंपनी अन्य व्यापक आय में प्रस्तुत करने के लिए उचित मूल्य में पश्चात्वर्ती परिवर्तनों के लिए एक अप्रतिसंहरणीय चयन कर सकती है। कंपनी इस तरह के चयन लिखत दर लिखत के आधार पर करती है। प्रारम्भिक निर्धारण पर वर्गीकरण किया जाता है और अप्रतिसंहरनीय है।

यदि कंपनी एफवीटीओसीआई को यथा एक साम्या लिखत वर्गीकरण का निर्णय लेती है, तब लिखत में परिवर्तित समस्त उचित मूल्य, लाभांशों के सिवा, अन्य व्यापक आय में निर्धारित किए जाते हैं। निवेश की विक्रय पर भी अन्य व्यापक आय से लाभ-हानि विवरणी तक की राशि का पुनर्चक्रण नहीं होता है। तदापि, कंपनी साम्या के अंदर संचयी अभिलाभ या हानि को अंतरित कर सकती है।

एफवीटीपीएल प्रवर्ग के अंतर्गत समाविष्ट साम्या लिखतें लाभ-हानि विवरणी में निर्धारित समस्त परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य पर मापित किए जाते हैं।

2.14.2.6 अनिर्धारण

एक वित्तीय आस्ति (या, जहाँ प्रयोज्य है, वित्तीय आस्ति का एक भाग या समरूप वित्तीय आस्तियों का एक समूह) को प्रधानतः अनिर्धारित किए जाते हैं (अर्थात तुलन पत्र से हटा दिया जाता है) जब :

- आस्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने का अधिकार समाप्त हो चुका हो, या
- कंपनी ने आस्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने का अधिकार हस्तांतरित कर दिया है या 'पास-थ्रू' व्यवस्था के अधीन किसी तीसरे पक्षकार को तात्त्विक विलम्ब के बिना प्राप्त नकदी प्रवाह का पूर्णतः संदाय करने का दायित्व ग्रहण किया हो; और या तो (क) कंपनी ने आस्ति के समस्त जोखिमों और पारिश्रमिकों का सारतः

हस्तांतरण किया हो, या (ख) कंपनी ने आस्ति के समस्त जोखिमों और पारिश्रमिकों का सारतः न तो हस्तांतरित किया हो न ही प्रतिधारित किया हो, बल्कि आस्ति के नियंत्रण को हस्तांतरित किया हो।

जब कंपनी किसी आस्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने का अधिकार हस्तांतरित कर दिया है या पास-थ्रू व्यवस्था में प्रवेश किया है तो यह मूल्यांकन करती है कि क्या और किस विस्तार तक उसने स्वामित्व के जोखिमों और पारिश्रमिकों को प्रतिधारित किया है। जब इसने आस्ति के जोखिमों और पारिश्रमिकों को सारतः न तो हस्तांतरित किया है और न ही प्रतिधारित किया है, न ही आस्ति का नियंत्रण हस्तांतरित किया है कंपनी कंपनी की सतत सहभागिता के विस्तार तक हस्तांतरित आस्ति को निर्धारण करना जारी रखती है। उस मामले में, कंपनी संबद्ध देयता का भी निर्धारण करती है। हस्तांतरित आस्ति और संबंधित देयता उस आधार पर मापित किए जाते हैं जो अधिकारों और दायित्वों जिसे कंपनी ने प्रतिधारित किया है को परावर्तित करता है। सतत सहभागिता जो हस्तांतरित आस्ति के ऊपर प्रत्याभूति का रूप लेती है आस्ति के मूल वहनीय राशि के निम्नतर पर मापन किया जाता है और प्रतिफल की अधिकतम राशि जिसे कंपनी को संदाय करने की आवश्यकता हो सकती है।

2.14.2.7 वित्तीय आस्तियों की क्षति (उचित मूल्य के बिना)

भारतीय लेखांकन मानक 109 के अनुसार, कंपनी निम्नलिखित वित्तीय आस्तियों और साख जोखिम एक्सपोजर पर क्षति हानि के मापन और निर्धारण के लिए प्रत्याशित साख हानि (ईसीएल) प्रतिरूप को लागू करती है :

अ) वित्तीय आस्तियाँ जो कर्ज लिखतें हैं, और परिशोधित लागत अर्थात ऋणें, कर्ज प्रतिभूतियों, जमाराशियों, व्यवसाय प्राप्तियों और बैंक में अतिशेष पर मापन किए जाते हैं

आ) वित्तीय आस्तियाँ जो कर्ज लिखतें हैं और एफवीटीओसीआई पर मापन किए जाते हैं

इ) लेखांकन मानक 116 के अधीन पट्टा प्राप्तियाँ

ई) व्यवसाय प्राप्तियाँ या नकदी या अन्य वित्तीय आस्ति प्राप्त करने के लिए कोई संविदात्मक अधिकार जो लेनदेनों के परिणाम है और भारतीय लेखांकन मानक 115 की व्याप्ति के अंतर्गत है

कंपनी क्षति हानि भत्ता के निर्धारण के लिए अधोलिखित पर 'सरलीकृत उपागम' का अनुसरण करती है :

- व्यवसाय प्राप्तियाँ या संविदा राजस्व प्राप्तियाँ; और
- भारतीय लेखांकन मानक 116 के विस्तार के अंतर्गत लेनदेनों के परिणामतः समस्त पट्टा प्राप्तियाँ।

सरलीकृत उपागम का अभ्यावेदन के लिए कंपनी को साख जोखिम में परिवर्तनों पर नजर रखने की आवश्यकता नहीं होती है। इसके बजाय, यह प्रत्येक प्रतिवेदित तिथि पर, इसकी प्रारंभिक निर्धारण से ही, आजीवन प्रत्याशित साख हानियों (ईसीएल) के आधार पर क्षति हानि भत्ता को निर्धारित करती है।

2.14.3 वित्तीय देयताएँ

2.14.3.1 आरंभिक निर्धारण एवं मापन

कंपनी की वित्तीय देयताएँ बैंक ओवरड्राफ्ट सहित व्यवसाय एवं अन्य देय राशियों, ऋणों और उधारों को समाविष्ट करती हैं।

समस्त वित्तीय देयताएँ प्रारंभतः उचित मूल्य पर और ऋणों एवं उधारों तथा देय राशियों के मामले में प्रत्यक्षतः रोप्य लेनदेन लागतों पर निर्धारित किए जाते हैं।

2.14.3.2 पाश्चिक मापन

वित्तीय देयताओं का मापन उनके वर्गीकरण, यथा निम्न व्याख्यायित, पर निर्भर करता है :

2.14.3.3 लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएँ

लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएँ व्यवसाय के लिए धारित वित्तीय देयताओं और लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य पर यथा प्रारम्भिक निर्धारण के ऊपर अभिहित वित्तीय देयताओं को समाविष्ट करती है। वित्तीय देयताओं को यथा व्यवसाय के लिए धारित वर्गीकृत किए जाते हैं यदि वे निकट अवधि में पुनःक्रय के प्रयोजनार्थ उपगत किए जाते हैं। इस प्रवर्ग में कंपनी द्वारा दर्ज किए गए व्युत्पन्नि वित्तीय लिखतें भी सम्मिलित हैं जिन्हें भारतीय लेखांकन मानक 109 द्वारा यथा परिभाषित बचाव संबंधों में बचाव लिखतों के रूप में अभिहित नहीं किया गया है। पृथक-पृथक अंतःस्थापित व्युत्पन्नि को भी यथा व्यवसाय के लिए धारित वर्गीकृत किया जाता है जब तक कि उन्हें यथा प्रभावी बचाव लिखतें अभिहित नहीं किया जाता है।

व्यवसाय के लिए धारित देयताओं पर अभिलाभ या हानियाँ को लाभ या हानि में निर्धारित किए जाते हैं।

लाभ या हानि के जरिए प्रारंभिक निर्धारण में उचित मूल्य पर अभिहित वित्तीय देयताएँ निर्धारण के प्रारंभिक तिथि पर उसी रूप में अभिहित किए जाते हैं, और केवल तभी जब भारतीय लेखांकन मानक 109 में मानदंड तुष्ट होते हैं। एफवीटीपीएल के रूप में अभिहित देयताओं के लिए, अन्य व्यापक आय में अपने साख जोखिमों में परिवर्तन के लिए रोप्य उचित मूल्य अभिलाभ/हानि को निर्धारित किए जाते हैं। लाभ-हानि विवरणी में इन अभिलाभ/हानि को तत्पश्चात अंतरित नहीं किए जाते हैं। तदापि, कंपनी साम्या के अंतर्गत संचयी अभिलाभ/हानि को अंतरित कर सकती है। ऐसे देयताओं के उचित मूल्य में सभी अन्य परिवर्तन को लाभ-हानि विवरणी में निर्धारित किए जाते हैं। कंपनी ने लाभ और हानि के जरिए उचित मूल्य पर यथा किसी वित्तीय देयता को अभिहित नहीं किया है।

2.14.3.4 परिशोधित लागत पर वित्तीय देयातएँ

प्रारंभिक निर्धारण के पश्चात्, इन्हें बाद में प्रभावी ब्याज दर प्रणाली का उपयोग करके परिशोधित लागत पर मापन किए जाते हैं। अभिलाभ और हानियाँ लाभ या हानि में निर्धारित किए जाते हैं जब देयताओं को अनिर्धारण करने के साथ-साथ प्रभावी ब्याज दर परिशोधन प्रणाली के जरिए किए जाते हैं। परिशोधित लागत की गणना अर्जन पर किसी भी बट्टा या प्रीमियम और फीस या लागत जो प्रभावी ब्याज दर का एक अभिन्न अंग हैं को ध्यान में रखकर की जाती है। प्रभावी ब्याज दर परिशोधन को लाभ-हानि विवरणी में यथा वित्त लागत समाविष्ट किया जाता है। यह प्रवर्ग सामान्यतः उधार पर लागू होती है।

2.14.3.5 अनिर्धारण

एक वित्तीय देयता को अनिर्धारित किया जाता है जब देयता के अधीन दायित्व का उन्मोचन या रद्द किया जाता है या पर्यवसित हो जाता है। जब उसी ऋणदाता से सारतः भिन्न निबंधनों पर एक विद्यमान वित्तीय देयता को अन्य से प्रस्थापित किया जाता है या विद्यमान देयता के निबंधन सारतः उपांतरित किए जाते हैं, ऐसे विनिमय या उपांतरण वास्तविक देयता के अनिर्धारण और नई देयता के निर्धारण की तरह व्यवहृत होते हैं। किसी अन्य पक्षकार को निर्वापित या अंतरित वित्तीय देयता (या वित्तीय देयता के भाग) की वहनीय राशि और कोई अंतरित गैर-नकदी आस्तियों या अवधारित देयताओं को समाविष्ट करते हुए संदत्त प्रतिफल के मध्य के अंतर को लाभ या हानि में निर्धारित किए जाएंगे।

2.14.4 वित्तीय आस्तियों का पुनःवर्गीकरण

कंपनी प्रारम्भिक निर्धारण पर वित्तीय आस्तियों और देयताओं का वर्गीकरण निर्धारित करती है। प्रारम्भिक निर्धारण के पश्चात्, वित्तीय आस्तियाँ जो साम्या लिखतें और वित्तीय देयताएँ हैं के लिए पुनःवर्गीकरण नहीं किया जाता है। वित्तीय आस्तियों के लिए जो ऋण लिखतें हैं, उन आस्तियों के प्रबंधन के लिए कारबार प्रतिरूप में यदि कोई परिवर्तन है तो पुनःवर्गीकरण किया जाता है। कारबार प्रतिरूप में परिवर्तन यदा-कदा होना प्रत्याशित माना जाता है। कंपनी का वरिष्ठ प्रबंधन कारबार प्रतिरूप में परिवर्तन यथा बाह्य और आंतरिक परिवर्तन के परिणाम जो कंपनी के परिचालनों के लिए महत्वपूर्ण होते हैं निर्धारित करती है। ऐसे परिवर्तन बाह्य पक्षकारों के लिए सुव्यक्त होते हैं। कारबार प्रतिरूप में परिवर्तन पाया जाता है जब कंपनी कोई गतिविधि जो इसके परिचालनों के लिए महत्वपूर्ण है के कार्य-निष्पादन को या तो प्रारम्भ करती है या प्रविरत हो जाती है। यदि कंपनी वित्तीय आस्तियों को पुनःवर्गीकृत करती है, यह पुनःवर्गीकरण तिथि जो कारबार प्रतिरूप में परिवर्तन का अनुगामी तत्काल अगले प्रतिवेदित अवधि का प्रथम दिवस है से भविष्यलक्षी रूप से पुनःवर्गीकरण लागू करती है। कंपनी किसी पूर्व निर्धारित अभिलाभों, हानियों (क्षति अतिलाभ या हानियाँ सहित) या ब्याज का पुनःकथन नहीं करती है।

निम्न तालिका नानाविध पुनःवर्गीकरण और उनका हिसाब कैसे लगाया जाता है को दर्शाती है

मूल वर्गीकरण	संशोधित वर्गीकरण	लेखांकन सुविधा
परिशोधित लागत	एफवीटीपीएल	पुनःवर्गीकरण तिथि पर उचित मूल्य पर मापन किया जाता हैं। पूर्व परिशोधित लागत और उचित मूल्य के मध्य का अंतर लाभ-हानि में निर्धारित किया जाता हैं।
एफवीटीपीएल	परिशोधित लागत	पुनःवर्गीकरण तिथि पर उचित मूल्य इसकी नई सकल वहनीय राशि बन जाती है। नई वहनीय राशि के आधार पर प्रभावी ब्याज दर की संगणना की जाती है।
परिशोधित लागत	परिशोधित लागत	पुनःवर्गीकरण तिथि पर उचित मूल्य मापन किया जाता है। पूर्व परिशोधित लागत और उचित मूल्य के मध्य का अंतर अन्य व्यापक आय में निर्धारित किया जाता है। पुनःवर्गीकरण के कारण ईआईआर में में कोई परिवर्तन नहीं है।
एफवीटीओसीआई	परिशोधित लागत	पुनःवर्गीकरण तिथि पर उचित मूल्य पर इसकी नई परिशोधित लागत वहनीय राशि बन जाता है। तदापि, अन्य व्यापक आय में संचित अभिलाभ या हानि उचित मूल्य के प्रतिकूल समायोजित किया जाता है। तत्पश्चात, आस्ति को मापित किया जाता है जहाँ तक, यह सदैव परिशोधित लागत पर मापित किया गया हो।

मूल वर्गीकरण	संशोधित वर्गीकरण	लेखांकन सुविधा
एफवीटीपीएल	एफवीटीपीएल	पुनःवर्गीकरण तिथि पर उचित मूल्य इसकी नई वहनीय राशि बन जाती है। किसी अन्य समायोजन की आवश्यकता नहीं है।
एफवीटीओसीआई	एफवीटीपीएल	आस्तियों को उचित मूल्य पर मापन किया जाना जारी है। अन्य व्यापक आय में निर्धारित पूर्व संचयी अभिलाभ या हानि को पुनःवर्गीकरण तिथि पर लाभ-हानि विवरणी में पुनःवर्गीकृत किया जाता है।

2.14.5 वित्तीय लिखत का प्रतितुलन

आस्तियों की प्राप्ति के साथ-साथ देयताओं के निपटान के लिए, वित्तीय आस्तियों एवं वित्तीय देयताओं को समंजन/प्रतितुलन किया जाता है और निवल राशि को समेकित तुलन-पत्र में प्रतिवेदित किया जाता है यदि निर्धारित राशियों को समंजन/प्रतितुलन करने के लिए वर्तमान में प्रवर्तनीय विधिक अधिकार हो और निवल आधार पर निपटान करने का आशय हो।

2.14.6 नकदी एवं नकदी समतुल्य

तुलन पत्र में नकदी एवं नकदी समतुल्य में बैंकों और हाथ में नकदी तथा मूल परिपक्वता के तीन महीने या कम के साथ अल्पावधि जमाराशि, जो मूल्य में परिवर्तन के अमहत्वपूर्ण जोखिमों के अध्यधीन है, समाविष्ट है। नकदी प्रवाह के समेकित विवरणी के प्रयोजन के लिए, नकदी और नकदी समतुल्य में नकदी और अल्पावधि जमाराशियों, यथा उपरि परिभाषित, बकाया बैंक ओवरड्राफ्ट के निवल क्योंकि उन्हें कंपनी के नकदी प्रबंधन का एक अभिन्न अंग माना जाता है समाविष्ट है।

2.15 उधार लागत

उधार लागत को जैसे ही और जब उपगत होती है व्यय किया जाता है, सिवाय इसके कि जहाँ वे प्रत्यक्षतः अर्हक संपत्तियों के अधिग्रहण, निर्माण या उत्पादन के लिए रोप्य होते हैं, अर्थात वे आस्तियाँ जो इसके आशयित उपभोग के लिए तैयार रहने के लिए आवश्यक रूप से पर्याप्त समयावधि लेती है, इस मामले में उस तिथि तक जब अर्हक आस्ति इसके आशयित उपभोग के लिए तैयार हो उन आस्तियों के लागत के भाग के रूप में वे पूँजीकृत किए जाते हैं।

2.16 कराधान

आयकर व्यय तत्काल संदाय योग्य कर और आस्थगित कर के योग को दर्शाता है।

वर्तमान कर एक अवधि के लिए कर-योग्य लाभ (कर हानि) की बाबत देय (अप्रतिसंहरणीय) आयकरों की राशि है। करयोग्य लाभ लाभ और हानि विवरणी तथा अन्य व्यापक आय में यथा ज्ञापित "आयकर पूर्व लाभ" से भिन्न होता है क्योंकि यह आय या व्यय के मदों को जो अन्य वर्षों में करयोग्य या कटौतीयोग्य है को अपवर्जित करता है और यह आगे के मदों जो कभी भी करयोग्य या कटौतीयोग्य नहीं है को अपवर्जित करता है। वर्तमान कर के लिए कंपनी की देयता कर को दरों जो प्रतिवेदित अवधि के अंत में अधिनियमित या विशेष्यतः अधिनियमित किया गया है का उपयोग करते हुए संगणित किया जाता है।

आस्थगित कर देयताएँ प्रायः समस्त कर-योग्य अस्थायी अंतर के लिए निर्धारित किए जाते हैं। आस्थगित कर आस्तियाँ प्रायः समस्त कटौती-योग्य अस्थायी अंतर उस विस्तार तक निर्धारित किए जाते हैं कि यह संभाव्य है कि कर-यो लाभ उपलब्ध होगा जिसके सहारे वे कटौतीयोग्य अस्थायी अंतर का उपयोग किए जा सकते हैं। ऐसी आस्तियाँ और देयताएँ निर्धारित नहीं किए जाते हैं यदि लेन-देन में सदिच्छा से या अन्य आस्तियों और देयताओं के प्रारम्भिक निर्धारण (कारबार संयोजन से भिन्न में) से अस्थायी असमानताएँ उद्भूत होती हैं जो ना तो कर-योग्य लाभ को ना ही लेखांकन लाभ को प्रभावित करती है।

आस्थगित कर देयताएँ अनुषंगियों और एसोसिएटों में निवेशों के साथ सहयुक्त कर-योग्य अस्थायी असमानताओं के लिए निर्धारित किए जाते हैं, सिवाय जहाँ कंपनी अस्थायी असमानताओं के उलटाव को नियंत्रित करने के लिए समर्थ है और यह संभाव्य है कि अस्थायी असमानता पूर्वाभासी भविष्य में फिर से उलटाव नहीं होगा। ऐसे निवेशों और ब्याजों से सहयुक्त कटौतीयोग्य अस्थायी अंतरों से उद्भूत हो रहे आस्थगित कर आस्तियाँ केवल उस विस्तार तक निर्धारित किए जाते हैं कि यह संभाव्य है कि पर्याप्त कर-योग्य लाभ होंगे जिसके सहारे अस्थायी अंतरों की प्रसुविधाएँ उपयोग किए जाएँगे।

आस्थगित कर आस्तियों के वहनीय राशि प्रत्येक प्रतिवेदित अवधि के अंत में पुनर्विलोकित किए जाते हैं और उस विस्तार तक अवनत किए जाते हैं कि यह अधिक संभावी नहीं हो कि समस्त या आस्ति के भाग का प्रत्युद्धरण किया जाना है को अनुज्ञात करने के लिए पर्याप्त कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा। प्रत्येक प्रतिवेदित अवधि के अंत में उस विस्तार तक अनिर्धारित आस्थगित कर आस्तियाँ पुनर्मूल्यांकित की जाती हैं कि यह संभाव्य हो चुका है कि समस्त या आस्थगित कर आस्ति के भाग का प्रत्युद्धरण किया जाना है को अनुज्ञात करने के लिए पर्याप्त कर-योग्य लाभ उपलब्ध होगा।

आस्थगित कर आस्तियाँ और देयताएँ कर दरों पर मापित किए जाते हैं जो उस अवधि जिसमें देयता निपटारित या आस्ति प्राप्त किए जाते हैं में संप्रयोजित करने के लिए प्रत्याशित होते हैं, कर दर (और कर विधियों) पर आधारित जो प्रतिवेदित अवधि के अंत तक अधिनियमित या विशेष्यतः अधिनियमित किये गए हैं।

आस्थगित कर देयताओं और आस्तियों के मापन कर परिणामों को परावर्तित करते हैं जो उस रीति से अनुसारित होते हैं जिसमें कंपनी प्रतिवेदित अवधि के अंत में, इसके आस्तियों और देयताओं के वहनीय राशि के प्रत्युद्धरण या निपटान करने की प्रत्याशा करती है।

वर्तमान और आस्थगित कर लाभ या हानि में निर्धारित किए जाते हैं, सिवाय जब वे मदों से संबंधित होते हैं जो केवल अन्य व्यापक आय या प्रत्यक्षतः साम्या में निर्धारित किए जाते हैं, जिन मामलों में, वर्तमान और आस्थगित कर क्रमशः अन्य व्यापक आय या प्रत्यक्ष साम्या में भी निर्धारित किए जाते हैं। जहाँ एक कारबार संयोजन के लिए प्रारंभिक लेखांकन से वर्तमान कर और आस्थगित कर उद्भूत होता है, कारबार संयोजन के लिए लेखांकन में कर प्रभाव समाविष्ट किया जाता है।

2.17 कर्मी प्रसुविधाएँ

2.17.1 अल्पावधि प्रसुविधाएँ

अल्पावधि कर्मी प्रसुविधाएँ कर्मी प्रसुविधाएँ हैं (पर्यवासन से भिन्न) है जो वार्षिक प्रतिवेदित अवधि जिसमें कर्मीगण संबद्ध सेवा प्रदान करते हैं की समाप्ति के पश्चात के 12 माह पूर्व पूर्णतः निपटारित किए जाने की प्रत्याशा हैं।

अवधि जिसमें कर्मियों द्वारा सेवाएँ दी जाती हैं में समस्त अल्पावधि कर्मी प्रसुविधाएँ निर्धारित किए जाते हैं।

2.17.2 नियोजनोपरांत प्रसुविधाएँ एवं अन्य दीर्घावधि कर्मी प्रसुविधाएँ

2.17.2.1 परिभाषित अंशदान योजना

एक परिभाषित अंशदान योजना एक पश्च-नियोजन प्रसुविधा योजना है जिसके अधीन कंपनी एक पृथक निकाय द्वारा अनुरक्षित निधि में नियत अंशदान का संदाय करती है और अगली राशि के संदाय के लिए कंपनी की कोई विधिक या आन्वयिक दायित्व नहीं होगा। परिभाषित अंशदान योजना में अंशदान के लिए दायित्व अवधि जिसके दौरान कर्मीगण द्वारा सेवाएँ प्रदान की जाती हैं में लाभ और हानि विवरणी में यथा कर्मी प्रसुविधा व्यय निर्धारित किए जाते हैं।

2.17.2.2 परिभाषित प्रसुविधाएँ योजना

परिभाषित प्रसुविधा योजना परिभाषित अंशदान योजना से भिन्न एक पश्च-नियोजन प्रसुविधा योजना है। परिभाषित प्रसुविधा योजनाओं की बावत कंपनी का निवल दायित्व आगत प्रसुविधा की राशि के प्राक्कलन द्वारा संगणना की जाती है जिसे कर्मी ने वर्तमान और पूर्वीक अवधि में अपनी सेवा के बदले उपार्जित किया है। प्रसुविधा, यदि कोई हो, इसके वर्तमान मूल्य को अवधारित करने के लिए बट्टाकृत किया जाता है और योजना आस्तियों के उचित मूल्य द्वारा अवनत किया जाता है। बट्टा दर प्रतिवेदित तिथि को यथा भारत के सरकारी प्रतिभूतियों के प्रचलित बाजार प्रतिफल पर आधारित होते हैं जिसकी कंपनी के दायित्वों के निबंधनों सन्निकटक परिपक्वता तिथि होती है और जिसे उसी मुद्रा में जिसमें प्रसुविधाएँ संदत्त किया जाना प्रत्याशित है मूल्यवर्गित किए जाते हैं।

बीमांकिक मूल्यांकन का आवेदन बट्टा दर, आस्तियों पर प्रतिलाभ का प्रत्याशित दर, आगत वेतन वृद्धि, मृत्यु दर आदि के विषय में अवधारणाएँ निर्माण को अंतर्ग्रस्त करता है। इन योजनाओं के दीर्घावधि प्रकृति के कारण, ऐसे प्राक्कलन अनिश्चितताओं के अध्यधीन होते हैं। पूर्वानुमानित इकाई साख पद्धति का उपयोग करते हुए बीमांकक द्वारा प्रत्येक तुलन पत्र में संगणना संपादित किए जाते हैं। जब संगणना से कंपनी के प्रसुविधा को परिणाम आता है, निर्धारित आस्ति योजना से या योजना के लिए आगत अंशदान में कमी से किसी आगत प्रतिदायों के रूप में उपलब्ध आर्थिक प्रसुविधाओं के वर्तमान मूल्य के लिए सीमित की जाती है। कंपनी के लिए आर्थिक प्रसुविधा उपलब्ध होता है यदि यह योजना के कार्यकाल, या योजना देयताओं के निपटारण के दौरान वसूलीयोग्य होता है।

निवल परिभाषित प्रसुविधा देयता का पुनर्मापण, जो योजना आस्तियों पर प्रत्यागम (ब्याज रहित) और आस्ति सीमा (ब्याज रहित, यदि कोई हो) के प्रभावों को विचार करते हुए बीमांकिक लाभ और हानियों को समाविष्ट करता है तत्काल अन्य व्यापक आय में निर्धारित किए जाते हैं। कंपनी अवधि के दौरान निवल परिभाषित प्रसुविधा देयता (आस्ति) में किसी भी परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए यथा अंशदान और प्रसुविधा संदायों के परिणामस्वरूप, उस निवल परिभाषित प्रसुविधा देयता (आस्ति) को वार्षिक अवधि के प्रारंभ में परिभाषित प्रसुविधा देयता (आस्ति) को मापन करने के लिए प्रयुक्त बट्टा दर के संप्रयोजन द्वारा उस अवधि के लिए निवल परिभाषित प्रसुविधा देयता पर निवल ब्याज व्यय (आय) निर्धारित करती है। परिभाषित प्रसुविधा योजनाओं से संबंधित निवल ब्याज व्यय और अन्य व्यय लाभ और हानि में निर्धारित किए जाते हैं।

जब योजना की सुविधाएँ संवर्धित की जाती हैं, कर्मियों द्वारा पूर्व सेवा से संबंधित वृद्धि हुई प्रसुविधाओं के भाग लाभ और हानि विवरणी में तत्काल यथा व्यय निर्धारित किए जाते हैं।

2.17.3 अन्य दीर्घावधि कर्मी प्रसुविधाएँ

अल्पावधि कर्मी प्रसुविधाओं, पश्च-नियोजन प्रसुविधाओं एवं पर्यवसान प्रसुविधाओं से भिन्न समस्त कर्मी प्रसुविधाएँ अन्य दीर्घावधि कर्मी प्रसुविधाएँ हैं।

अन्य दीर्घावधि कर्मी प्रसुविधाएँ उन मदों को समाविष्ट करती है जिसकी वार्षिक प्रतिवेदित अवधि की समाप्ति के पश्चात जिसमें कर्मीगण संबंधित सेवाएँ देते हैं के बारह माह पूर्व निपटारित न होने की प्रत्याशा की जाती है।

अन्य दीर्घावधि कर्मी प्रसुविधाओं के लिए, लाभ या हानि विवरणी में निम्नलिखित राशियों का निवल कुल निर्धारित किया गया है :

अ. सेवा लागत

आ. निवल परिभाषित प्रसुविधा देयता (आस्ति) पर निवल ब्याज

इ. निवल परिभाषित प्रसुविधा देयता (आस्ति) का पुनःमापन

2.18 विदेशी मुद्रा

आर्थिक परिवेश की प्रधान मुद्रा होने की वजह से कंपनी की प्रतिवेदित मुद्रा और इसके बहुसंख्य संक्रिया के लिए प्रकार्यात्मक मुद्रा भारतीय रुपये (INR) में है जिसमें यह प्रचलित होती है।

लेनदेन की तिथि पर प्रचलित विनिमय दर का उपयोग करते हुए विदेशी मुद्राओं में लेनदेन को कंपनी की प्रतिवेदित मुद्रा में परिवर्तित किया जाता है। प्रतिवेदित अवधि की समाप्ति पर परादेय विदेशी मुद्राओं में मूल्यवर्गित मौद्रिक आस्तियों और देयताओं को प्रतिवेदित अवधि की समाप्ति पर यथा प्रचलित विनिमय दरों में परिवर्तित किया जाता है। अवधि के दौरान या पूर्व वित्तीय विवरणियों में मौद्रिक आस्तियों और देयताओं के निपटान से या उस दर से भिन्न दरों जिसपर आरंभिक निर्धारण पर परावर्तित की गई थी पर मौद्रिक आस्तियों और देयताओं के परावर्तित होने से उद्भूत विनिमय अंतरों को अवधि जिसमें वे उद्भूत हुए है में लाभ और हानि विवरणी में निर्धारित किए जाते हैं।

लेनदेन की तिथि पर प्रचलित विनिमय दरों पर विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित गैर-मौद्रिक मदों को मूल्यांकित किए जाते हैं।

2.19 विपट्टन गतिविधि व्यय या समायोजन

खुली खदान खनन के मामले में, कोयले तक पहुँच तथा इसके निष्कर्षण के लिए खदान अपशिष्ट सामग्रियाँ ("उपरिभार") जो कोयला सीम के शीर्ष पर मृदा और शैल के रूप में होती है को अपसारित करने की आवश्यकता होती है। इस अपशिष्ट हटाव गतिविधि को यथा 'विपट्टन' माना जाता है। खुली खदानों में, कंपनी को खान के सक्रिय प्रयोज्यता / जीवन्तता पर ऐसे व्यय उपगत करना पड़ता है (तकनीकी रूप से अनुमानित)।

अतः, यथा नीति, एक मिलियन टन प्रति वर्ष और उससे अधिक की निर्धारित क्षमता वाले खदानों में, खनन के पश्चात विपट्टन गतिविधि आस्ति और अनुपात-अंतर लेखा में राजस्व को लाया जाता है के लिए सम्यक समायोजन के साथ प्रत्येक खदानों में तकनीकी रूप से मूल्यांकित औसत विपट्टन अनुपात (उपरिभार:कोयला) पर विपट्टन की लागत को भारित किया जाता है

तुलन-पत्र तिथि पर विपट्टन गतिविधि आस्ति एवं अनुपात अंतर के निवल शेष को यथास्थिति अप्रचलित प्रावधानों / अन्य अप्रचलित आस्तियों के मद्द के अधीन यथा विपट्टन गतिविधि समायोजन दर्शित किया जाता है।

आलेखानुसार उपरिभार की प्रतिवेदित परिमाण को उपरिभार हटाव लेखांकन के लिए अनुपात संगणना में विचार किया जाता है, जहाँ प्रतिवेदित परिमाण और मापित परिमाण के बीच का अंतर अनुज्ञेय सीमा, यथा इसके अधीन वर्णित, के अंदर हो :-

खदान की उपरिभार का वार्षिक परिमाण	अंतर की अनुज्ञेय सीमा (%)
1 मि. घनमीटर से कम	+/- 5%
1 से 5 मि. घनमीटर के मध्य	+/- 3%
5 मि. घनमीटर से अधिक	+/- 2%

यद्यपि, जहाँ अंतर अनुज्ञेय सीमाओं यथा उपर्युक्त से अधिक है, मापित परिमाण पर प्रतिफलित किया जाता है।

एक मिलियन टन से कम की निर्धारित क्षमता वाली खानों के मामले में, उक्त नीति उपयोजित नहीं की जाती है और वर्ष के दौरान उपगत विपट्टन गतिविधि की वास्तविक लागत को लाभ और हानि के विवरणी में निर्धारित की जाती है।

2.20 वस्तुसूचियाँ

2.20.1 कोयला स्टॉक

कोयला/कोककारी की वस्तुसूचियाँ कम लागत और निवल वसूलयोग्य मूल्य पर अभिकथित की जाती है। भारित औसत पद्धति का उपयोग करके वस्तुसूचियों के लागतों की संगणना की जाती है। निवल वसूलयोग्य मूल्य वस्तुसूचियों के अनुमानित विक्रय कीमत से सभी अनुमानित पूरण लागतों और विक्रय करने के लिए आवश्यक लागतों को घटाकर व्यपदेशन करता है।

बहीगत कोयला स्टॉक को खाता में विचार किया जाता है जहाँ बहीगत स्टॉक एवं मापित स्टॉक के बीच का अंतर +/- 5% तक है और जहाँ अंतर +/- 5% से अधिक है के मामले में मापित स्टॉक पर विचार किया जाता है। ऐसे स्टॉक निवल वसूलयोग्य मूल्य या लागत जो कम हो पर मूल्यांकित किया जाता है।

कोयला और कोककारी-सूक्ष्मक लागत या निवल वसूलीयोग्य मूल्य के कमतर पर मूल्यांकित और कोयला स्टॉक के अंश के रूप में प्रतिफलित किए जाते हैं।

कर्दम (कोककर/अकोककर), वाशारियों का मिडलिंग और उपोत्पादों का निवल वसूलीयोग्य मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है और कोयला स्टॉक के अंश के रूप में विचार किया जाता है।

2.20.2 भण्डार एवं उपकरणें

Tकेंद्रीय और क्षेत्रीय भंडारों में भण्डारों एवं उपकरणों (जिसमें खुदरा औजारें भी सम्मिलित है) के स्टॉक को समूल्य भण्डार बही में दर्शित शेष के अनुसार विचार किया जाता है और भारित औसत विधि के आधार पर संगणित लागत पर मूल्यांकित किया जाता है। कोलियरी/ उप-भण्डारों/ प्रवेधन कैम्पों/ उपभोगित केन्द्रों में पड़े भण्डारों एवं उपकरणों की वस्तुसूची को प्रत्यक्षतः सत्यापित भण्डारों के अनुसार वर्ष की समाप्ति पर विचार किया जाता है और लागत पर मूल्यांकित किया जाता है।

अनुपयोगी, क्षतिग्रस्त और अप्रचलित स्टोरों और पुर्जों के लिए 100% की दर से और 5 वर्षों से अहस्तांतरित स्टोर और पुर्जों के लिए 50% की दर से प्रावधान बनाए गए हैं।

2.20.3 अन्य वस्तु-सूची

चालू कार्य सहित कर्मशालाएँ जाब को लागत पर मूल्यांकित किया जाता है। प्रिंटिंग प्रेस में प्रेस जाब के स्टॉक (चालू कार्य सहित) एवं स्टेशनरी तथा केंद्रीय अस्पताल में दवाओं को लागत पर मूल्यांकित किए जाते हैं।

यद्यपि, अमहत्त्वपूर्ण मूल्य वाले स्टेशनरी (प्रिंटिंग प्रेस में पड़े के सिवाय), ईटें, रेत, दवा (केंद्रीय अस्पतालों के सिवाय), विमान के कल-पुर्जे और स्क्रैप के स्टॉक को वस्तुसूची में नहीं रखा जाता है।

2.21 प्रावधान, आकस्मिक देयताएँ एवं आकस्मिक आस्तियाँ

प्रावधानों को निर्धारित किया जाता है जब कंपनी के पास विगत घटना के फलस्वरूप वर्तमान दायित्व (विधिक या रचनात्मक) होता है, और यह अधिसंभाव्य है कि दायित्व के निपटान के लिए आर्थिक प्रसुविधाओं के निर्गमन की आवश्यकता होगी और दायित्व की राशि का एक विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है। जहाँ धन का सामयिक मूल्य भौतिक है तब दायित्व के निपटान के लिए प्रत्याशित व्यय के वर्तमान मूल्य पर प्रावधानों को अभिकथित किया जाता है।

प्रत्येक तुलन-पत्र तिथि पर सभी प्रावधानों का पुनर्विलोकन किए जाते हैं और वर्तमान सर्वोत्तम अनुमान को दर्शित करने के लिए समायोजित किए जाते हैं।

जहाँ यह अधिसंभाव्य नहीं होता है कि आर्थिक प्रसुविधाओं को निर्गमन की आवश्यकता होगी, या राशि को अनुमान स्थिरता से नहीं लगाया जा सकता है तब दायित्व को यथा आकस्मिक देयता प्रकटन किया जाता है, जबतक कि आर्थिक प्रसुविधाओं के निर्गमन की अधिसंभाव्यता दूरस्थ न हो। अधिसंभाव्य दायित्वों, जिसका अस्तित्व एक या अधिक भविष्यत् अनिश्चित घटनाओं जो पूर्णतः कंपनी के नियंत्रण में न हो के घटित या अघटित होने के द्वारा केवल सुनिश्चित किया जाएगा, उसे यथा आकस्मिक देयताएँ भी प्रकटन किया जाता है जब तक कि आर्थिक प्रसुविधाओं का निर्गमन की अधिसंभाव्यता दूरस्थ न हो।

वित्तीय विवरणी में आकस्मिक आस्तियों को निर्धारित नहीं किया जाता है। तथापि, जब आय की वसूली अर्थतः निश्चित होती है तब संबद्ध आस्ति एक आकस्मिक आस्ति नहीं होती है और इसका निर्धारण समुचित होती है।

2.22 अर्जन प्रति शेयर

प्रति शेयर मूल अर्जन अवधि के दौरान बकाया साम्या शेयर के भारित औसत संख्या को करोपरांत निवल लाभ से विभाजित कर संगणना की जाती है। प्रति शेयर तनुकृत अर्जन को मूल अर्जन प्रति शेयर को व्युत्पन्नित करने और भी साम्या शेयरों की भारित औसत संख्या जो समस्त तनुकृत रूपक संभाव्य साम्या शेयरों के रूपांतरण के लिए निर्गत किए गए हैं से प्रतिफलित साम्या शेयरों की भारित औसत संख्या को करोपरांत लाभ से विभाजित कर संगणना की जाती है।

2.23 निर्णय, प्राक्कलन एवं ग्रहण

भारतीय लेखांकन मानक के साथ अनुरूपता में वित्तीय विवरणी की निर्मिति में प्रबंधन को प्राक्कलनों, निर्णयों और ग्रहणों जो आस्तियों एवं देयताओं के लेखांकन नीतियों एवं प्रतिवेदित राशियों के अनुप्रयोग, वित्तीय विवरणी की तिथि पर आकस्मिक आस्तियों एवं देयताओं का प्रकटीकरण तथा प्रतिवेदित अवधि के दौरान राजस्व और व्यय की राशि को प्रभावित करती है के निर्माण करने की आवश्यकता होती है। जटिल और विषयपरक निर्णयों वाले लेखांकन नीतियों के अनुप्रयोग और इन वित्तीय विवरणों में ग्रहणों के उपयोग का प्रकटन किया गया है। लेखांकन प्राक्कलनें समय-समय पर परिवर्तित हो सकते हैं। वास्तविक परिणाम प्राक्कलनों से भिन्न हो सकते हैं। प्राक्कलनों और अंतर्निहित ग्रहणों का पुनर्विलोकन सतत आधार पर किया जाता है। अवधि जिसमें प्राक्कलन परिशोधित किए जाते है में लेखांकन प्राक्कलनों के लिए परिशोधनों को निर्धारित किए जाते हैं और, यदि तात्विक हो, इनके प्रभावों को वित्तीय विवरणियों के टिप्पणियों में प्रकटन किए जाते हैं।

2.23.1 निर्णय

कंपनी के लेखांकन नीतियों के संप्रयोजन की प्रक्रिया में, प्रबंधन ने निम्नलिखित निर्णय लिए है जिनका वित्तीय विवरणी में निर्धारित राशियों पर अति विशिष्ट प्रभाव है।

2.23.1.1 लेखांकन नीतियों का निरूपण

लेखांकन नीतियाँ इस तरीके से विनिर्मित की जाती है कि, जिसके परिणामस्वरूप लेनदेनों, अन्य घटनाओं और दशाओं के बारे में सुसंगत और विश्वसनीय संसूचना से युक्त वित्तीय विवरणी में परिणाम होता है जिन पर वे संप्रयोजित होते हैं। उन नीतियों को संप्रयोजित करने की आवश्यकता नहीं है जब उन्हें संप्रयोजन करने का प्रभाव महत्वहीन हो।

भारतीय लेखांकन नीति की अनुपस्थिति में जो विनिर्दिष्टतः किसी लेनदेनों, अन्य घटनाओं या दशाओं के लिए संप्रयोजित होती है, प्रबंधन ने लेखांकन नीति के विकास और संप्रयोजन में अपना निर्णय प्रयोग किया है जो संसूचनाओं में यथा परिणाम देता है :

प्रयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णय-निर्माण जरूरतों के लिए सुसंगत और उस वित्तीय विवरणी में विश्वसनीय होता है :

(i) कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन और नकदी प्रवाह को निष्ठापूर्वक व्यपदिष्ट करता है; (ii) लेनदेनों, अन्य दशाओं और घटनाओं के आर्थिक उपादान को परावर्तीत करती है और केवल विधिक रूप को नहीं; (iii) तटस्थ रहता है, अर्थात् पूर्वाग्रह से मुक्त; (iv) प्रबुद्ध होता है और (v) अविरूद्ध आधार पर समस्त तात्विक विषयों में पूर्ण होते हैं।

निर्णय निर्माण में, प्रबंधन अवरोही क्रम में निम्नलिखित स्रोतों की संप्रयोज्यताओं को निदिर्ष्ट और विचार करती है :

अ. एक समान और संबंधित विवाद्यकों की कार्यवाही में भारतीय लेखांकन मानकों की आवश्यकताएँ।

आ. रूपरेखा में आस्तियों, देयताओं, आय और व्यय के लिए परिभाषाएँ, निर्धारण मानदंड और मापन संकल्पना।

निर्णय निर्माण में, प्रबंधन अंतरराष्ट्रीय लेखांकन मानक बोर्ड की हाल की घोषणा को प्रतिफलित करती है और इसके अनुपस्थिति में उन अन्य मानक-समायोजक निकायों के जो उस विस्तार तक लेखांकन मानकों, अन्य लेखांकन साहित्य और स्वीकृत उद्यम प्रथाओं को विकसित करने के लिए समरूप संकल्पित रूपरेखा का प्रयोग करते हैं जो उपर्युक्त पैरा में स्रोतों के साथ संघर्ष नहीं करते हो।

कंपनी खनन सेक्टर में संचालन करती है (जहाँ गवेषण, मूल्यांकन, विकास उत्पादन चरणें दशकों से चालू अवधि वाले पट्टा में विस्तृत विविधि स्थलाकृति और भूखननीय भूभाग पर आधारित हैं), विगत कई दशकों से इसके अविरुद्ध अनुप्रयोगों के ऋणी होते हुए अनुसंधान समितियों द्वारा आलंबित एवं विभिन्न विनियामकों द्वारा अनुमोदित लेखांकन नीतियों जिसका विशिष्ट उद्दयम प्रथाओं पर आधारित होता है को विकसित किया गया है। कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में विशिष्ट लेखांकन साहित्य, मार्गदर्शन, और मानकों की अनुपस्थिति में जो उत्क्रमण की प्रक्रिया में हैं। कंपनी लेखांकन साहित्य के विकास के क्रम में लेखांकन नीतियों को विकसित करने का प्रयास जारी रखती है और उसमें किसी भी विकास को विशेष रूप से भारतीय लेखांकन मानक 8 में ऊपर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भूतलक्षी प्रभाव से हिसाब लगाया जाएगा।

वित्तीय विवरणियों को लेखांकन के उपचय आधार का प्रयोग करते हुए चालू समुत्थान आधार पर तैयार किए जाते हैं।

2.23.1.2 तात्विक्ता

भारतीय लेखांकन मानक मदों के लिए जो तात्विक है को संप्रयोजित करता है। प्रबंधन निर्णय का उपयोग यह विनिश्चित करने में करता है कि क्या व्यष्टि मद या मदों के समूह वित्तीय विवरणों में तात्विक हैं। मद की प्रकृति या महता या दोनों के संदर्भ द्वारा तात्विक्ता को परखा जाता है। विनिश्चयन कारक यह है कि क्या किसी संसूचना को लोप या मिथ्या कथन या अस्पष्ट करना वैयक्तिक रूप से या अन्य संसूचना के संयोजन में उन निर्णयों जो प्राथमिक उपभोक्ताएँ वित्तीय विवरणी के आधार पर पर निर्मित करते हैं को संयुक्त रूप से प्रभावित कर सकता है। भारतीय लेखांकन मानक के आवश्यकता अनुरूप अवधारित करने के लिए प्रबंधन तात्विक्ता के निर्णय का भी प्रयोग करती है। इसके अतिरिक्त, कंपनी को विधि द्वारा आवश्यक होने पर पृथक्तः अतात्विक मदों को प्रस्तुत करने की भी आवश्यकता हो सकती है।

01.04.2019 से प्रभावी पूर्व अवधियों से संबंधित वर्तमान वर्ष में खोजी गई भूलें/चूकें यथा अतात्विक माने जाते हैं और वर्तमान वर्ष में समायोजित किए जाते हैं, यदि कंपनी के अंतिम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणी के अनुसार कुल मिलाकर समस्त ऐसी भूलें और चूकें परिचालन से कुल राजस्व के 1% से अधिक नहीं होती हो।

2.23.2 प्राक्कलन एवं ग्रहण

प्रतिवेदित तिथि पर प्राक्कलन अनिश्चितता के आगत और अन्य प्रमुख स्रोतों के मद्धे प्रमुख ग्रहणों, जिसमें आगामी वित्तीय वर्ष में आस्तियों और देयताओं के वहनीय राशि के वास्तविक समायोजन के कारण एक विशिष्ट जोखिम है, नीचे वर्णित है। जब समेकित वित्तीय विवरणी की विनिर्मिति किए जाते थे तब कंपनी ने उपलब्ध मापदण्डों पर अपने ग्रहणों और प्राक्कलनों को आधारित किया। आगत विकास को लेकर विदद्यमान परिस्थितियों और ग्रहणों, यद्यपि बाजार परिवर्तनों या उद्भूत परिस्थितियों, जो कंपनी के नियंत्रण से बाहर होते हैं, के कारण परिवर्तित हो सकते हैं। ऐसे परिवर्तन जब वे घटित होते हैं ग्रहणों में परावर्तित होते हैं।

2.23.2.1 गैर-वित्तीय आस्तियों की क्षति

हानि का एक उपदर्शन है यदि, किसी आस्ति या नकदी जनन इकाई का वहनीय मूल्य उसकी प्रत्युद्धरणीय राशि से अधिक है, जो कि इसके उचित मूल्य से अधिक है, निपटान की लागत और उपयोग में इसके मूल्य से अधिक है। कंपनी हानि के परीक्षण के प्रयोजन के लिए व्यष्टि खानों को यथा पृथक नकदी जनन इकाइयाँ प्रतिफलित करती है। संगणना में प्रयुक्त मूल्य एक डीसीएफ प्रतिरूप पर आधारित है। नकदी प्रवाह अगले पांच वर्षों के लिए बजट से लिया गया है और इसमें पुनर्गठन गतिविधियों को सम्मिलित नहीं किया गया है जिसके लिए कंपनी अभी तक प्रतिबद्ध नहीं है या महत्वपूर्ण भविष्य के निवेश जो परीक्षण किए जा रहे सीजीयू के आस्ति के प्रदर्शन को बढ़ाएंगे। प्रत्युद्धरणीय राशि डीसीएफ मॉडल के लिए प्रयुक्त बट्टा दर के साथ-साथ बहिर्वेशन के प्रयोजनार्थ प्रयुक्त प्रत्याशित भावी नकदी-अंतर्वाह और वृद्धि दर के प्रति संवेदनशील है। ये अनुमान अन्य खनन अवसंरचना के लिए सबसे अधिक प्रासंगिक हैं। भिन्न-भिन्न सीजीयू के लिए प्रत्युद्धरणीय राशि अवधारित करने के लिए प्रयुक्त प्रमुख ग्रहणों का प्रकटन किया गया है और आगे संबंधित टिप्पणियों में व्याख्या किया गया है।

2.23.2.2 कर

आस्थगित कर आस्तियों को अप्रयुक्त कर हानियों के लिए इस विस्तार तक निर्धारित की जाती है कि यह अधिसंभाव्य है कि कर-योग्य लाभ उपलब्ध होगा जिसके विरुद्ध हानियों की उपयोगिता सिद्धि की जा सकती है। संभावित समय और भविष्य के कर-योग्य लाभ के स्तर के साथ-साथ भविष्य की कर योजना रणनीतियों के आधार पर, आस्थगित कर आस्तियों की राशि निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रबंधन निर्णय की आवश्यकता होती है।

2.23.2.3 परिभाषित प्रसुविधा योजनाएँ

परिभाषित प्रसुविधा योजना और अन्य पश्च-नियोजन चिकित्सा प्रसुविधाओं की लागत और दायित्वों का वर्तमान मूल्य बीमांकिक मूल्यांकन का उपयोग करके निर्धारित किया जाता है। एक बीमांकिक मूल्यांकन में विभिन्न ग्रहणों को सृजित करना सम्मिलित है जो भविष्य में वास्तविक विकास से भिन्न हो सकती हैं। इनमें बट्टा दर, भविष्यत् वेतन वृद्धि और मृत्यु दर के निर्धारण सम्मिलित हैं।

मूल्यांकन और इसकी दीर्घकालिक प्रकृति में सम्मिलित जटिलताओं के कारण, एक परिभाषित प्रसुविधा दायित्व इन ग्रहणों में परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। प्रत्येक प्रतिवेदित तिथि पर सभी ग्रहणों की समीक्षा की जाती है। सबसे अधिक परिवर्तन के अध्यधीन मापदंड बट्टा दर है। भारत में परिचालित परियोजनाओं के लिए उचित बट्टा दर का निर्धारण करने में, प्रबंधन पश्च-नियोजन प्रसुविधा दायित्व की मुद्राओं के अनुरूप मुद्राओं में सरकारी बॉडों की ब्याज दरों को प्रतिफलित करती है।

मृत्यु दर देश की सार्वजनिक रूप से उपलब्ध मृत्यु दर तालिकाओं पर आधारित है। जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के प्रत्युत्तर में अंतराल पर ही उन मृत्यु दर तालिकाओं में परिवर्तन होता है।

2.23.2.4 वित्तीय लिखत का उचित मूल्य मापन

जब तुलन पत्र में अभिलेखित वित्तीय आस्तियों और वित्तीय देयताओं के सक्रिय बाज़ारों में उद्धृत कीमतों के आधार पर उचित मूल्य मापित नहीं किए जा सकते हैं, डीसीएफ प्रतिरूप को समाविष्ट करते हुए सामान्यतः स्वीकृत मूल्यांकन तकनीकों का प्रयोग करते हुए उनके उचित मूल्य मापन किया जाता है। जहाँ संभव हो संप्रेक्षण योग्य बाज़ारों से इन प्रतिरूपों की निविष्टियाँ ली जाती हैं, लेकिन जहाँ यह साध्य नहीं है, उचित मूल्यों के स्थापन में निर्णय की प्रास्थिति की आवश्यकता होती है। निर्णयों में निविष्टियों के प्रतिफलों जैसे कि चलनिधि जोखिम, साख जोखिम, अस्थिरता और अन्य सुसंगत निविष्टि/प्रतिफलों को समाविष्ट करती है। इन कारकों के बारे में ग्रहणों और प्राक्कलनों में परिवर्तनें वित्तीय लिखतों के प्रतिवेदित उचित मूल्य को प्रभावित करती है।

2.23.2.5 विकास के अधीन अमूर्त आस्ति

कंपनी लेखांकन नीति के अनुसार परियोजना के लिए विकास के अधीन अमूर्त आस्ति को पूँजीकृत करती है। लागतों का प्रारम्भिक पूँजीकरण प्रबंधन के निर्णयों पर आधारित होता है जिसका तकनीकी और आर्थिक साध्यता पुष्ट किया जाता है, प्रायः तब जब एक परियोजना प्रतिवेदन विनिर्मित और अनुमोदित की जाती है।

2.23.2.6 खान संवरण, स्थल पुनरूद्धार एवं अप्रवर्तन दात्यिव के लिए प्रावधान

